CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 17°C
तापमान

सेंसेक्स 76,295.36
निफ्टी 23,250.10

सोना 93,110
चांदी 1,03,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 153 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 शव्वाल 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## थाईलैंड में दुनिया की सबसे यंग पीएम से मिले मोदी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी एशियाई क्रिकेट परिषद की कमान संभालेंगे

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# वक्फ बिल राज्यसभा में पेश, चर्चा जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। इस पर दोपहर एक बजे से चर्चा हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा।

नड्डा ने कहा कि हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है, यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एयर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने नहीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया।



■ नड्डा बोले- विपक्ष राम मंदिर, कुंभ, बिहार इलेक्शन पर बोल रहा, ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश

## भाजपा के हमले का आक्रामक जवाब जरूरी: सोनिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने कहा है कि सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसकी इसी रणनीति का हिस्सा हैं। श्रीमती गांधी ने कहा कि भाजपा के सदस्य संसद में कांग्रेस शासित राज्यों के मुद्दों पर तीखा हमला करते हैं, इसलिए पार्टी सांसदों को भी भाजपा शासित राज्यों में उसकी विफलता को लेकर सदन में ही करारा जवाब देना चाहिए। संसदीय दल की इस बैठक में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे। कांग्रेस संसदीय दल की नेता ने अपने संबोधन में कहा कि वक्फ विधेयक को लोकसभा में जबरन पारित किया गया। इस विधेयक को लेकर हमारी पार्टी का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि यह संविधान पर हमला है।

# राहुल का सरकार पर हमला

■ कहा: चीन हमारी जमीन पर कब्जा कर चुका है, सरकार क्या कर रही है

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि चीन भारत के चार हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में घुस आया है, लेकिन हमारे राजदूत चीन के नेताओं के साथ केक काटते देखे गए हैं।

श्री गांधी ने लोकसभा में शून्य काल में इस मुद्दे पर सरकार से सवाल किया कि चीन द्वारा कब्जाई जमीन को वापस लेने के लिए वह क्या कर रही है? मैं इस बात को लेकर बहुत हैरान हूं कि चीन हमारी जमीन पर कब्जा किए बैठा है और हमारे विदेश सचिव चीन के राजदूत के साथ कुछ समय पहले केक काटते देखे गए। हमारे जवान शहीद हुए थे, उनकी शहादत का जश्न मनाया जा रहा है, केक काटकर। हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सामान्य स्थिति से पहले हमें हमारी जमीन वापस मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक बार कहा था कि वह विदेश नीति के मामले में न तो बाएं झुकेंगी और न ही दाएं झुकेंगी, वह भारतीय हैं, वह सीधी खड़ी होंगी। हम सब इतिहास जानते हैं, जब भाजपा और आरएसएस से ऐसा ही सवाल पूछा जाएगा, तो वे सामने वाले के आगे सिर झुका लेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे सहयोगी (अमेरिका) ने अचानक हमारे ऊपर 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया है। इससे हमारी अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ेगा।

## मुंबई में लॉरेंस गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार हथियार बरामद

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से लॉरेंस गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें संदेह है कि गैंग के निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने लारेंस गैंग के सदस्यों को शनिवार को हिरासत में लिया। उनके हथियार ले जाने के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है। गिरफ्तार लोगों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सुमित कुमार और विकास हिस्ट्रीशीटर हैं। दरअसल, लॉरेंस गैंग की तरफ से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में गैंग के 5 सदस्यों की गिरफ्तारी और उनके पास से हथियार बरामद होने के बाद इसे सलमान खान की सुरक्षा के लिए बड़े खतरे के रूप में भी देखा जा रहा है।

## लंदन से मुंबई आ रही फ्लाइट की तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** लंदन से मुंबई आ रही वर्जिन अटलांटिक फ्लाइट ने तुर्की में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। इसके चलते 200 से ज्यादा भारतीय पैसेंजर 16 घंटे से ज्यादा समय से फंसे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लेन नंबर टै 358 के एक पैसेंजर को पैनिक अटैक आ गया था। इस मेडिकल इमरजेंसी के चलते तुर्की के दियारबकिर एयरपोर्ट पर विमान लैंड हुआ था। ये एयरपोर्ट ऐसी फ्लाइट की लैंडिंग के लिए उपयुक्त नहीं है। पैसेंजर्स को बताया गया कि लैंडिंग के दौरान प्लेन में टेक्निकल खामी भी आ गई। एक पैसेंजर ने बताया कि उन्हें नहीं पता है उनकी आगे की यात्रा कैसे होगी, क्योंकि वर्जिन अटलांटिक ने अब तक उनके लिए दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था नहीं की है।

## फर्जी कॉल करने वाले शख्स को दो साल का कारावास

**मुंबई।** मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने गुरुवार को मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष को फर्जी कॉल करने के जुर्म में एक शख्स को दो साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जान को खतरा होने की चेतावनी दी गई थी। आरोपी को दोषी ठहराते हुए अदालत ने बचाव पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया कि आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर है और कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा दिए गए सबूतों से यह स्पष्ट है कि आरोपी ने मुख्य नियंत्रण कक्ष को धमकी देकर सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश की। आरोपी कामरान खान (29) ने 20 नवम्बर 2023 को पुलिस नियंत्रण कक्ष में यह कॉल किया था। अदालत ने आरोपी कामरान खान को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया।

# ट्रम्प टैरिफ युद्ध: भारत को 26 और चीन को 34% का झटका

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने दुनिया पर चलाया टैरिफ का चाबुक

वाशिंगटन/नई दिल्ली, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में बड़ा कदम उठाते हुए भारत पर 26 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के अनुसार बुधवार देर रात व्हाइट हाउस रोज गार्डन में एक भाषण के दौरान भारत और चीन पर बड़े पैमाने पर रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाने की घोषणा की है।

उन्होंने इसे डिस्काउंटेड करार दिया क्योंकि ये दरें उन शुल्कों का लगभग आधा हैं, जो उनके अनुसार ये देश अमेरिका से वसूलते हैं। नई दरों के अनुसार, भारत पर 26 प्रतिशत और चीन पर 34 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा। श्री ट्रम्प ने कहा कि भारत अमेरिका से विभिन्न आयातों पर 52 प्रतिशत शुल्क लेता है। उन्होंने कहा कि उनके प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) हाल ही में यहां से गए हैं। वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे उसका आधा 26 प्रतिशत वसूलेंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति ट्रम्प ने यूरोपीय संघ से आयात पर 20 प्रतिशत, ब्रिटेन पर 10 प्रतिशत, जापान पर 24 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, ताइवान पर 32 प्रतिशत, थाइलैंड पर 36 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड पर 31 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, मलेशिया पर 24 प्रतिशत, कंबोडिया पर 49 प्रतिशत, दक्षिण अफ्रीका पर 30 प्रतिशत, ब्राजील पर 10 प्रतिशत, बंगलादेश पर 37 प्रतिशत, सिंगापुर पर 10 प्रतिशत, इजराइल पर 17 प्रतिशत, फिलिपींस पर 17 प्रतिशत, चिली पर 10 प्रतिशत, -शेष पृष्ठ दो पर




■ ट्रम्प ने कहा: भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे उसका आधा 26 प्रतिशत वसूलेंगे

■ अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को बताया अपना दोस्त

## अमेरिका की प्रशुल्क-कार्रवाई के असर, अवसर की जांच कर रहा भारत: वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत के खिलाफ जवाबी आयात शुल्क लागू करने के कार्यकारी आदेश और अन्य घोषणाओं के संभावित प्रभावों की सावधानी पूर्वक जांच कर रहा है और इससे उत्पन्न होने वाले अवसरों का भी अध्ययन कर रहा है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति की घोषणाओं के अनुसार भारत पर अतिरिक्त शुल्क 27 प्रतिशत लगाया गया है। राष्ट्रपति ट्रम्प की घोषणाओं पर भारत की यह पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत अमेरिका के साथ अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी को महत्व देता है और उसके साथ मिल कर काम करने को प्रतिबद्ध है, ताकि इससे दोनों देशों के लोगों को लाभ हो। विज्ञप्ति में कहा कि वाणिज्य विभाग अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए गए विभिन्न उपायों/घोषणाओं के प्रभावों की सावधानीपूर्वक जांच कर रहा है। विकसित भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, विभाग भारतीय उद्योग और निर्यातकों सहित सभी हितधारकों के साथ मिलकर अतिरिक्त शुल्क के बारे में उनके आकलन पर प्रतिक्रिया ले रहा है।

# दिल्ली में पटाखा बैन पर ढील देने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा: वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से खतरनाक बना हुआ है, सभी एयर प्यूरीफायर नहीं लगा सकते**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखे बनाने, स्टोर करने और बेचने पर लगे प्रतिबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया।

जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से खतरनाक बना हुआ है। आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता है और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। पीठ ने कहा कि हर कोई अपने घर या ऑफिस में एयर प्यूरीफायर नहीं लगा सकता। जब तक कोर्ट इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से बहुत कम प्रदूषण होता है, तब तक पिछले आदेशों पर पुनर्विचार करने का सवाल ही नहीं उठता। सुनवाई के दौरान निजी रूप से पेश इंजीनियर मुकेश जैन ने कहा कि पटाखे पर पाबंदी का फैसला ठीक नहीं है। पटाखे पर्यावरण साफ करते हैं। उन्होंने दलील दी कि पटाखे पर बैन अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र का हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने 12 दिसम्बर, 2024 को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर साल भर के लिए पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। कोर्ट 1985 में दायर एमसी मेहता की याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण रोकने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है।

# संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे सुप्रीम कोर्ट के जज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ संपत्ति की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड होगी

**नई दिल्ली।** न्यायपालिका में पारदर्शिता और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है।

जजों ने यह भी कहा कि संपत्तियों से जुड़ी डिटेल सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। हालांकि वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक होगी। सुप्रीम कोर्ट में जजों की निर्धारित संख्या 34 है। फिलहाल यहां 33 जज हैं, एक पद खाली है। इनमें से 30 जजों ने अपनी संपत्ति का घोषणा-पत्र कोर्ट में दे दिया है। हालांकि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। यह फैसला दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कैश मिलने के विवाद के बाद लिया गया है। जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लगी थी। फायर सर्विस टीम को वहां अधजले नोट मिले थे। याद रहे कि 1997 में, तत्कालीन सीजेआई जेएस वर्मा ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें जजों से अपेक्षा की गई कि वे अपनी संपत्ति की घोषणा चीफ जस्टिस को करें। हालांकि यह घोषणा सार्वजनिक नहीं की जानी थी।

# चुनौतियों के समाधान की योजना बनाए सेना: राजनाथ

■ कहा: वर्तमान दुनिया एक-दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया है

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों से बदलते भू-रणनीतिक बदलावों और अनिश्चितताओं से भरे वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक और अल्पकालिक चुनौतियों के समाधान की योजना बनाने को कहा है।

श्री सिंह ने सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भू-रणनीतिक अनिश्चितताओं और जटिल विश्व स्थिति वैश्विक स्तर पर सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दुनिया एक दूसरे से जुड़ी हुई दुनिया है और ऐसी घटनाएं चाहे हमारे पड़ोस में हो या दूर के देशों में, सभी को प्रभावित करेंगी।

# अनिल अंबानी पर 25000 का जुर्माना

मुंबई, वार्ता

■ हाईकोर्ट ने अंबानी के वकील को कड़ी फटकार लगाई

**बॉम्बे हाईकोर्ट** ने उद्योगपति अनिल अंबानी पर अप्रैल 2022 में आयकर विभाग की ओर से जारी नोटिस को चुनौती देने वाली अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करने पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

एक वकील ने यहां यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति महेश एस. सोनक और न्यायमूर्ति जितेंद्र एस. जैन की पीठ ने हाल ही में अंबानी के वकील गुंजन कक्कड़ को सुनवाई के दौरान कड़ी फटकार लगाई और कहा कि श्री अंबानी के वकील ने मामले को तत्काल सुनवाई के लिए अब लिखित अनुरोध किया है, जबकि नोटिस 12 अप्रैल, 2022 को जारी किया गया था। पीठ ने कहा कि मामले को तत्काल प्रसारित करने या सुनवाई की सुविधा 'ऐसी कृत्रिम तात्कालिकता पैदा करके लागू नहीं की जा सकती। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि इसके अलावा, अदालत में कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी गई है, जिसे लेकर याचिकाकर्ता ने न्यायालय में उस समय याचिका दायर की है, जब 31 मार्च, 2025 तक मूल्यांकन की समय सीमा समाप्त होने की संभावना है।

# 25,753 शिक्षकों की बर्खास्तगी का आदेश बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**ममता को बड़ा झटका**



■ सुप्रीम कोर्ट बोला: सिलेक्शन प्रोसेस गलत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। पश्चिम बंगाल में एसएससी ने 2016 में 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षकों की नियुक्ति की थी।

हाईकोर्ट ने इन नियुक्तियों को अवैध करार देते हुए कर्मचारियों को बर्खास्त किया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की जांच को सही माना और कहा कि पूरी प्रक्रिया में धोखाधड़ी की गई। इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। मामले पर सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिकाएं दायर की गई थीं। इसके साथ ही सीबीआई जांच के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 4 अप्रैल को सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पश्चिम बंगाल भाजपा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की है।

## व्यक्तिगत तौर पर फैसला स्वीकार नहीं: ममता बनर्जी



सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ देर बाद ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बयान आया। ममता ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं करती हैं, लेकिन उनकी सरकार इसे लागू करेगी और चयन प्रक्रिया को फिर से दोहराएगी। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या विपक्षी भाजपा और सीपीएम चाहते हैं कि बंगाल की शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो जाए। उन्होंने कहा कि इस देश के नागरिक के रूप में, मेरे पास हर अधिकार है और मैं जजों के प्रति सम्मान के साथ इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। मैं मानवीय दृष्टिकोण से अपनी राय व्यक्त कर रही हूं। गलत सूचना न दें या भ्रम पैदा न करें। सरकार फैसले को स्वीकार करती है। स्कूल सेवा आयोग से भर्ती प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए कहा है।

खूनी व बादी बवासीर, गठिया बाय, हर प्रकार का दर्द, कहीं भी हो, कैसा भी हो, एलर्जी, पुराना नज़ला, छींके, बिस्तर पर पेशाब, ल्यूकोरिया, सेहत बनाई या वजन घटाएँ, सांस, दमा, झाइयाँ, मुंहासे व गंजापन का पक्का इलाज, शराब व हर प्रकार का नशा छुड़ाऐ



निःसंतान दंपत्ति एक बार अवश्य मिलें

डा. शाइस्ता अंसारी

Mob. 9897147171

Follow us on :
facebook, You tube, insta, whatsup

सरवट फाटक, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

# सरकार की नजर वक्फ की संपत्ति पर: हुसैन

नई दिल्ली, वार्ता

राज्यसभा में गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन ने केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर देश में ध्रुवीकरण की राजनी. ति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार यह विधेयक सिर्फ वक्फ की संपत्ति को हड़पने के लिए लेकर आई है, जबकि भाजपा के राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि इसका उद्देश्य वक्फ द्वारा किसी की संपत्ति पर दावा करने से रोकना और वक्फ की संपत्तियों का गरीब मुस्लिमों के उत्थान के लिए उपयोग करना है।



■ बीजेपी देश में कर रही ध्रुवी करण की राजनीति

हुसैन ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2025 पर चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि 1995 में और वर्ष 2013 में जब इससे जुड़े विधेयक लाए गए थे, तब भाजपा ने समर्थन किया था। उन्होंने सवाल किया कि भाजपा ने इसका क्यों समर्थन किया था और इसको सर्वसम्मति से पारित क्यों किया गया था। वर्ष 2009 में भाजपा ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में इससे जुड़ी एक समिति की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उसको लागू करने की बात कही थी। वर्ष 2013 में कांग्रेस सरकार ने उस समित और सच्चर समिति की रिपोर्ट को मिलाकर संशोधन किया था और उसका भाजपा ने समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 तक केन्द्र में रही मोदी सरकार को यह समक्ष नहीं आया कि वक्फ कानून तुष्टीकरण वाला कानून है। वर्ष 2024 में जब भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 सीटें नहीं जीत पाई और उसको 240 सीटें मिली तो इस संशोधन को लेकर आ गई ताकि ध्रुव. ीकरण किया जा सके और धर्म की राजनीति की जा सके। उन्होंने इस विधेयक को मुस्लिम समुदाय को बदनाम करने वाला बताते हुए कहा कि वक्फ कानून को लेकर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुयक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट को सदन में रखा जाना चाहिए कितने लोग विरा. ेध में थे और कितने लोग पक्ष में थे यह पता चल सके। समिति की सिफारिशों में विरोधी सदस्यों की बातें नहीं है। समिति की बैठक में अनुच्छेदों पर चर्चा नहीं की गई। समिति ने सर्वसम्मति से सिफारिश नहीं की बल्कि समर्थकों सदस्यों ने इसको जोर डालकर मंजूर कर दिया। यह सिर्फ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसदों की सिफारिश थी। उन्होंने कहा कि यह संशोधन संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि देश के सभी धर्मों के लिए एक समान कानून होनी चाहिए। सभी धर्मों के लिए कानून बनाया जाना चाहिए, लेकिन उससे पर्सनल लॉ बोर्ड को अलग रखा जाना चाहिए। एक समुदाय को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि दान के विचार हर धर्म में है।

# टैरिफ का दूसरे देशों के मुकाबले भारत पर असर कम: नायर

नई दिल्ली, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ लगाए जाने को लेकर भारतीय उद्योग जगत ने गुरुवार को अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इस शुल्क का दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत पर कम असर पड़ेगा।

वाणिज्य एवं उद्योग संगठन एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने गुरुवार को कहा कि ट्रम्प द्वारा कल रात घोषित किए गए नए टैरिफ वैश्विक व्यापार और विनिर्माण मूल्य श्रंखलाओं में एक बड़े रीअलाइनमेंट का कारण बन सकते हैं। हालांकि भारत पर इन टैरिफ का प्रभाव अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अपेक्षाकृत कम होने की संभावना है। नायर ने कहा कि भारत को 10 प्रतिशत बेसलाइन ड्यूटी के अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क के साथ मध्य स्तर पर रखा गया है। इसके वास्तविक प्रभाव का मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। फिर भी कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि अमे.



रिकी बाजार में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता पर तुलनात्मक आधार पर कम असर पड़ेगा। हमारे उद्योग को निर्यात दक्षता और मूल्यवर्धन को बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए, ताकि इन टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सके। एसोचैम अध्यक्ष ने यह भी बताया कि अधिकांश अमेरिकी व्यापार साझेदार देश पारस्परिक शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने की योजना बना रहे हैं, जिससे कोई भी देश विशेष लाभ की स्थिति में नहीं होगा। इसका परिणाम उपभोक्ताओं पर अधिक कीमतों के रूप में पड़ सकता है, जिससे महंगाई का दबाव बढ़ेगा। नायर ने कहा कि हम वैश्विक प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन भारत के लिए आगे का रास्ता एक त्वरित वरीयता व्यापार समझौता (प्रेफरेंशियल ट्रेड डील) हो सकता है। राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का सम्मान करते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए यह समझौता संभव हो सकता है। भारत के उद्योग जगत को इस मामले में सरकार के साथ मिलकर काम करना होगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि 26 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ के प्रभाव का विश्लेषण करने से यह स्पष्ट होता है कि भारत की स्थिति अन्य प्रमुख प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर है। उन्होंने बताया कि भारत पर 26 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, चीन पर 34 प्रतिशत और इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है।

### शुल्कों की संभावनाएं भी हो जाएंगी कम

भारत वियतनाम, चीन, इंडोनेशिया, बंगलादेश, श्रीलंका और म्यांमार जैसे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अपेक्षाकृत अनुकूल स्थिति में है। रल्हन ने यह भी कहा कि परिधान, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, प्लास्टिक और फर्नीचर जैसे कुछ क्षेत्रों में निर्यात का डायवर्जन हो सकता है, जो संभावित रूप से इन टैरिफ के कुछ प्रतिकूल प्रभावों की भरपाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) का समय पर निष्कर्ष अत्यंत आवश्यक है। फियो अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा समझौता न केवल शुल्कों को कम कर सकता है, बल्कि भारतीय निर्यातकों को राहत प्रदान करने के लिए एक संरचित ढांचा भी तैयार कर सकता है। इससे एकतरफा व्यापार उपायों और प्रतिशोधात्मक शुल्कों की संभावनाएं भी कम हो जाएंगी। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह इस मामले में अमेरिका के साथ वार्ता को प्राथमिकता दे।

## संक्षिप्त समाचार

### वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनें आवास व शिक्षण संस्थान: दिनेश

**प्रयागराज।** श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा फलाहारी ने वक्फ संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित होने प्रसन्नता व्यक्त करते हए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी को अपने खून से पत्र लिखकर वक्फ की भूमि पर गरीबों के लिए कम लागत वाले आवास, शिक्षण संस्थान और अस्पताल बनवाने की मांग की है। पंडित फलाहारी ने गुरूवार को कहा कि जो भी व्यक्ति वक्फ बोर्ड का समर्थन करता है वह देश विरोधी है, उन पर देशद्रोह की कार्यवाही होनी चाहिए और ऐसे लोगों को पाकिस्तान भेज देना चाहिए। ए लोग पाकिस्तान में मजार और मस्जिद बनाकर आबाद हो और भाईचारा कायम कर सकें, ऐसे लोगों का हिंदुस्तान में कोई काम नहीं है। उन्होंने कहा कि 1940 में मुस्लिम लीग ने लाहौर प्रस्ताव में मुसलमानों के लिए एक अलग देश की मांग की थी। मुस्लिम लीग के नेता मोहम्मद अली जिन्ना ने इस मांग को आगे बढ़ाया और पाकिस्तान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### यूपी में दलितों की सुरक्षा की जाए: सपा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून- व्यवस्था की स्थिति बदहाल है और वहां दलितों की सुरक्षा के समुचित उपाय किए जाने चाहिए। यादव ने शून्य काल में यह मामला उठाते हुए कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ में हाल ही में एक दलित युवक सनी कुमार की हिरासत के दौरान मृत्यु हो गई। इस मामले में पुलिस ने दावा किया कि सनी कुमार ने पैजामा के नाड़े से फांसी लगा ली थी। उन्होंने पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि हिरासत में मौतों के मामले में यह प्रदेश सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि राज्य सभा सदस्य रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित आवास पर हमला किया गया है, उनकी सुरक्षा बढ़ाई जाए। उन्होंने मांग की कि उत्तर प्रदेश के दलितों की सुरक्षा के पुख्ता उपाय किए जाने चाहिए। सपा की ही डिंपल यादव ने सदन में पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के लाभार्थियों को उपचार में आ रही दिक्कतों का मामला उठाया और उन्हें दूर करने की मांग की।

### सीएम योगी ने पिछली सपा सरकार पर बोला हमला

# वो पैदा करती थी माफिया, हमने विदा किया

प्रयागराज, वार्ता

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकार प्रदेश में माफिया पैदा करती थी, लेकिन हमने उत्तर प्रदेश से उसे विदा कर दिया।

निषादराज गुह्य की जयंती पर गुरुवार को मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर निषादराज के नगर श्रृंगवेरपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गुरुवार को 580 करोड़ रुपए की 181 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश में विकास की गति को देने के लिए धन की कोई कमी नहीं है। श्रृंगवेरपुर का अभी और विकास किया जाएगा। डबल इंजन की सरकार के दरवाजे विकास के लिए हमेशा खुले रहेंगे। धन की तंगी इसके रास्ते में आड़े नहीं आने पाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारें प्रदेश में माफिया पैदा करती थी, लेकिन हमने उत्तर प्रदेश से उसे विदा कर दिया। माफिया राज समाप्त हो गया। पिछली सरकारें उत्तर प्रदेश को माफिया के हवाले कर रही थी। हर जिले में एक माफिया पैदा कर रही थी। अपराधियों का शासन चलता था, लेकिन अब माफिया प्रदेश छोड़कर चले गए। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार प्रयागराज की गरिमा को छिपाने का प्रयास करती थी।



■ मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में 580 करोड़ की 181 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, विकास की गति में धन की कमी नहीं आएगी आड़े

देश और दुनिया से करोड़ों लोग यहां आकर श्रद्धा से शीश नवाते थे, लेकिन प्रयागराज की भूमि पर यहां के माफिया कब्जा करते जा रहे थे। यहां के अस्तित्व के साथ खिलवाड़ करते थे। जो आवाज उठाता था, उसे मार दिया जाता था, अपहरण कर लिया जाता था, गायब कर दिया जाता था, लेकिन अब यह प्रदेश में नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों के लिए वोट बैंक जरूरी था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयागराज अब सामान्य रूप से इलाहाबाद नहीं रहा। अब ए प्रयागराज हो गया। प्रयाग का मतलब मिलन स्थल। प्रयागराज का मतलब महामिलन स्थल। गंगा, यमुना और सरस्वती तो मिलती हैं, लेकिन यहां प्रभु राम और निषादराज का मिलन हुआ, जो लोग प्रयागराज की पहचान छिपाते थे वो नहीं चाहते थे कि प्रयागराज को नई पहचान मिले। वे नहीं चाहते थे कि भगवान राम और निषदराज के मिलन स्थल को एक पहचान मिले।

योगी ने कहा कि अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञा ज्ञापित करने के लिए मैं आज यहां निषादराज की जयंती के मौके पर आया हूं। पहले हमें यहां देखने के लिए कुछ भी नहीं था। डबल इंजन की सरकार आने के बाद भगवान राम और निषादराज के मिलन का भव्य पार्क आपको पहचान दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज को वैश्विक मान्यता मिली है। प्रयागराज को दुनिया जान गई है। पहले प्रयागराज का परिचय देना हो, तो बताना पड़ता था कि वाराणसी के बगल में है। अब प्रयागराज ने विकास के कई मार्ग खोल दिए हैं। प्रयागराज महाकुंभ की सफलता और उसका पुण्य आप सभी को प्राप्त हो रहा है। डबल इंजन की सरकार अपने पूर्वजों की विरासत को भव्य रूप से स्थापित करने का काम कर रही है। महाकुंभ के बहाने आज प्रयागराज समार्ट सिटी से आगे बढ़ गया है। महाकुंभ, के बहाने निषादराज और प्रभु राम का स्मारक, लेअे हनुमान जी कॉरीडोर, अक्षय वट कॉरीडोर, मां सरस्वती कूप कॉरीडोर, पातालपुरी कॉरीडोर, महषि भरद्वाज कॉरीडोर, दशाश्वमेघ कॉरीडोर बनने इसको नई पहचान मिली है। योगी ने कहा कि जिनके मन में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव नहीं, वो महाकुंभ का इतना बघ आयोजन नहीं कर सकते। 66 करोघ्‍ से ज्यादा श्रद्धालु महाकुंभ में आए, जो आए अभिभूत होकर गए। दुनिया में कहीं भी जाकर अपना परिचय देंगे कि श्रृंग्वेरपुर से आए हैं तो सिर-आंखों पर बैठाकर स्वागत होगा। अगर सम्मान और पहचान मिल गई तो इससे बढ़कर कुछ नहीं होता। पिछली सरकार इसी पहचान को समाप्त कर रही थी।

### यह वक्फ बोर्ड है या भूमाफिया

शहर में जगह-जगह वक्फ के नाम पर कब्जे किए गए हैं। जब हम महाकुंभ का आयोजन करने जा रहे थे तो वक्फ बोर्ड कैसा प्रयागराज में कुंभ की भूमि को वक्फ की मनमाना बयान दे रहा था। वक्फ बोर्ड के नाम उन्होंने प्रयागराज के साथ अन्य शहरों में भी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि ये बोर्ड क्या माफिया बोर्ड हो गया है। माफिया अब प्रदेश मे नहीं चल सकते। माफियाओं को तो हम पहले ही प्रदेश से विदा करा चुके हैं। अब उत्तर प्रदेश में माफियागीरी नहीं चलेगी। मुख्यमंत्री ने वक्फ बोर्ड के मनमानी पर लगाम लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के प्रति आभारी जताया और कहा लोकसभा में एक महत्वपूर्ण अधिनियम पारित करके कल्याणकारी कार्य किया। आज इसे राज्यसभा में भी परित कर दिया जाएगा। योगी ने कहा कि आज सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को धनराशि के चेक सौंपे गए हैं। 1400 मत्स्य पालकों के खाते में करोड़ों रुपए सरकार ने भेजे हैं।

# आरोप साबित करें या अनुराग माफी मांगें: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्य अनुराग ठाकुर द्वारा कल लोकसभा में वक्फ भूमि कब्जे को लेकर लगाए गए आरोप पर गुरूवार को सदन में भारी रोष व्यक्त करते हुए कहा कि ठाकुर इसके लिए माफी मांगे नहीं तो अपने आरोप को सही साबित करें।



■ मैं झुकने वाला नहीं इस्तीफा भी दे सकता हूं

खड़गे ने गुरुवार की सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर ठाकुर की टिप्पणी पर अपना रोष जताते हुए कहा कि लोकसभा में कांग्रेस सदस्यों द्वारा विरोध किए जाने पर इस टिप्पणी को वापस ले लिया गया था, लेकिन इससे उनकी छवि को जो नुकसान होना था हो गया। इसको लोकसभा की कार्यवाही से हटाया गया है लेकिन सोशल मीडिया और अन्य मीडिया में यह चल रहा है। उन्होंने राजनीति में अपने लंबे करियर का हवाला दिया और निराशा व्यक्त की। उन्होंने माफी की मांग की और कहा कि अगर ठाकुर अपने आरोपों को साबित नहीं कर सकते, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और अगर वे आरोप साबित कर देते हैं, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा कि यह साबित किया जाना चाहिए कि वह या उनके परिवार के सदस्यों ने किसी वक्फ जमीन पर कब्जा किया है। उन्होंने कहा कि वह डरते नहीं हैं और विधानसभा में पहले की उन घटनाओं का जिक्र करते हैं, जहां मुख्यमंत्री ने उनसे माफी मांगी है। उन्होंने यह भी कहा कि सदन के नेता ठाकुर की ओर से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोपों से वह झुकने वाले नहीं है। वह झुकेंगे नहीं बल्कि टूट जाएगे। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेज रिजिजू कुछ कहने लगे तभी तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्राईन बोलने लगे जिस पर रिजिजू बैठ गए। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि टिप्पणियों को हटाना कोई उपाय नहीं हो सकता। उन्होंने हाल ही में समाजवादी पार्टी के सदस्य रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा को लेकर की गई टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि संसदीय संस्था के सम्मान में कुछ हटाया जाता है, तो किसी भी सदस्य को इसे मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।

## अर्थ व्यापार

# ट्रम्प के टैरिफ लगाने से बाजार हलकान

मुंबई, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की चिंता में विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, फोकस्ड आईटी, ऑटो और तेल एवं गैस समेत नौ समूहों में हुई भारी बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार हलकान रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 322.08 अंक का गोता लगाकर 76,295.36 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.25 अंक की गिरावट लेकर 23250.10 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.31



■ आईटी, टेक, फोकस्ड आईटी, ऑटो और तेल एवं गैस समेत नौ समूहों में हुई भारी बिकवाली

प्रतिशत बढ़कर 41,796.08 अंक और स्मॉलकैप 0.76 प्रतिशत की तेजी लेकर 47,494.11 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4123 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2813 में तेजी जबकि 1169 में गिरावट रही, वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2963 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2057 में लिवाली जबकि 829 में गिरावट रही वहीं 77 के भाव स्थिर रहे। बीएसई के नौ समूह में गिरावट का रुझान रहा। इससे फोकस्ड आईटी 4.13, आईटी 3.78, टेक 2.85, सीडी 0.24, ऊर्जा 0.38, ऑटो 1.14, धातु 0.99 और तेल एवं गैस 0.59 और रियल्टी समूह के शेयर 0.22 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं हेल्थकेयर 1.82, यूटिलिटीज 2.44 और पावर समूह के शेयर में 1.83 प्रतिशत तेजी रही। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिकवाली का दबाव रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 1.36, जर्मनी का डैक्स 1.94, जापान का निक्केई 2.77, हांगकांग का हैंगसेंग 1.52 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.24 प्रतिशत गिर गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 806 अंक का गोता लगाकर 75,811.86 अंक पर खुला।

### ईपीएफओ में दावा निपटान को चेक प्रति की आवश्यकता नहीं

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने दावा निपटान प्रक्रिया को सरल बनाते हुए चेक लीफ या बैंक पासबुक की तस्वीर अपलोड करने की जरूरत को समाप्त कर दिया है। इसके अलावा यूएएन के साथ बैंक खाता विवरण जोड़ने के लिए नियोक्ता की मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि ईपीएफ सदस्यों के लिए जीवनयापन की सुगमता और नियोक्ताओं के लिए व्यवसाय को आसान बनाने की दिशा में ईपीएफओ ने अपनी दावा निपटान प्रक्रिया में दो प्रमुख सुधार किए हैं। इन उपायों से दावा निपटान की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सुधार आएगा और दावा खारिज होने से संबंधित शिकायतों में भी कमी आएगी।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अधिकांश दालें महंगी

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजार में भारी गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अधिकांश दालें महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 32 रिंगिट गिरकर 4810 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1. 12 सेंट की गिरावट के साथ 47.39 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चना, दाल चना और अरहर दाल में 100-100 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव



पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400- 4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिले सरकारी कर्मचारी जैसी सुविधा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में आंगनबाड़ी कर्मियों का मुद्दा उठाते हुए सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि उन्हें सरकारी कर्मचारियों की तरह सुविधाएं देकर उनका मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए। भाजपा के जगदम्बिका पाल ने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाया और कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सरकारी कर्मचारी के रूप में माना जाना चाहिए और देश के लाखों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी सुविधाएं दी जानी चाहिए। उनका मानदेय बढ़ाकर देशभर में उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें सरकारी कर्मचारी माना जाए और गुराजत हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार उन्हें सुविधाएं दी जाए।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ट्रम्प टैरिफ:....**

ऑस्ट्रेलिया पर 10 प्रतिशत, पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत, तुर्की पर 10 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44 प्रतिशत और कोलंबिया पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। व्हाइट हाउस के अनुसार, ये शुल्क सभी उत्पादों पर लगाए गए 10 प्रतिशत आधार आयात शुल्क के अतिरिक्त होंगे। श्री ट्रम्प ने कहा कि यह कदम उन देशों के खिलाफ लिया गया है, जिन्होंने अमेरिका की नीतियों का अनुचित लाभ उठाया। श्री ट्रम्प ने घोषणा की दो अप्रैल हमेशा के लिए 'लिबरेशन डे' के रूप में जाना जाएगा, जब अमेरिका ने अपने उद्योग को फिर से हासिल किया। हम उन देशों पर वही शुल्क लगाएंगे जो वे हम पर लगाते हैं - रेसिप्रोकल का मतलब है कि जैसा वे करते हैं, वैसा ही हम भी करेंगे। यह इतना ही सीधा है। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हम इस कदम से अपने रोजगार वापस हासिल करेंगे, अपने उद्योग को फिर से बनाएंगे, अपने छोटे और मध्यम स्तर के व्यवसायों को सशक्त बनाएंगे और हम अमेरिका को फिर से समृद्ध बनाएंगे। अब अमेरिका में नौकरियां तेजी से आएंगी। व्हाइट हाउस ने संवाददाताओं को बताया कि यह निर्णय एक 'राष्ट्रीय आपातकाल' के कारण लिया गया है, जो लगातार व्यापार घाटे के चलते सुरक्षा चिंताओं से उत्पन्न हुआ है। सभी उत्पादों पर 10 प्रतिशत का 'आधार' शुल्क पांच अप्रैल को स्थानीय समयानुसार सुबह 12:01 बजे (भारतीय समयानुसार 9:30 बजे) से लागू होगा जबकि देश-विशिष्ट उच्च शुल्क नौ अप्रैल को उसी समय से लागू होंगे।

# राज्यसभा की पवित्रता की रक्षा का संकल्प लें: धनखड़

नई दिल्ली, वार्ता

उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्य सभा दिवस के अवसर पर गुरुवार को सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इस प्रतिष्ठित सभा की पवित्रता की रक्षा करने और महान राष्ट्र भारत की लोकतांत्रिक नींव को मजबूत करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहने की अपील की।

धनखड़ ने गुरुवार सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राज्यसभा दिवस पर सदस्यों को शुभकामनाएं दी और कहा कि राज्यों की परिषद, हमारी सम्मानित राज्य सभा, हमारे संसदीय लो. कतंत्र के प्रतिष्ठित ऊपरी सदन- बुजुर्गों के सदन के रूप में प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा कि भारत की संघीय वास्तुकला की सर्वोत्कृष्ट इमारत के रूप में, यह आदरणीय संस्था व्यापक प्रतिनिधित्व, शासन में संतुलन और चिंतनशील बुद्धिमत्ता को सुनिश्चित करती है। राज्य सभा एक प्रतिष्ठित मंच के रूप में बनी हुई है, जहां प्रांतीय दृष्टिकोण और विशिष्ट विशेषज्ञता हमारे राष्ट्र को समृद्ध करने के लिए एकत्रित होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 250वें सत्र के दौरान कहा था, यद्यपि राज्य सभा को दूसरा सदन कहा जा सकता है, फिर भी इसका महत्व सर्वोपरि है। संसद हमारे ध्रुव की तरह



■ राज्य सभा एक प्रतिष्ठित मंच के रूप में बनी हुई है

खड़ी है 'हमारा अटल ध्रुव तारा' जो राष्ट्र की सबसे कठिन चुनौतियों के दौरान आगे का मार्ग प्रशस्त करता है तथा अशांत समय में मार्गदर्शन की किरण के रूप में कार्य करता है। धनखड़ ने कहा कि यह स्मरणीय अवसर हमें इस शानदार संस्था की विशेषताओं को संरक्षित करने के लिए खुद को नए सिरे से समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है, जो लोकसभा के विपरीत अपनी चिरस्थाई निरंतरता को बनाए रखती है। इस संस्था की गंभीरता तथा इसके प्रतिष्ठित सदस्यों की विद्वता सर्वोपरि महत्व रखती है। मैं माननीय सदस्यों से उत्कृष्टता, अटूट समर्पण, दृढ़ प्रतिबद्धता, गहन विद्वता तथा बौद्धिक चिंतन और ज्ञान को प्रेरित करने वाले भाषण के माध्यम से उत्कृष्ट आचरण का उदाहरण प्रस्तुत करने का आग्रह करता हूं। यह अनुकरणीय मानक नागरिकों के लिए तत्काल प्रकट होना चाहिए, क्योंकि राज्य सभा को हमारे गणतंत्र में विधाई निकायों के लिए आदर्श आदर्श के रूप में कार्य करना चाहिए।

### भगत सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए: राजा वारिंग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने गुरुवार को लोक सभा में शहीदे आजम भगत सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग की। राजा वारिंग ने शून्य काल में कहा कि बहुत से लोगों को सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया है, लेकिन शहीदे आजम भगत सिंह को अब तक न तो शहीद का दर्जा दिया गया है और न ही उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। समाजवादी पार्टी की इकरा हसन ने सदन में उनके कैराना संसदीय क्षेत्र में यमुना के घाटों को विकसित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के इन घाटों पर आने से कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं और लोगों की जान तक चली जाती है। इसलिए इन घाटों को सुरक्षित बनाने के उपाय किए जाने चाहिए। इनके विकसित करने से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेंगी, जिससे रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। भारतीय जनता पार्टी के अनुराग ठाकुर ने राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से पैसे मिलने का मामला उठाया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# राजधानी लखनऊ में आठ लाख लोगों को मिलेगा नया घर

## योजनाएं मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत विकसित की जाएंगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** एलडीए शहर में तीन नई आवासीय योजनाएं लाने वाला है, जिनमें करीब आठ लाख लोगों को आशियाना मिलेगा। ये योजनाएं मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत विकसित की जाएंगी, जिसके लिए बजट शासन से मिलेगा।

एलडीए ने इसका प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि एलडीए सीमा क्षेत्र के अंदर तीन नई आवासीय योजनाएं लाई जाएंगी। इनमें पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और आगरा एक्सप्रेसवे के किनारे 1800- 1800 एकड़ और मोहनलालगंज में जेल के पीछे 1200 एकड़ में योजना लाई जाएगी। इन योजनाओं के लिए धनराशि शासन से मांगी जाएगी। इन योजनाओं के आने से कई लाख लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी। वीसी ने बताया कि मोहान रोड पर अनंत नगर योजना को रामनवमी पर लांच करने की योजना है। इसके लिए तैयारी चल रही है। यहां पर जमीन की कीमत करीब 41000 रुपये प्रति वर्ग मीटर रहेगी। फ्री होल्ड शुल्क अलग रहेगा। लांचिंग के मौके पर 334 प्लाटों के लिए पंजीकरण खोला जाएगा। वीसी ने यह भी कहा कि बीकेटी योजना के लिए भी जमीन जुटाने की कार्यवाही शुरू होगी। कई साल से फंसी प्रबंधन नगर योजना भी लांच की जाएगी। इस पर भी काम चल रहा है। ग्रीन कारिडोर प्रोजेक्ट के बाद यह योजना काफी महत्वपूर्ण हो गई है। एलडीए के दो दिवसीय रजिस्ट्री शिविर के पहले दिन 97 रजिस्ट्रियां हुईं। शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होना था, लेकिन रजिस्ट्री विभाग के कर्मचारी करीब डेढ़ घंटा देरी से आए। ऐसे में रजिस्ट्री कराने आए लोगों को इंतजार करना पड़ा। गुरुवार को भी शिविर लगेगा। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि शिविर से पहले आवंटियों की रजिस्ट्री की फाइल तैयार कराने के लिए सात दिन तक अलग से कैंप लगा था, जिसमें 384 आवंटियों की फाइलें रजिस्ट्री के लिए तैयार कराई गई हैं। कैंप में रजिस्ट्री के लिए सुबह से ही भीड़ जुट गई थी, और देर शाम तक निबंधन का काम चला। शिविर में रजिस्ट्री कराने के लिए राजाजीपुरम निवासी संतोष शुक्ला अपने पति मुनेश के साथ वाकर से पहुंची थीं। उनके पैर में आपरेशन हुआ था। कार से उतरीं तो एलडीए की सीढ़ियां देखकर वह रोने लगीं। बोलीं- कैसे चढ़ पाएंगे? उनके पति ने व्हीलचेयर तलाशी, मगर वह नहीं मिली। इसकी जानकारी मिलने पर सचिव विवेक श्रीवास्तव ने उप सचिव माधवेश कुमार को भेजा और उन्होंने व्हीलचेयर का इंतजाम कराया। इस दौरान उन्हें करीब 40 मिनट इंतजार करना पड़ा।

### पुलिस ने 52 ग्राम स्मैक के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**शुक्ल बाजार अमेठी।** थाने की पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है पकड़े गए व्यक्ति के कब्जे से 52ग्राम स्मैक बरामद किया गया है बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत दिनांक 02.04.2025 को थानाध्यक्ष बाजारशुक्ल दयाशंकर मिश्रा मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान 01 नफर अभियुक्त मेराज पुत्र जलील निवासी जलाली थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 46 वर्ष को ग्राम हसनपुर के पास से समय करीब शाम 07:30 बजे गिरफ्तार किया गया ।

# गैर इरादतन हत्या के आरोपी गिरफ्तार

## बाइक से गिरने पर निकली हंसी ने निगली थी युवक की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गोंडा।** जिले की तरबगंज पुलिस ने गैर इरादतन हत्या करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में एएसपी राधेश्याम राय ने बताया कि,थानाक्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी अमन पाण्डेय और दीपक पाण्डेय बीते पांच मार्च को तरबगंज में शराब पीकर जब वापस घर लौट रहे थे तभी रास्ते में एक जगह वह लड़खड़ाकर बाइक समेत गिर गये,तभी उधर से कुर्मीपुरवा से निमंत्रण में शामिल होकर घर लौट रहे थानाक्षेत्र के ग्राम रेतादल सिंह निवासी अनिल कुमार पुत्र रामहरक के चचेरे भाई सत्यम उर्फ मुसऊ ने दोनों के गिरने पर हंसते हुए आगे निकल गये।

सत्यम के अपने ऊपर हंसने से नाराज अमन और दीपक ने पास के कबाड़ी की दुकान से लोहे की रॉड लेकर अपनी बाइक से दोनो का पीछा किया और करीब आकर लोहे की रॉड से सत्यम उर्फ मुसऊ के सिर पर प्रहार कर दिया।जिससे सत्यम घायल होकर नीचे गिर गया तथा इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।इस घटना के संबंध में तरबगंज पुलिस ने अनिल कू तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। जिसे गुरुवार को तरबगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उनकी निशानदेही पर लोहे की रॉड आदि बरामद कर लिया।

# जीपीएस युक्त वाहनों से ही होगा शराब का परिवहन, बोतलों पर होगा हाई सिक्योरिटी बार कोड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में अब जीपीएस युक्त वाहनों से ही मदिरा का परिवहन होगा और आबकरी लाइसेंस्ड परिसरों की जियो फेसिंग की जाएगी साथ ही बोतलों एवं पेटियों पर हाई सिक्योरिटी बार कोड और क्यूआर कोड होगा।

मंत्री नितिन अग्रवाल बृहस्पतिवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग की कार्य प्रणाली में सुधार एवं कर चोरी रोकने हेतु कार्रवाई की गई है। विभाग में कार्रवाई के लिए सीसीटीवी कैमरा एवं इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल से इंटीग्रेशन किया गया है। मदिरा एवं स्प्रिट टैंकरों में डिजिटल लाकिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मास फ्लो मीटर, रडार बेस्ड लेवल सेंटर एवं बाटलिंग सेंटर बनाए जाएंगे। डिस्टलरीज में डिजिटल अल्कोहल मीटर का उपयोग किया जाएगा और प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी।

# अहोरवा भवानी रेलवे स्टेशन क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनवाए जाने की मांग

**इन्हौना अमेठी।** ग्राम पंचायत में स्थित रेलवे स्टेशन अकबरगंज (अहोरवा भवानी) बदला हुआ नाम रेलवे स्टेशन के निकट इन्हौना शुक्ल बाजार सड़क मार्ग पर बनी रेलवे क्रासिंग पर आये दिन जाम की समस्या से जनमानस परेशान होता रहता है।

क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने रेलवे प्रशासन सहित रेल मंत्री से इन्हौना बाजार शुक्ल रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनवाने की मांग किया है पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राम सागर मौर्य, प्रधान जसवंत मौर्य, तथा चिरैया प्रधान संतोष कुमार सिंह चौहान,जिला पंचायत सदस्य विकास यादव ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दैनिक भास्कर को बताया कि चौबीस घंटे लखनऊ वाराणसी रेल मार्ग रेलगाड़ियों का संचालन होता रहता है तो रेलवे क्रासिंग का फाटक बंद कर दिया जाता है रेलवे क्रासिंग का फाटक बंद होने के चलते यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिसमें मरीजों को अस्पताल पहुंचाने वाली एंबुलेंस भी जाम के झाम में फंस जाती है यदि इस रेलवे क्रासिंग से पहले ओवरब्रिज का निर्माण रेलवे प्रशासन द्वारा करवाया दिया जाय तो जाम की समस्या से निजात मिल जाएगा।



### नहर में डूबकर बालक की मौत

**सीतापुर।** कोतवाली बिसवां क्षेत्र के ग्राम मोच कला निवासी मनोज का 12 वर्षीय पुत्र आदित्य गुरुवार को अपने घर से भैंस चराने गया हुआ था । वह दोस्तो के साथ शारदा सहायक नहर में नहाने लगा। इसी बीच वह गहरे पानी में चला गया। तैरना न आने की वजह से वह डूबने लगा। साथियों ने आदित्य को डूबते देख शोर मचाया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आदित्य को नहर से बाहर निकाला। लेकिन तब तक डूबकर आदित्य की मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मंसाराम चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह ने विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है ।

# कठौरा में राधा कृष्ण की मूर्ति खंडित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कमरौली अमेठी।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत कठौरा गांव में राधा कृष्ण मंदिर तालाब के किनारे स्थित है जहां एक अराजक तत्व ने मंदिर में घुस कर राधा कृष्ण की मूर्ति तोड़कर खंडित कर दिया था जिसकी लिखित शिकायत राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी द्वारा कमरौली थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश में लगी हुई थी। बताया जा रहा है कि पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में बुधवार तीन अप्रैल 2025 को थानाध्यक्ष कमरौली अभिनेष कुमार मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मु0अ0सं0 54/25 धारा 298 बीएनएस थाना कमरौली जनपद अमेठी में प्रकाश में आया एक व्यक्ति सुनील तिवारी पुत्र महाराजदीन तिवारी निवासी कठौरा थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब 34 वर्ष को अभियुक्त के घर से समय करीब 10:25 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के संबंध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि इकतिस मार्च 2025 की रात्रि में अपनी पत्नी से विवाद होने के कारण मैं अपने घर से रात में ही निकल गया था । पारिवारिक विवाद के कारण मैं बहुत दुखी था। रात में ही घर से निकलकर मैं मन्दिर के पास पहुंचा और वहां पड़े एक पत्थर से अपने आप को चोट पहुंचाने के लिये मार रहा था कि उसी दौरान वही पत्थर मूर्ति में लग गया जिससे मूर्ति खण्डित हो गई थी पुलिस क्षेत्राधिकारी मुसाफिर खाना अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कठौरा गांव में राधा कृष्ण मंदिर में मूर्ति खंडित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है आरोपी का कहना था कि उसने अपनी पत्नी से हुए विवाद के बाद मंदिर में रखे एक पत्थर से अपने आप को चोटिल करने लगा तो मंदिर की मूर्ति टूट गई पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कमरौली थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार उ0नि0 रवीन्द्र प्रताप सिंह , का0 राहुल कुमार द्वारा आरोपी गिरफ्तार किया गया जिसका पुराना आपराधिक इतिहास है जिसके खिलाफ मु0अ0सं0 88/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना कमरौली में पहले से पंजीकृत हैं।

# कोतवाली पुलिस ने साधु को पीटने वाले युवक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेडकर नगर।** अकबरपुर पर आवेदक द्वारा सूचना दी गई कि आवेदक अपने मोहल्ले में ही चाय नाश्ते कि दुकान चलाता है आवेदक के मोहल्ले के ही सद्दाम पुत्र फत्तेह मोहम्मद जो की हिस्ट्री शीटर बदमाश है जिसके ऊपर कई संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

आए दिन आवेदक से रंगदारी मांगता रहता है और आवेदक की दुकान से जो भी खाते पीते हैं उसका पैसा नहीं देते हैं 30 अप्रैल को शाम को आवेदक के मोहल्ले के सद्दाम पुत्र फत्तेह मोहम्मद व उसके दो अज्ञात साथी आवेदक की दुकान के सामने सड़क किनारे ही बैठकर शराब पी रहे थे इतने में ही वहाँ हिंदू धर्म के एक साधु बाबा जो अक्सर वहां भिक्षा मांगने आया करते थे आ रहे थे कि सद्दाम उन्हें हिंदू धर्म को संबोधित करते हुए भद्दी-भद्दी गाली देने लगा और सद्दाम और उसके साथी ने साधु बाबा को पीछे से धक्का मारकर जमीन पर पटक दिया प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-220/25 धारा 115(2), 352, 351(3), 308(4), 299 ठछै बनाम सद्दाम पुत्र फत्तेह मोहम्मद निवासी मोहल्ला मुरादाबाद रेलवे स्टेशन रोड अकबरपुर व उसके दो अन्य साथी के विरूद्ध पंजीकृत किया गया।पुलिस अधीक्षक केशव कुमार निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण एवं तलाश वांछित अपराधियो की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0 अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-220/2025 धारा/115(2), 352, 351(3), 308(4), 299 बीएनएस से सम्बंधित वाँछित अभियुक्त सद्दाम पुत्र फत्तेह मोहम्मद निवासी मोहल्ला मुरादाबाद को मुखबिर की सूचना पर जिला अस्पताल गेट पर से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार सद्दाम उपरोक्त को कारण गिरफ्तारी व जुर्म से अवगत कराते हुए समय 11.00 बजे हिरासत पुलिस मे लिया गया।स्थानीय पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा.न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है आरोप-गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम पुत्र फत्तेह मोहम्मद निवासी मोहल्ला मुरादाबाद निकट रेलवे स्टेशन थाना अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर को अवैध रूप से आवेदक को धमका कर वसूली करने व हिन्दू धर्म के साधू को मारने पीटने के सम्बन्ध में गिरफ्तार किया गया है।

### 56 ग्राम स्मैक सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**तिलोई अमेठी।** सर्किल की मोहनगंज पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री अजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत बुधवार तीन अप्रैल को प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज श्री राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त सोनू पुत्र पचई निवासी ग्राम लंगड़ा का पुरवा मजरे पाकर गांव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 48 वर्ष को मोहनगंज से मटेरवा मार्ग पर समय करीब 12:00 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत करनैलगंज-कटरा बाजार मार्ग स्थित एक गाँव के पास गुरूवार को दर्दनाक सड़क हादसे में सड़क पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाईक सवार एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुट गई।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना कर्नलगंज- कटरा बाजार मार्ग स्थित खजुहा पंडा पुरवा पेट्रोल पंप के निकट की है। बताया जाता है कि थाना कटरा बाजार क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पहाड़ापुर निवासी शंकर दयाल शुक्ल की 48 वर्षीय पत्नी रामकुमारी अपने पुत्र सतीश के साथ बैंक से रुपये निकालने कर्नलगंज आई थी। रुपये निकालकर वह सतीश के साथ बाईक से वापस अपने घर जा रही थी। अभी वह पंडा पुरवा के पास पहुंची थी की तभी सड़क पर सामने से ईंट से लदी आ रही ट्रेक्टर ट्राली की चपेट में आने से महिला रामकुमारी सड़क पर गिर गई। प्रत्यक्ष दर्शियों की मानें तो ट्रैक्टर ट्राली का पिछला पहिया महिला के ऊपर चढ़ गया,जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं सतीश बाल बाल सुरक्षित बच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुट गई है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# ट्रेन ठहराव की मांग को लेकर सांसद ने रेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अमेठी।** जिले के इन्हौना ग्राम पंचायत में स्थित मां अहोरवा भवानी धाम रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल से बंद ,रेल गाड़ियों के पुन: ठहराव को लेकर अमेठी के लोकसभा सदस्य सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव को एक ज्ञापन पिछले दिनों सौंप कर की गई है। उक्त जानकारी देते हुए इन्हौना कस्बे के नागरिक तथा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चौधरी वहाज अख्तर, मोहम्मद लतीफ , राम प्रसाद गुप्ता आदि ने जानकारी देते हुए बताया कि अकबरगंज रेलवे स्टेशन पर बंद रेल गाड़ी बरूणा एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस,सटल ट्रेन के अकबरगंज रेलवे स्टेशन बदला हुआ नाम मां अहोरवा भवानी धाम में ठहराव की मांग की गई है इस आशय को लेकर अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव को एक ज्ञापन देकर उक्त गाड़ियों के ठहराव की मांग की है। किसान यूनियन कमेरा के अमेठी जिलाध्यक्ष राम फेर यादव ने कहा कि अकबरगंज रेलवे स्टेशन का नाम तो सरकार ने बदला लेकिन व्यवस्थाएं नहीं बदली उन्होंने बताया कि सरकार को मां अहोरवा भवानी धाम रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल में बंद हुई रेल गाड़ियों का ठहराव तो करना चाहिए एमबीएम धाम रेलवे स्टेशन पर ट्रेनो के ठहराव से बाजार शुक्ल, सिंहपुर, सेमरौता , फतेहपुर, शिवरतनगंज, अहोरवा भवानी, कठौरा, इन्हौना, सराय गोपी क्षेत्र से लखनऊ सुल्तानपुर दिल्ली वाराणसी सहित दूरदराज शहरों तक जाने वाले सैकड़ों यात्रियों के लिए लाभकारी होगी और कम किराए में यात्रा भी कर सकेंगे। सटल और बरूणा एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस के यहां ठहराव से लखनऊ जाने वाले यात्रियों को बड़ी आसानी होगी।

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना हरगांव पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महोली रोड स्थित नहर पुलिया पर नाकेबंदी की। यहां पर पुलिस ने हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम दीपपुर निवासी मोईन खान पुत्र जहीर खान को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस का कहना है कि बराबर मोटरसाइकिल को 2 महीने पहले मोईन खान लखीमपुर जनपद से चोरी की थी। पुलिस का कहना है कि इस मामले की रिपोर्ट लखीमपुर में दर्ज है। पुलिस का कहना है कि मोईन खान शातिर है।

# श्रवण क्षेत्र धाम में जल्द स्थापित होगी हनुमान जी की प्रतिमा

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जिला पर्यटन अधिकारी/जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह के साथ श्रवण क्षेत्र धाम में स्थापित प्रभु श्री राम जी की भव्य प्रतिमा तथा भगवान शंकर जी की प्रतिमा के साथ-साथ भगवान हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापना सहित विभिन्न पर्यटन विकास कार्यों के प्रगति का भौतिक निरीक्षण किया तथा समस्त कार्यों को अपेक्षित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान श्रवण क्षेत्र धाम में भगवान शंकर जी की प्रतिमा के बगल भगवान हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापना हेतु किए जा रहे फाउंडेशन वर्क, स्ट्रीट लाइट एवं परिसर के विकास आदि कार्यों का अवलोकन किया तथा कार्यदाई संस्था को आगामी रामनवमी/हनुमान जयंती पर्व से पूर्व ही प्रतिमा स्थापना से संबंधित समस्त कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त कार्यों में आगणन की विशिष्टियों एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने हेतु कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया। उन्होंने भगवान श्री राम जी की प्रतिमा के परिसर में विकसित किए जा रहे जन सुविधाओं में आकर्षण एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, उन्होंने परिसर में लगाई जा रही।

# घायल बुजुर्ग ने लखनऊ में तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** थाना सकरन इलाके के सिरकिंडा गांव निवासी अजय कुमार (प्रधान) व कोइली यादव के बीच जमीनी विवाद चल रहा था।

उसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में विगत 27 मार्च की शाम विवाद होने लगा। विवाद बढने पर दोनो ओर से लाठी डंडा व धारदार हथियारों से मारपीट होने लगी। इसी बीच दोनो ओर से कई राउंड गोलियां भी चलाई गईं। हलांकि गोली किसी को नही लगी है। मारपीट में अजय के पक्ष के अमित, सुमित, शशिकान्त, रामसिंह, हरिनाम, अब्बुज तथा कोइली पक्ष के कोइली उम्र 75 वर्ष पुत्र रामप्रसाद, रामसिंह उम्र 40 वर्ष वंशगोपाल, वंशगोपाल (65) रामप्रसाद, अमित पुत्र (23 ) रामसिंह, अर्पित (14 ) पुत्र दिलीप, हरिनाम (32) कुंज. बिहारी, शशिकान्त (35) पुत्र रामप्रकाश, अम्बुजाक्ष (22) सुशील मिश्र, छोटू (20) रामसिंह आदि गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सांडा भेजा था। जहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जहां हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने कोइली, वंशगोपाल, रामसिंह को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था। मामले में दोनो ओर से मिली तहरीरों के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था बुधवार की रात 11 बजे लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान कोइली की मौत हो गई । इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी ग्राम प्रधान अजय कुमार समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है द्य थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र ने बताया मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद धाराओं में बढोत्तरी की जाएगी। शेष बचे अन्य आरोपियों की तलाश जारी है ।

# महिला ने ससुरालियों से रक्षा के लिए लगाई पुलिस से गुहार

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के दुर्गागंज माझा गांव की रहने वाली मधु यादव पुत्री राम सुभावन ने पुलिस क्षेत्राधिकारी तरबगंज को दी गई तहरीर में बताया कि उसका मायका अयोध्या जनपद के दर्शन नगर के कुशमाहे गांव में है। करीब 08 वर्ष पूर्व उसका विवाह दुर्गागंज माझा में राजेश पुत्र भगेलू के साथ हुआ था। उसकी दो बेटियां भी हैं। करीब 04 वर्ष पहले उसके पति राजेश की मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद ससुरालवालों की तरफ से उसे कोई सहयोग नहीं मिला किसी तरह से वह अपना और अपनी बेटियों का पालन-पोषण कर रही है। पीड़िता ने बताया कि वह अब दुर्गागंज गांव के ही विनय यादव पुत्र राम किशन से विवाह करना चाहती है जिसके लिए उसके मायके वाले और विनय के घर वाले भी तैयार हैं वहीं विनय द्वारा दोनो बेटियों के पालन-पोषण का जिम्मेदारी भी ली गई है लेकिन उसके जेठ श्याम बाबू, राम बाबू पुत्र भगेलू, मंशा राम पुत्र राम बाबू, धनीराम पुत्र बुद्धू और रमेश पुत्र धनीराम इस विवाह से नाखुश हैं। पीड़िता का आरोप है की बुधवार को वह अपने हिस्से के खेत में गेंहू की फसल काट रही थी और विनय मदद कर रहा था तभी सभी विपक्षी आये और अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लाठी-डंडे से मारा पीटा साथ ही धमकी दिये की यदि शादी करोगे तो जान से मार देंगे।

# खैराबाद पालिकाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात

## सामने रखी विकास कार्यों की रिपोर्ट

**सीतापुर।** नगरपालिका खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान खैराबाद नगर पालिका क्षेत्र में हुए विकास कार्य की रिपोर्ट खैराबाद पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता ने स्वयं मुख्य मंत्री के सामने पेश की।

जिसमे खैराबाद में हुए विकास कार्य को दिखाया गया। वहीं आगे की रूप रेखा को भी दर्शाया गया। खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता ने बताया कि रिपोर्ट देखकर मुख्यमंत्री ने खुशी जाहिर करते हुए सराहना की । मुख्यमंत्री ने आगे के विकास कार्यों के लिए और शासन से पूर्ण सहायता देने की बात कही ।

आपको बता दे कि बेबी अभिषेक गुप्ता ने अपने तेईस महीनों के कार्यकाल में खैराबाद की दशा और दिशा दोनो बदल दी । कई वर्षों से मोहल्लों में टूटे फूटे मार्ग जिन पर चलना लोगों के लिए दुश्वार था उन्हें चकाचक कर दिया गया। खैराबाद के सभी मोहल्लों में नए मार्गों का न सिर्फ निर्माण हुआ बल्कि अवैध कब्जे को हटाकर मार्ग का चौड़ीकरण भी कराया गया। कस्बे में वर्षों से नजूल भूमि पर काबिज लोगों से करोड़ों रुपए की भूमि खाली करवा कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। नजूल की भूमि पर शासन से अनुमति लेकर उस पर जनहित से जुड़े कार्यों की न सिर्फ रूप रेखा बनाई गई , बल्कि उसको धरातल पर उतारने कार्य किया जा रहा है। खैराबाद नगर में लोगों के लिए कोई पार्क की व्यवस्था नहीं थी। आज खैराबाद के पनवड़िया वार्ड में 40 लाख रूपये की लागत से अटल पार्क का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने को है । कुछ दिनों बाद ये पार्क लोगों के लिए खोल दिया जाएगा । वही कटरा में इंद्रा पार्क जो पहले से बदहाल पड़ा था, वहां शासन की मंशा अनुरूप पार्क की मरम्मत कर उसमें लोगों के लिए ओपन जिम का कार्य कराए गया । पालिका से लेकर थाने तक जाने वाली रोड पर पथवे एवं तिरंगा लाइटिंग का कार्य कराए गए। जिससे नगर की सुंदरता में चार चांद लग गए । वही रोड पर रखी गुमटी और वेंडर्स के लिए कुल्लन सराय में वेंडिंग जोन बनाने का पैसा स्वीकृत हो गया है जिस पर भी जल्द ही कार्य चालू हो जाएगा । जिससे गरीब दुकान दरों को रोजगार दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है । लालिया पुर वार्ड में मुख्यमंत्री नगरोदय योजना के तहत 1 करोड़ 32 लाख रुपए की स्वीकृति से पार्क के निर्माण को शासन की तरफ से स्वीकृति मिल गई है। जिसका निर्माण भी जल्द चालू हो जाएगा। वहीं नगर की साफ सफाई के लिए डोर टू डोर कूड़ा उठाने की व्यवस्था की गई है। गर्मी से राहत देने के लिए शीतल जल के लिए आर ओ मशीन नगर के मुख्य मार्गों पर व मोहल्लों में लगाई है। पेय जल के लिए मोहल्ला में पानी की पाइप लाइन जो कभी जगह जगह टूटी थी, उस पर विशेष ध्यान देकर मरम्मत कराई गई। जिससे न सिर्फ पेय जल की साफ सुथरी व्यवस्था हुई वही लोगों को शुद्ध जल की आपूर्ति की व्यस्था हो पाई । वही अध्यक्ष और अध्यक्ष प्रतिनिधि के द्वारा प्रदेश के मुखिया के साथ मुलाकात होने पर समूचा खैराबाद अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है । जहां खैराबाद में 75 वर्षों रिकार्ड तोड़ कर कमल खिला है। वहीं प्रदेश के मुखिया के साथ मुलाकात के जरिए खैराबाद में विकास का एक नया आयाम लिखने की पूरी तैयारी चेयरमैन के द्वारा लगातार की जा रही है ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र-1**

**सूचना**

**निविदा सूचना संख्याः- 221-Mech-CW-PC-LKO-24-2**

**कार्य का नामः-** इन्स्टालेशन आफ 10 नम्बर्स पोरटा केबिन (साइज 15ftx10ftx10ft) हैविंग सरफेस एरिया (2x15x10+2x10x10+2x15x10) = 800 sqft. ईच ऐट एलकेओ, बीएसबी, एसएलएन एण्ड एबाईसी स्टेशन फार रेस्टिंग आफ ट्रेन एसकोर्टिंग स्टाफ एण्ड इन्स्टालेशन आफ 02 नम्बर्स पोरटा शेड (साइज 60ftx20ft) ऐट एसएलएन एण्ड पीवाईजीएस स्टेशन फार स्टाफ एण्ड मैटेरियल। उपरोक्त निविदा दि0 18.04.2025 को खुलना प्रस्तावित थी। जिसे निरस्त किया जाता है। दिनांक- 03.04.2025 1014/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला फांसी पर झूली

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर निवासी एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला सुल्ताननगर में अमित का परिवार रहता है। अमित अनूपशहर की एक फैक्ट्री में सीनियर वॉयलर ऑपरेटर के पद पर तैनात है। उसकी शादी अब से 8 साल पहले कविता के साथ हुई थी। जिसके बाद परिवार में सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। इस दौरान अमित भी छुट्टी लेकर

**■ नगर के मोहल्ला सुल्तान नगर में हुई घटना**

बृहस्पतिवार को घर पर आया हुआ था। बृहस्पतिवार को लगभग 3:00 बजे पारिवारिक विवाद के चलते कविता ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, बताया जा रहा है कि अमित अपने बच्चों को चप्पल दिलाने के लिए बाहर गया था। वापस लौट कर आया तो कविता का शव पंखे पर लटका हुआ था। यह देखकर उसकी चीख निकल गई। उसकी चीख सुनकर आसपास के लोग भी दौड़कर उसके घर पर पहुंच गए। सब लोग कविता द्वारा उठाए गए इस कदम से स्तब्ध हो गए। उन्होंने रोते बिलखते अमित को शांत कराया, वहीं सूचना मिलने पर चौपला पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये अमरोहा भिजवाया। कविता ने आत्महत्या क्यूं की, यह सवाल समाचार लिखे जाने तक कायम था। हालांकि सुनने में यह भी आया है कि बुधवार को कविता का पड़ोस में रहने वाले किसी व्यक्ति से विवाद भी हुआ था। हालांकि समाचार लिखे जाने तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई थी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



■ अमरोहा। कलेक्ट्रेट में शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेती जिलाधिकारी।

# माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेश के लिए अभियान चलाएं

## डीएम ने ली शिक्षा अधिकारियों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों की नामांकन दर बढ़ाने के लिए अभियान चलाये जाने का आह्वान किया है।

डीएम ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी नामांकन बढ़ाने के लिए बनाये गये नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि अभियान चलाकर कक्षा आठ उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र छात्राओं का प्रवेश सुनिश्चित् कराया जाये। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होने चाहिए। रोजाना कितने नामांकन कराये गये इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। डीएम ने कहा कि यह अभियान एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक चलाया जायेगा। सभी बीआईओ अपने अपने क्षेत्र के अन्तर्गत कितने उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं उसमें कितने छात्र छात्राएं पंजीकृत हैं और कितने उत्तीर्ण हुए तथा कितनों ने प्रवेश लिया इसका रजिस्टर तैयार करें। उन्होने कहा कि माध्यमिक शिक्षा व बेसिक की सही रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। इसके लिए अभिभावकों के साथ मीटिंग व काउंसिलिंग कराये तथा उन्हें अपने बच्चों को आगे पढ़ाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप सिंह, डीआईओएस वीपी सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्पीड़न करने वाले कर्मियों को हटाया जाए

## भाकियू की पंचायत में अधिकारियों को बुलाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन अम्बावत ने किसानों की पंचायत में कई विभाग के अधिकारियों को भेजे जाने की मांग की है।

गुरुवार को भारतीय किसान अम्बावत में एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देते हुए कहा कि क्षेत्र के किसानों की अनेकों समस्याएं हैं। उन्होंने बताया थाना आदमपुर की चौकी में तैनात आरक्षी कपिल कुमार गांव पोरारा के हल्का लेखपाल सतीश चकबंदी के प्रदीप किसानों का उत्पीड़न करने में लगे हुए हैं। कई बार इनकी शिकायत की गई है लेकिन इनका कोई रोकने वाला नहीं है।जिससे उनके हौसले बुलाने हैं। उन्होंने कहा कि यदि इनको नहीं हटाया गया तो 4 अप्रैल से संगठन एसडीएम कार्यालय के सामने भूख हड़ताल करेगा। उन्होंने कहा कि अब किसानों का किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जायेगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया आरिफ अली मनीष कुमार देवेंद्र त्यागी पान सिंह प्रेम सिंह इरशाद मलिक धर्म सिंह आदि मौजूद थे।

# संचारी रोगों की रोकथाम में करें सहयोगः ईओ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने वार्डो का निरीक्षण कर बेहतर सफाई के निर्देश दिये तथा कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किया जाये।

गुरूवार को ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने नगर के कई वार्डो का निरीक्षण कर सफाई का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि शहरी क्षेत्रों में फागिंग समय पर करायी जाये। स्वच्छता के उपाय हो, खुले में शौच न करें। शुद्ध पेयजल का प्रयोग करे तथा मच्छरों की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करे। खुली नालियों, नालों के कचरे की सफाई कराना, हैंडपम्प के पास अपशिष्ट हटाया जाना, सड़कों के किनारे उगी वनस्पतियों को हटाना आदि कार्य प्रमुखता से कराये जायें। संचारी अभियान को अधिक से अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुबह के समय विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था की जाये। उन्होंने निरीक्षण कर निर्देश देते कहा कि नगर में रात्रि में भी फागिंग करायी जानी चाहिए।

## ईओ ने वार्डो का निरीक्षण कर परखी सफाई व्यवस्था



# सैनी सभा ने किया जनसम्पर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आल इंडिया सैनी सभा की टीम ने जनपद मुख्यालय का नाम ज्योतिबाफूले नगर रखने के लिए जनसम्पर्क किया।

शहर के सैनी बाहुल्य मौहल्लों में जनसम्पर्क कर लोगों से जिले का नाम फिर से ज्योतिबाफूले नगर रखने, राष्ट्रमाता सावित्रि बाई फूले व महात्मा ज्योतिबाफूले को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने बताया क यह अभियान बम्बूबढ, सिरासा गढ़, शिवनगर, मोतीनगर, कल्याणपुरा, रफातपुरा व कैतवाली में किया गया। 21 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबाफूले का 198वां जन्मदिन उनकी प्रतिमा स्थल पर मनाया जायेगा। इस मौके पर डीके सैनी, राजकुमार सनी, हरवीर सैनी, कृपाल सिंह सैनी, राजवीर सैनी, महेश सैनी, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# फंदेड़ी में आंगनवाड़ी के गलत चयन का आरोप

## आवेदिका ने एसडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** विकासखंड की ग्राम पंचायत फंदेडी सादात निवासी एक महिला आवेदिका ने गांव में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों कैंडिडेट के चयन को बीपीएल श्रेणी में दर्शाकर गलत तरीके से करने का आरोप लगाया हैं। महिला आवेदिका ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर जांच व कार्यवाही की मांग की हैं।

गांव फंदेडी सादात निवासी महिला आवेदिका समरीन जेहरा का आरोप है कि 5 अप्रैल को गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए आवेदन किया था। 3 मार्च को दस्तावेजों की जांच के लिए समरीन को विकास भवन कार्यालय अमरोहा बुलाया गया था जहां समरीन की उपस्थिति में उसके डॉक्यूमेंट की जांच की गई थी। इसके बाद 20 मार्च को सूचना मिली की मेरिट के आधार पर ए कैंडिडेट सूची में समरीन का नाम सबसे पहले स्थान पर है लेकिन लिस्ट में चार नंबर के कैंडिडेट को डीपीएल की श्रेणी में दर्शाते हुए नंबर चार की आवेदन का शिफाजैदी का नाम चयन के लिए प्रस्तावित लिखा गया है। आरोप हैं कि शिफा जैदी वर्तमान में ग्राम प्रधान की पत्नी है जो की बीपीएल श्रेणी से नहीं है और समृद्ध परिवार है। महिला आवेदिका समरीन जेहरा ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर शिकायत की जांच और कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# क्रय केन्द्रों पर ताले देख लौटै नायब तहसीलदार

## रात आठ बजे तक खोलने हैं आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शासन ने गेहूं क्रय केंद्रों को रात आठ बजे तक खोलने के आदेश दिए हैं, लेकिन क्रय केंद्रों पर तैनात कर्मचारी शाम होते ही ताला लगाकर चले जाते हैं। नायब तहसीलदार के निरीक्षण में भी गेहू क्रय केंद्रों पर ताला जड़ा हुआ मिला यहां निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार को जानकरी देने के लिए कोई भी मौजूद नही मिला जिससे उन्हें वापस लौटना पड़ा।

जिलाधिकारी के अधिकारियों को गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। नायब तहसीलदार मंडी धनौरा श्रीपाल सिंह बुधवार शाम करीब सात बजे मंडी धनौरा नगर में स्थित गेंहू क्रय केंद्र प्रथम व द्वितीय दोनों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। लेकिन यहां उन्हें गेहूं क्रय केदो पर ताले लटके हुए मिले जिसके चलते नायब तहसीलदार को वापस लौटना पड़ा। नायब तहसीलदार श्रीपाल सिंह ने बताया कि केंद्र प्रभारियों से फोन पर सम्पर्क कर जानकरी ली गई तो उन्होंने फील्ड में जाकर गेंहू खरीद के लिए किसानों से संपर्क साधने की बात बताई है। निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर ताला लगा हुआ मिला इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को भी दी गयी है।

# तेंदुआ देख युवकों की उड़ी हवाईयां

## नौगांवा क्षेत्र में दहशत बरकरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौगावां सादात क्षेत्र में तेंदुए की दहशत बरकरार है। चार दिन बाद फिर से गांव अलीपुर कलां के जंगल में तेंदुए को देखने का दावा किया गया है। सड़क पार कर रहे तेंदुए को देखकर बाइक सवार युवकों ने वहां से भागकर जान बचाई। जानकारी पर ग्रामीणों ने जंगल में तेंदुए को काफी तलाश किया लेकिन दोबारा नजर नहीं आया। जानकारी के मुताबिक नौगावां सादात के मोहल्ला नई बस्ती के रहने वाले कामिल और मुजम्मिल बुधवार शाम गांव अलीपुर कलां गए थे। काम निपटाकर वहां से लौटते वक्त दोनों ने जंगल के बीच से गुजर रहे रास्ते पर तेंदुए को सड़क पार करते हुए देखा। तेंदुए को देखकर दोनों की हवाईयां उड़ गईं। दोनों बाइक मोड़कर गांव पहुंचे और ग्रामीणों को जंगल में तेंदुए के होने की जानकारी दी। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर उसी स्थान पर पहुंचे जहां तेंदुए को देखने का दावा किया गया था लेकिन जब तक तेंदुआ जंगल में ओझल हो चुका था। गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व भी गांव में आबादी के बीच तेंदुए को घूमते देखा गया था, वीडियो वायरल होने के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना था। ग्रामीणों ने वन अफसरों से जंगल में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। डीएफओ एसपी सिंह ने मामला संज्ञान में होने से इंकार किया है। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्कता बरतने का सुझाव दिया है।

# मन्दिर व ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा

## अधिकारियों से की मामले की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्राम सौंहत गढ़ी में मंदिर प्रांगण की जमीन व ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे को लेकर गांव निवासी वीरसिंह ने सीओ को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने मंदिर प्रांगण और ग्राम समाज की करीब 100 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं उन्होंने इस जमीन पर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। जब शिकायतकर्ता ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। मामला पहले से ही कोर्ट में विचाराधीन है। एसडीएम ने भी निर्माण कार्य रोकने का आदेश दिया था। लेकिन आरो. पियों ने इसकी अवहेलना की हैं। शिकायतकर्ता वीरसिंह ने अधिकारियों से आरोपियों पर अवैध कब्जा और निर्माण कार्य से रोकने की मांग की है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या दूर की जाए

## भाकियू अराजनैतिक ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाकियू अराजनैतिक ने बिजली समस्या दूर करने व अवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा।

गुरूवार को भाकियू कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा ज्ञापन सोंपा। उन्होंने मांग करते कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसमे सुधार किया जाये। अवारा पशु किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। आंदोलन चलाकर इन्हें पकड़कर गौशाला भिजवाया जाये। जल निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए जो सड़के क्षतिग्रस्त की गयी हैं उनकी मरम्मत हो। मध्य गंगा नहर में पानी छुड़वाया जाये। किसानों को समस्त गन्ने का भुगतान हो। अधिकांश गांवो में नालियां टूटी पड़ी हैं व तालाब उफान पर है। इस समस्या को दूर किया जाये। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग को जल्द पूरा नहीं किया गया तो वह धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में चौधरी महावीर सिंह, विनीत, विरेन्द्र सिंह, रणवीर सिंह, नरेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, सुधाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता ही सेवा व स्वच्छ घाट में नगर पालिका गजरौला प्रथम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर पालिका परिषद, गजरौला का चयन स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत वर्ष 2024 में विभिन्न कार्यक्रमों एवं अभियानों यथा 'स्वच्छता ही सेवा' एवं 'स्वच्छ घाट प्रतियोगिता' में प्रथम श्रेणी में चयनित होने पर चेयरपर्सन व उनके पति पूर्व विधायक को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गयी। इस अवसर पर नगर पालि. का परिषद की अध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा, नगर स्वच्छता प्रेरक विधायक हरपाल सिंह तथा अधिशासी अधिकारी/ एसडीएम चंद्रकांता तथा स्वच्छता प्रेरक आदेश कुमार द्वारा इस उपलब्धि पर समस्त सम्मानित नागरिकों, समस्त सभासदों व समस्त नगर पालि. का स्टॉफ व सफाई कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह उपलब्धि प्राप्त हुयी है। भविष्य में भी नगर पालिका परिषद, गजरौला द्वारा उत्कृष्ट सेवाओं को प्रदान करते हुये अपने शहर को स्वच्छता तथा अन्य मानको पर निरन्तर शहर का चहुमुखी विकास किया जायेगा तथा स्मार्ट सिटी के तौर पर पूरे देश में एक अलग पहचान कायम की जायेगी। चेयरपर्सन ने कहा कि नगर को विकास के मामले में आगे बढ़ाना उनकी हमेशा प्राथमिकता रही है। आगे भी यह सिलसिलता चलता रहेगा।

**■ चेयरपर्सन ने जनता के सहयोग के प्रति आभार जताया**

# मिनजुमला गाटों के विभाजन का चलेगा अभियान

## एसडीएम ने कानूनगो व लेखपालों की बैठक में दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के गावो में मिनजुमला गाटो के विभाजन का अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान भूमि विवाद की दृष्टि से अहम होगा। मिनजुमला गाटो का विभाजन व रंगभरीकरण के लिए एसडीएम चंद्रकांता ने तहसीलदार मूसाराम थारू की मौजूदगी में नायाब तहसीलदार, कानूनगौ व लेखपालों की बैठक कर उन्हें तीन माह के भीतर मिनजुमला गाटो का सत्यापन,विभाजन कर रंगाभेदी के निर्देश दिए हैं।

गांवों में अक्सर मिनजुमला यानी मिले-जुले खातेदारों वाले गाटे होते हैं। एक ही गाटे में कई सह खातेदार होते हैं लेकिन यह निश्चित नहीं होता है कि इसमें किसका हिस्सा किस तरफ है। इससे जमीन के बंटवारे को लेकर आए दिन विवाद होते हैं। दिक्कत यह भी आती है कि यदि कोई अपना हिस्सा बेचना चाहे तो यह तय नहीं हो पाता कि वह किस तरफ की जमीन बेचे। ऐसा ही असमंजस जमीन खरीदने वाले के सामने भी होता है। यदि उसने किसी व्यक्ति से कोई जमीन खरीदी तो बाद में उस गाटे का कोई अन्य सह खातेदार यह दावा कर सकता है कि वह भूमि तो उसके हिस्से की थी। सह खातेदारों के बीच जमीन के बंटवारे के लिए अभी एसडीएम के यहां मुकदमा दर्ज कराना पड़ता है। सरकार ने अब गांवों में जमीन विवादों को जड़ से ही खत्म करने की योजना बनाई है। गाटे के सह खातेदारों के बीच अपने-अपने हिस्से की जमीन के बंटवारे के लिए अब मुकदमेबा. जी की नौबत नहीं आएगी। इसके लिए मिनजुमला गाटो का सत्यापन कर विभाजन व रंगाभेदी करण की कार्यवाही की जायेगी। मिनजुमला गाटों का निर्धारित तरीके से भौतिक विभाजन किया जाएगा और मानचित्र व खसरा सहित राजस्व अभिलेखों को उसके मुताबिक संशोधित किया जाएगा।जिसमें प्रत्येक खातेदार को दिए गए क्षेत्रफल को भिन्न-भिन्न रंगो में दर्शाया जायेगा। इस दौरान नायब तहस. ीलदार राजपाल सिंह, श्रीपाल सिंह, कानूनगौ योगेन्द्र सिंह, ऋषिराम शर्मा, राजपाल सिंह, गुलाब सिंह व विकास यादव, अमित कुमार, रमेश सैनी, सुमित यादव, सुमित सैनी, विक्की वर्मा, दिनेश सिंह आदि लेखपाल मौजूद रहें।

# मजदूर ने किया कीटनाशक का सेवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** कस्बा निवासी युवक ने गृह क्लेश के चलते कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजनों के द्वारा गंभीर हालत में युवक को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन हालत में सुधार न होने के कारण युवक को मेरठ रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। सैदनगली कस्बे में ही स्थित एक खाद की दुकान पर नौकरी करता था। किसी बात को लेकर गुरुवार की सुबह घर पर उसकी किसी बात को लेकर अनबन हो गई तो युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई फिलहाल उसका उपचार मेंरठ में चल रहा है । फिलहाल कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

## वक्फ बिल को लेकर अलर्ट रहा प्रशासन



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल पेश होने के मद्देनजर बुधवार को पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। सुबह से ही शहर के प्रमुख स्थान चौक चौराहा मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया था। विभिन्न चौराहा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने कहा- ष्हर जगह शांति है। पुलिस भी पूरी तरह सतर्क है। सोशल मीडिया पोस्टों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि निगरानी के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

# रालोद जिलाध्यक्ष के पम्प पर सेल्समैन से लूटपाट

## सेल्समैन को बंधक बनाकर पांच हजार लूटे, सेल्समैनों ने दौड़कर बदमाशों को पकड़ा, पिटाई कर पुलिसको सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बाइक पर सवार होकर आए मुरादाबाद के दो बदमाशों ने रालोद जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री मनवीर सिंह चिकारा के पेट्रोल पंप पर धावा बोल दिया। सेल्समैन को बंधक बनाने के बाद बदमाशों ने पेट्रोल बिक्री के पांच हजार रुपये लूट लिए। वारदात अंजाम देकर भाग रहे दो बदमाशों को सेल्समैनों ने दौड़कर पकड़ लिया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 82 हजार रुपये मिले। दोनों बदमाशों ने कुछ दिन पहले चोरी की दो घटनाओं को अंजाम देने की बात कुबूल की। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने दोनों बदमाशों का चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से रिमांड मंजूर करते हुए जेल भेज दिया।



थाना क्षेत्र के गांव कैलबकरी में रालोद जिलाध्यक्ष एवं सपा सरकार में दर्जा राज्यमंत्री रहे मनवीर सिंह चिकारा का परिवार रहता है। गांव लकड़हैट की मुख्य सड़क पर उनका चिकारा फ्यूल प्वाइंट के नाम से पेट्रोल पंप है। पुलिस के मुताबिक मुरादाबाद जिले के कांठ थाना क्षेत्र के गांव जमनिया आजम निवासी बब्लू सिंह उर्फ ईश्वर दयाल सिंह उनके पेट्रोल पर सेल्समैन की नौकरी करता है। बुधवार रात रोजाना की तरह बब्लू सिंह अपने सहयोगी अमरजीत और नीटू के साथ वाहनों में डीजल-पेट्रोल डाल रहे थे। उसी दौरान करीब आठ बजे एक बिना नंबर की बाइक पेट्रोल पंप पर आकर रूकी और उस पर सवार दो युवकों ने बाइक में 50 रुपये का पेट्रोल डलवाया। इसके बाद दोनों ने बब्लू सिंह उर्फ ईश्वर दयाल को बंधक बना लिया और हाथ से पांच हजार रुपये लूटकर भागने लगे। घबराए बब्लू सिंह ने शोर मचा दिया, अन्य सेल्समैनों मिलकर लूट कर भाग रहे दोनों बदमाशों को दौड़कर पकड़ लिया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम दानिश और फरमान निवासी गांव पैगंबरपुर थाना कांठ जिला मुरादाबाद बताया। तलाशी के दौरान पास से 82 हजार रुपये मिले। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी बदमाशों ने कुछ दिन पहले गांव ईसापुर में चोरी की दो घटनाओं को अंजाम देने की बात कुबूल की है। बिना नंबर बाइक को सीज कर दिया गया है। दोनों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। मुकदमा दर्ज करने के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, रिमांड मंजूर होने के बाद जहां से जेल भेज दिया गया

# जाम में फंसे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

## पुलिस के हाथ पैर फूले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** संभल कार्यक्रम में जाते समय भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह का काफिला जाम में फंस गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को जाम में फंसा देखकर पुलिस के हाथ पैर फूल गये।

नगर के अतरासी बस स्टैंड चौराहा पर आये दिन भीषण जाम लगता रहता है। बुधवार की दोपहर संभल के देहपा में आयोजित कार्यक्रम में जाते समय भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भीतर जाम में फंस गये। यह देखकर वहां पर मौजूद पुलिस के हाथ पैर फूल गये। पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर जैसे तैसे जाम को खुलवाकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को वहां से निकालते हुए उनके गंतव्य की ओर को रवाना कर दिया। नगर के समाजसेवी संगठन एवं किसान संगठन लगातार अतरासी बस स्टैंड चौराहा पर लगने वाले जाम से निजात दिलवाये जाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार जाम यहां पर ना लगे इसके लिए कोई तैयारी नहीं कर पा रहे हैं।

# गाली गलौच के विरोध पर किसान को चाकू घोंपा

## गंभीर हालत में मुरादाबाद रैफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक ने किसान के सीने में चाकू घोंप दिया। हमले में किसान लहूलुहान हो गया। आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल किसान को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सक ने मुरादाबाद रेफर कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुरा की है। यहां पर किसान राहुल का परिवार रहता है। बुधवार देर शाम गांव का ही रहने वाला विजेंद्र राहुल के पिता धर्मपाल सिंह को बेवजह ही गाली दे रहा था। राहुल ने इसका विरोध किया तो उसने सीने पर चाकू से वार कर दिया। हमले में लहूलुहान राहुल बेसुध होकर वहीं गिर गया। थोड़ी देर में मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घटना को अंजाम देकर वाला विजेंद्र गांव से भाग गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने लहूलुहान हालत में राहुल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार देते हुए चिकित्सक ने मुरादाबाद रेफर कर दिया। उचपार के बीच फिलहाल राहुल की हालत नाजुक बनी है। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में विजेंद्र के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

# जनता के हित के लिए योजनाएं चला रही भाजपा: भूपेन्द्र

## राजपाल का कद बढ़ा गए भूपेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह का कार्यकर्ताओं ने फूलमालाये पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

गुरुवार को पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के आवास पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह पहुंच गये। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से परिचय करते हुए पार्टी की नीतियों को जनता के बीच पहुंचाये जाने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह जनपद संभल के देहपा में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए जा रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार जनता के हित के लिए आनेको जन कल्याणकारी योजनाओं को चलाकर उनको लाभ दे रही है। पालिक. ाध्यक्ष राजपाल सैनी के भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से काफी पुराने संबंध हैं। भूपेंद्र चौधरी ने पालि. काध्यक्ष राजपाल सैनी को आशीर्वाद देते हुए शहर के विकास करने में पूरा सहयोग करने का भरोसा दिलाया। पालिकाध्यक्ष के आवास पर पहुंचकर भूपेंद्र चौधरी ने उनका कद भी बढ़ाया है। इस अवसर पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, धनोरा पालिकाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, कविता सैनी, विधायक पुत्र देवेंद्र खड़गवंशी, ब्लॉक प्रमुख पुत्र मुदित गुर्जर, संजय शर्मा, मयंक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, पंकज भटनागर, प्रशांत शर्मा, संजय सहदेव, मुन्ना चौहान, राजू राणा, हमजा अली आदि मौजूद थे।



हसनपुर। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।



अमरोहा। पांचवे नवरात्र पर मन्दिरों में भजन कीर्तन करती महिलाएं।

**मंदिरों में महिलाओं ने किया भजन कीर्तन**

# भक्तों ने श्रद्धा से की स्कंद माता की आराधना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नवरात्र भक्तों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। सुबह से ही मंदिरों में उनकी भीड़ देखने को मिल रही है। पांचवे नवरात्र पर श्रद्धालुओं ने मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी।

भक्तों ने मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। सुबह से ही देवी मंडपों में प्रसाद व जल चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। माता के भक्तों ने उपवास रखकर उनसे परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। सारा दिन भक्ति की उमंग उड़ती रही। नगर के अधिकांश मंदिरों में भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। भक्तों में मान्यता है कि मां स्कंदमाता से जो भी भक्त सच्चे मन से प्रार्थना करता है वह पूरी होती है। यहीं कारण है कि इनके प्रति श्रद्धालुओं में अपार श्रद्धा है। हर कोई माता की भक्ति में लीन नजर आ रहा था। सांय के समय भक्तों ने माता का गुणगान कर उनकी पूजा अर्चना करने के बाद व्रत का पारायण किया। माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रजवल्लित कर उनसे परिवार की सुख समृद्धि के लिये प्रार्थना की गई। नगर के अधिकांश देवी मंडपों में भक्तों की भीड़ दिखाई दी।

# प्रतिमा खंडित करने में 12 के खिलाफ तहरीर

## बाबा साहेब की प्रतिमा की थी क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ग्राम भीमा ठीकरी में बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने के मामले में बारह लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है। भीम आर्मी के जिला महासचिव राजू सिंह ने इस मामले में बारह लोगों पर आरोप लगाया है। राजू सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जब उन्हें प्रतिमा खंडित किये जाने की सूचना मिली तो वे तुरंत मौके पर पहुंच गये। उन्होंने पाया कि प्रतिमा को खंडित कर दिया गया है। जांच में सामने आया कि यह कार्य गांव के ही कुछ लोगों ने किया है। पीड़ित के द्वारा गांव भीमा ठीकरी के बारह आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है राजू सिंह का आरोप है कि ये लोग पहले भी इस तरह की घटनाएं कर चुके हैं। इस घटना से अनुसूचित जाति समाज में रोष है। पुलिस को तहरीर देकर सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाएं समाज में अशांति फैलाने का प्रयास हैं।

# स्कूल में शिक्षिकाओं के बीच छिड़ी जंग

## इतिहास के प्रवक्ता को किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षिकाओं के बीच हुई मामूली कहासुनी में कॉलेज मारपीट का अखाड़ा बन गया। शिक्षिकाओं ने एक-दूसरे पर अनाप-शनाप आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। तहरीर मिलने पर पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। देर शाम तक कोई कार्रवाई नहीं की गई थी।

मामला डिडौली क्षेत्र में बुढ़नपुर स्थित एक इंटर कॉलेज से जुड़ा है। प्रयागराज जिले की निवासी एक शिक्षिका यहां इतिहास की प्रवक्ता हैं। गुरुवार को कॉलेज की एक शिक्षिका ने उनके चरित्र को लेकर अमार्यदित टिप्पणी की तो मामला तूल पकड़ गया। दो गुट में बंटी शिक्षिकाओं ने आमने-सामने आकर मोर्चा संभाल लिया। कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। शिक्षिका ने हाथ में काट कर इतिहास की प्रवक्ता को घायल कर दिया। बचाव में आई अन्य शिक्षिकाओं के साथ भी मारपीट की। इतना ही नहीं कॉलेज की एक अन्य शिक्षिका पर भी अभद्र टिप्पणी करते हुए देख लेने की धमकी दी। हंगामा बढ़ते देख कॉलेज स्टाफ ने बमुश्किल शिक्षिकाओं में बीच-बचाव कराया। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। घटना की सच्चाई जानने के लिए जांच की जा रही है। इसके बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# साइड लगने के बाद डीसीएम चालक ने पिता-पुत्र को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भूसे लदी ट्रैक्टर ट्राली की साइड लग जाने से डीसीएम चालक व उसके साथियों ने आपा खो दिया। उन्होंने ट्रैक्टर चालक व उसके पिता के साथ मारपीट की। चालक ने ईख के खेत में छिपकर अपनी जान बचाई। गंभीर रूप से चालक के पिता को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उसे बेहतर उपचार के लिये हॉयर सेंटर भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी ट्रैक्टर ट्रॉली चालक रुस्तम अपने पिता रहीसुद्दीन के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फौंदापुर की तरफ जा रहा था। गुरुवार दोपहर लगभग 3:30 पर ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर जैसे ही वह फौंदापुर गांव के पास पहुंचा तो सामने से आ रही

**गंभीर हालत में हॉयर सेंटर रेफर**

ट्रैक्टर ट्राली की साइड डीसीएम में लग गई। इसके बाद डीसीएम चालक और ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के बीच तीखी नोकझोक होने लगी, डीसीएम चालक ने अपने साथियों को बुला लिया और ट्रैक्टर चालक रुस्तम व उसके पिता रहीमसुद्दीन पर जानलेवा हमला कर दिया। रूस्तम ने किसी तरह ईख के खेत में छिपकर जान बचाई, मगर



डीसीएम चालक पक्ष के लोगों ने उसके पिता को मारपीट करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### होनहार बच्चों को ट्राफी देकर किया सम्मानित




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** आरके पब्लिक स्कूल के संरक्षक अजय टंडन ने कहा कि बच्चों को लगन व मेहनत के साथ पढ़ाई करनी चाहिए। बिना शिक्षा के समाज में तरक्की संभव नहीं है। विद्यालय परिसर में वार्षिक शैक्षिक परिणाम समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ संरक्षक अजय टंडन, अध्यक्षा अदिति टंडन व प्रधानाचार्य डा. शिक्षा सरदाना द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संरक्षक अजय टंडन ने कहा कि समाज में शिक्षा के बिना तरक्की संभव नहीं है। बच्चों के साथ परिजनों को भी उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक हम शिक्षित नहीं होंगे तब तक अपनी पहचान नहीं बना सकते। कार्यक्रम में रिंकू सक्सैना आदि मौजूद रहे।

### मेहनत से करें पढ़ाई: विरेन्द्र



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** एएसएम बाल विद्या मन्दिर इंटर कालेज खाता में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य विरेन्द्र गुप्ता ने अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थन प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप बैग, पाठ्यक्रम की पुस्तके शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्र छात्राओं से मेहनत कर पढ़ाई करने का आह्वान करते कहा कि जीवन में जब लक्ष्य को सामने रख शिक्षा ग्रहण करेंगे तो उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर अभिभावक व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# पलौला की कार्रवाई से प्रधानों के उड़े होश

## फर्जी जॉब कार्ड कटवाने में लगे ग्राम प्रधान, गर्दन फंसने का सता रहा डर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रधानों द्वारा जिले में बड़े पैमाने पर मनरेगा में धांधली की जा रही है। अपने परिवार तथा रिश्तेदारों के कार्ड बनाकर घोटाला किया जा रहा है। पलौला का मामला सामने आने के बाद ऐसे प्रधानों में हड़कम्प मचा है। वह उन कार्डो को कटवाने में लगे है जिनसे उनकी गर्दन फंसने का अंदेशा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का पलायन रोकने के लिये मनरेगा योजना शुरू की गई थी। जबकि यहां के लोगों को अधिक से अधिक रोजगार घर पर ही मिले तथा वह शहरों की तरफ न जाये। लेकिन इस योजना को ग्राम प्रधानों ने आमदनी का जरिया बना लिया है। हालत यह है कि ग्राम प्रधान अपने परिवार तथा चहेतों के जॉब कार्ड बनाकर जमकर धांधली कर रहे है। मनरेगा में खूब घोटाला किया जा रहा है। जोया ब्लाक के गांव पलौला में हुए करीब 8 लाख के घोटाले में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मौहम्मद शमी की बहन, बहनोई समेत कई लोगों पर कारवाई होने से अब प्रधानों में हड़कम्प मचा गया है। चूकि

**प्रधानों के लिए आमदनी का जरिया बनी मनरेगा योजना**

पलौला का मामला सेलिब्रेटी मौहम्मद शमी से जुड़ा था इस कारण यह मीडिया में खूब उछला। पलौला के बाद अन्य ग्राम पंचायतों में भी डीएम ने मनरेगा में जॉब कार्ड की जांच के आदेश दिये है। जिससे घोटालेबाज प्रधानों में हड़कम्प मचा है। जिन प्रधानों ने अपने परिवार के कार्ड बनाकर मनरेगा में धांधली की है उन्हें अब अपनी गर्दन फंसती नजर आ रही है। वह उक्त जाब कार्ड को कटवाने में लगे है। यदि इस मामले में निष्पक्ष जांच कराई जाये तो कई दर्जन प्रधानों पर कार्रवाई की आंच आ सकती है। मनरेगा योजना को इन प्रधानों ने सबसे बड़ा आमदनी का जरिया बना लिया है। हालत यह है कि जो लोग जॉब कार्ड के लिये पात्र है उन्हें इसका लाभ नहीं दिया जाता। जबकि प्रधान अपने मनमर्जी से सारा काम करता है। यदि ग्रामीण शिकायत करते है उसे धमकी दी जाती है। जांच को टीम भी जाती है तो ग्राम प्रधान के बयान लेकर मामला मौके पर ही रफा दफा कर दिया जाता है। वर्षो से यह खेल किया जा रहा है। इसके अलावा गांवों के विकास के लिये आने वाले पैसे का भी दुरूपयोग किया जाता है। मानक के अनुरूप सामग्री नहीं लगाई जाती। जिस कारण गांव में होने वाले विकास कार्य कुछ ही दिनों में जर्जर हो जाते है। इसके अलावा जिन सफाई कर्मियों की तैनाती ग्रामीण क्षेत्र में होती है वह भी ग्राम प्रधानों को पैसे लेकर काम नहीं करते। अपने स्थान पर दूसरों को काम पर भेज देते है। प्रधान द्वारा इनसे भी महीना बंधा होता है।

# तीन तत्कालीन सचिवों समेत आठ पर रिपोर्ट

## पलौला में मनरेगा घोटाले का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गांव पलौला में हुए मनरेगा घोटाले में तीन तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारियों समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

बताते चलें कि जोया ब्लाक के गांव पलौला में मनरेगा में जमकर धांधली की गयी थी। क्रिकेटर मौहम्मद शमी की बहन व बहनोई समेत कई लोग कार्रवाई की आंच में आ गये हैं। मनरेगा में बरती गयी धांधली को लेकर तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी पृथ्वी सिंह, अंजुम, हुमा परवीन, संयुक्त सेवा मुक्त रोजगार सेवक झम्मन सिंह, तत्कालीन लेखाकार जोया विजेन्द्र सिंह, तत्कालीन कम्प्यूटर ऑपरेटर शराफत अली, तत्कालीन तकनीकि सहायक अजय निमेश, तत्कालीन अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकरी ब्रजभान सिंह के खिलाफ डिडौली कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया हैं इस कार्रवाई से हड़कम्प मचा है। बताते चलें कि गांव पलौला में क्रिकेटर मौहम्मद शमी की बहन शबीना व बहनोई तथा शबीना की सास ग्राम प्रधान ने अपने परिवार व अन्य रिश्तेदारों के जॉब कार्ड धांधली से बना लिये थे। जांच में सभी आरोप सही पये गये। ग्राम प्रधान से मनरेगा में घोटाले की आठ लाख रूपये की रिकवरी भी होनी है।

# डंपर-कार की हुई भिड़ंत

## कार में सवार छह सवारी हुई घायल, पुलिस जांच में जुटी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** बिजनौर-बदायूं हाइवे पर स्थित नरैनी चौराहा पर तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर और कार की भिड़ंत हो गई। जिसमें कार में सवार दो मासूम समेत छह लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से बिल्सी सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाल राजेंद्र सिंह पुंडीर ने बताया संभल जिले के रहने वाले कादिर पुत्र हबीब, आर्या पुत्री यूनिस, आयशा पत्नी बन्ने, साबिया पत्नी यूनिस, सिफातुल पुत्र गुलाबनवी, जुनइया पुत्री यूनिस आज बृहस्पतिवार की सुबह तड़के फर्रुखाबाद से अपनी कार से वापस संभल वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार हाइवे पर स्थित नरैनी चौराहे के पास पहुंची तभी सहसवान की ओर से एक डंपर तेज गति से बिसौली की ओर जा रहा था। चौराहे पर दोनों वाहनों की भिड़त हो गई। कार में सवार सभी छह लोग घायल हो गए। डंपर कार में टक्कर मारने के बाद एक यात्री शेड से भी टकरा गया, जिससे यात्री शेड भी पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही यात्री शेड में कोई अन्य व्यक्ति नहीं बैठा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दिया है।

# आंगनवाड़ी सेंटरों पर वितरण नहीं हो रहा ड्राई राशन

**अजीत कुमार, शाह टाइम्स**

**बदायूं।** कुंवर गांव आंगनबाड़ी सेंटरों पर वितरण नहीं किया जा रहा गर्भवती महिलाओं और बच्चों को ड्राई राशन ब्लाक सालारपुर क्षेत्र के गांव भगवतीपुर, घेर, मढ़िइयां और यूसुफ नगर में बच्चों और महिलाओं को बाल पुष्टाहार परियोजना के अंतर्गत आने वाला ड्राई राशन वितरण नहीं किया जा रहा है।

भगवतीपुर की महिलाओं का कहना है कि पिछले तीन माह से किसी भी सेंटर पर ड्राई राशन नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने इसकी डीएम से शिकायत करने की मांग की है।उनका कहना है कि गांव की एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री सीडीपीओ कार्यालय के महिला बाबू के साथ रहती है पूरा दिन ब्लाक पर ही बाबू के साथ बिताती है और बाबू के साथ मिलकर ड्राई राशन का गोलमाल किया जा रहा है ।।वही ब्लाक क्षेत्र के यूसुफ नगर में दो आंगनबाड़ी सेंटर है जिनपर पिछले दो माह से राशन वितरण नहीं किया गया है। सीडीपीओ कार्यालय एक बाबू के सहारे चल रहा है ।जिसके पास सीडीपीओ का कार्यवाहक चार्ज है महिला बाबू भगवतीपुर की एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री के साथ रहती है सीडीपीओ सुशील कुमार पर वजीरगंज, अम्बियापुर और सालारपुर तीन ब्लाकों का चार्ज है वह कभी सालारपुर ब्लाक सीडीपीओ कार्यालय आते ही नहीं है पूरा कार्य कार्यलय के महिला बाबू को सौंप रखा है।

बाल विकास परियोजना कार्यालय सलारपुर का खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार ने बुधवार को आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान प्रभारी सीडीपीओ बाबू की सीट खाली मिली कनिष्ठ लिपिक तेजस्विनी हमेशा की तरह निहित समय के 2 घंटे बाद कार्यलय पहुंची। उन्हे देखकर खंड विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जहिर करते हुए फटकार लगाई उन्होंने बताया ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषाहार



डांट लगाते बीडीओ नितिन कुमार

वितरण में अनियमितताएं मिल रही है शिकायतों पर मौके पर पहुंचकर कार्यालय का निरीक्षण किया तो विलंब से पहुंची कनिष्ठ लिपिक से जानकारी ली गई।

तो ग्राम प्रधानों द्वारा मिल रही शिकायते सही पाई गई इस संबंध में खंड विकास अधिकारी नितिन कुमार ने बताया संबंधित प्रभारी सीडीपीओ सुनील कुमार से फोन द्वारा वार्ता की गई तो वह यह भी नहीं बता पाए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कितना मानदेय और किस मद से दिया जाता है पता नहीं कैसे तीन-तीन ब्लाकों का चार्ज चला रहे हैं कार्यलय की व्यवस्था राम भरोसे चल रही है प्रभारी सडीपीओ और कनिष्ठ लिपिक के खिलाफ मुख्य विकास अधिकारी को जांच रिपोर्ट भेजी गई है।

बाल विकास परियोजना कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बीडीओ को मिली अनियमितताएं कार्यवाही के लिए जांच रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को सौंपी।



**मुख्य सेविका के कड़े निर्देशन पर काफी हीला. हवाली के बाद मुख्य सेविका के कड़े निर्देशन पर संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बाल पोषाहार वितरण करने की भरी हामी :** यूं तो उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के मुताबिक बाल पोषाहार वितरण प्रणाली में अपेक्षाकृत इजाफा हुआ है पर फिर भी कुछेक आंगनबाड़ी केंद्रों पर बाल पोषाहार के लाभार्थियों व संबंधित ग्राम प्रधानों व उनके प्रतिनिधित्व करने वालों के गिले - सिकवों का सिल - सिला जारी है। ऐसा ही एक मामला विकास खंड आसफपुर क्षेत्र के गांव दबथरा का प्रकाश में आया है जहां संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने पिछले काफी समय से बाल पोषाहार का वितरण नहीं किया। बताया जा रहा है कि यहां के मौजूदा ग्राम प्रधान के बेटे ने इस जनहित से संबंधित मामले का प्रतिनिधित्व करते हुए बाल पोषाहार लाभार्थियों की आवाज को आसफपुर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय पर मुख्य सेविका विमला देवी के संज्ञान में पहुंचाया इस दौरान मुख्य सेविका विमला देवी ने मामले को त्वरित गंभीरता से लेते हुए संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नीयत समय से बाल पोषाहार वितरित करने की सख्त हिदायत दी यहां गौरतलब है कि संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने शासनादेश की अवहेलना कर शासन की छवि धूमिल करने का रौल किया हालांकि गांव दबथरा वाशिंदे बाल पोषाहार लाभार्थियों ने इस मामले की कोई लिखित प्रार्थना - पत्र देकर गिल्लगुजारी नहीं की है।

# एसएसपी, एसपी ने जनता के दिल में बनाई अपनी जगह

एस एस पी, एसपी देहात के के सरोज ने बदायू कार्यभार ग्रह ण करने के बाद जिले भर से अपराधियों का सफाया बहन बेटी सुरक्षित



**कामिल खान, शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपराध होने के हर मामले में दोषी पुलिस को ठहराया जाता है लेकिन जब वही पुलिस किसी मामले का पर्दाफास करती है तो क्षेत्र के नागरिक पुलिस की तारीफ के पुल बाधने में कोई कसर नही छोती और यह सब एक समाजिक प्रक्रिया नजर आती है। बदायूं में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा ब्रजेश कुमार सिंह बदायूं में कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत इस मामले में सबसे आगे नजर आते हैं और यही कारण है कि एसएसपी सिंह जनता के दिल में अपनी जगह बना चुके हैं और उसका कारण जनपद में घटनाओं का पर्दाफाश करने में ननका नेतृत्व बहुत शानदार रहा है। व्यवसाई से जनता के सामने उस समय आ गया जब एसएसपी डा ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व और एसपी देहात केके सरोज के निर्देशन में लूट की वारदात हो या कोई घटना उसका चंद घंटे में पर्दा फाश कर दिया जाता है अंजाम देने वाले अपराधियों को बक्सा नहीं जाता सफलता प्राप्त करके वर्दी का इकबाल बुलन्द करने के साथ अपराधियों को अपराध करने से पहले सोचने को मजबूर करने का रस्ता दिखा बदायूं की जनता को मिल रहा है इंसाफ।

# गैस सिलेंडर फटने से दो मासूमों की मौत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** कादरचौक थाने के गांव जिंसी नगला में एक झोपड़ी नुमा घर में आग लगने से घर में रखे सिलेंडरों में आग लग गई। आग की चपैट में आने से घरेलू सामान तो जला ही ,मगर दो मासूम बच्चों की भी दर्दनाक मौत हो गई।

ग्रामीण संग पुलिस व फायरबिग्रेड की गाड़ियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार कादरचौक थाने के गांव जिंसी नगला निवासी अलख राम पुत्र चिरौंजी के घर में आज अचानक आग लग गई। आग इतनी भयानक लगी कि उसमें रखे दो गैस सिलेंडरों ने आग पकड ली। घर में खेल रहे सुमित 5 पुत्र जयपाल निवासी ककौडा व दीपक 06पुत्र भूपराम निवासी चंपतपुर भमोरा बरेली आग की चपैट में आने से जल गये। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायरबिग्रेड की गाड़ियों ने बाम. ुश्किल आग पर काबू पाया। इसमें एक भैंस की पडिया की भी मौत की सूचना है। वहीं घर का सारा सामान भी जलकर स्वाहा हो गया।

# अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाहों पर रहेगी जिला प्रशासन की नजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अरुण कुमार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम.2005 की धारा 17 के अन्तर्गत अधिनियम की धारा 13(1) के सम्बंध में हो रहे बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विवाह में हिस्सा लेने बाले व्यक्तियों पर कानूनी कार्यवाही का प्राविधान किया गया है विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष एवं लड़के की उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है यदि इससे कम उम्र की शादी लड़के अथवा लड़की की होती है तो वह अपराध की श्रेणी मे आता है जिसके लिए बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह दंण्डनीय अपराध है। इसमें 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियों का विवाह करने पर 02 साल की जेल व एक लाख रूपये के जुर्माने का प्रावधान है। ऐसे विवाह में हिस्सा लेने वाले लोगो, बैण्ड बाजे वाले, कैटर्स, डेकोरेटर्स, पंडित, हलवाई, बरात घर आदि पर भी कानूनी कार्यवाही का भी प्राविधान है। उपरोक्त के सम्बंध में जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, खण्ड विकास अधिकरी, ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, शासकीय, अशासकीय, परिषदीय एवम वित्त विहीन एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक बदायूं के द्वारा सर्कुलर जारी का अतिशीघ्र बाल विवाह की सूचना देने हेतु आदेशित किया गया है एवम जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाप सेन्टर, व एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, पुलिस बदायूं के द्वारा बाल विवाह रोकने एवं जागरूक करने हेतु विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। बाल विवाह प्रथा को रोकने के लिए यदि किसी को बाल विवाह से सम्बंधित सूचना प्राप्त होती है या बाल विवाह होने के सम्बध में कोई सूचना देना चाहता है तो जिला बाल संरक्षण अधिकारी/जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार मो0नं0 7518024013, चाइल्ड हैल्पलाइन 1098 (टोल फ्री) परियोजना समन्वयक कमल शर्मा मो0नं0 9410294945 बाल कल्याण समिति अध्यक्ष नन्द किशोर पाठक मो0नं0 8923265052 वन स्टाप सेन्टर सेन्टर मैनेजर प्रतिक्षा मिश्रा मो0नं0 9719674435 एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी मान बहादुर सिंह मो0नं0 9410294945 जिला बाल संरक्षण इकाई संरक्षण अधिकारी रवि कुमार 9411468148 तथा महिला हेल्पलाइन 181, से सम्पर्क कर बाल विवाह से सम्बंधित शिकायत को दर्ज कराया जा सकता है जिसमे शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

बैठक के दौरान अभय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, प्रभारी थानाध्यक्ष ए0एच0टी0 मान बहादुर सिंह, संरक्षण अधिकारी रवि कुमार, प्रीती कौशल संरक्षण अधिकारी, नन्द किशोर पाठक, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, प्रतीक्षा मिश्रा सेन्टर मैनेजर, कमल शर्मा परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन, दीपक कुमार, मीना सिंह सचिव काशी समाज विकास संस्थान, इत्यादि उपस्थित रहे।

# सपा सांसद का फूंका पुतला

हिन्दू समाज के लोगों ने राणा सांगा को लेकर दिए गए विवादित बयान



**राजीव सक्सेना, शाह टाइम्स**

**उघैती।** रामजीलाल सुमन के राणा सांगा को लेकर दिए गए विवाद बयान के बाद मामला लगातार तुल पकड़ता जा रहा है। इसको लेकर उघैती थाना क्षेत्र के कस्बा खितौरा में हिंदू महासभा के लोगों ने नारेबाजी करते हुए सपा सांसद का पुतला दहन किया।हिंदू महासभा के आक्रोशित लोगों ने प्राचीन देवी मंदिर के सामने मेन रोड पर इकट्ठे होकर सपा सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।आक्रोशित लोगों ने नारेबाजी करते हुए सपा सांसद को तत्काल बर्खास्त करने की मांग करते हुए पुतला दहन किया।

इस मौके पर अंकुश ठाकुर, सोनू राणा, उज्ज्वल सिंह, रिशू भारद्वाज, अक्षत भारद्वाज, अंकित दीक्षित, मुनेंद्र ठाकुर, शिवम ठाकुर, नितिन ठाकुर, मोनू राणा, अमन ठाकुर, सुनील राणा, दीपक ठाकुर, अनुराग ठाकुर, कृष्णा भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# विधायक आशुतोष मौर्य ने क्रिकेट प्रीमियम लीग एचपीएल का फीता काटकर किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बुधवार को विधानसभा बिसौली क्षेत्र के ग्राम हतरा में क्रिकेट प्रीमियम लीग H- P- L- सीजन 9 का शुभारंभ मुख्यातिथि बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य उर्फ राजू भैया द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस शुभ अवसर पर बिसौली विधायक ने कहा क्रिकेट खेलने से शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से लाभ होते हैं. इस अवसर पर आयोजक अब्दुल रहीम खान. उपाध्यक्ष अल्तमश शैख.पूर्व मण्डल अध्यक्ष अनुज सक्सेना. जिला पंचायत सदस्य जयपाल दिवाकर. ग्राम प्रधान रहुफ अहमद. गुड्डा हसन, कामरान, आदिल, सालिम खान, नईम मियां उर्फ बड़े भाई एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# एक नजर

## ब्याज सहित देय ऋण जमा नहीं किया तो कटेगी आर०सी० और होगी वसूली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** ऋण योजना के अन्तर्गत जनपद में वर्ष 1995 से 2009 तक एवं 2019 के बाद लाभान्वित हुए लाभार्थियों से मूल धनराशि और ब्याज की धनराशि की वसूली के लिये माह अप्रैल में विशेष अभियान चलाकर ऋण वसूलने की कार्यवाही युद्ध स्तर पर संचालित है। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम लिमिटेड लखनऊ द्वारा जनपद के 10 बड़े बकायेदारों की सूची उपलब्ध करायी गयी है। जो बड़े बकायेदार हैं अथवा जिनके द्वारा अभी तक बकाये के रूप में कोई भी ऋण की धनराशि या अवशेष बकाया की धनरा. शि वापस या जमा नहीं की गयी है,उनक विरूद्ध शासनादेश में दिये गये प्रावधानों के अनुसार जैसे यदि बकायेदार असलाहधारी, सरकारी, अर्द्ध सरकारी एवं सरकारी सेवा के अन्तर्गत कार्यरत हैं या कोटेदार आदि बकायेदारों से वसूली करने हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से उनके असलहे के लाइसेन्स निरस्त करने,सरकारी एवं अर्द्धसरकारी सेवा में कार्यरत बकायेदारों की वसूली उनके सेवानियोजक के माध्यम से पत्राचार कर वेतन आदि से करने,कोटेदार हो तो उनका कोटा निरस्त कराने सम्बन्धी कठोर कार्यवाही कर निगम की बकाया ऋण धनराशि वसूल की जायेगी। ऐसे बकायेदार जो जमीन अथवा अन्य अचल सम्पत्ति बेचकर चले गये हैं उन्हें चिन्हित करके उनकी जमीन को खघ्रीदने वाले क्रेता को नोटिस देकर बकाया धनराशि वसूल किये जाने का प्रयास किया जायेगा तथा मृतक बकायेदारों की वसूली उनके वारिसान से की जायेगी।

जो असरदार एवं नादेहांत बकायेदार हैं उनसे वसूली हेतु जिला प्रशासन से सहयोग प्राप्त कर ऋण की धनराशि जमा करने हेतु कठोर कार्यवाही की जायेगी। बड़े बकायेदारों की सूची सार्वजनिक स्थान पर लगाकर/नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी,जिससे प्रतिष्ठित बकायेदारों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़े जिससे वो ऋण की अदायगी के लिए बाध्य हो। माह अप्रैल 2025 तक देय धनराशि जमा न करने पर ऋण संहिता के विरूद्ध 10 प्रतिशत संग्रह शुल्क संहिता भू-राजस्व अधिनियम के अंतर्गत वसूली की जाएगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो0 खघलिद ने वर्ष 1995 से 2009 तक लोन के लाभार्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा रईस मार्केट बदायूँ के बचत खाता संख्या-09830100008679 में जमा करें तथा जनपद में वर्ष 2019-20 व 2020-21 में वितरित ऋणों की वसूली की धनराशि निगम मुख्यालय द्वारा संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा सप्रू मार्ग शाखा लखनऊ के खाता संख्या-00500100017608 IFSC CODE & BARB0VJHAZR में लाभार्थी द्वारा जमा कर पेईंग स्लिप की फोटो प्रति जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में ऋण योजना पटल सहायक राज कुमार के पास जमा करें। जिन लाभार्थियों द्वारा किस्तों का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है। उन्हें भुगतान कराने का अन्तिम अवसर दिया जा रहा है। अन्यथा देय धनराशि की वसूली के लिए आरसी जारी की कार्यवाही की जाएगी जिस हेतु लाभार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।


## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

**दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com


# प्रदेश में समय पर मिल रहे गन्ना मूल्य भुगतान से गन्ना किसान हो रहे हैं समृद्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** गन्ना की खेती भारत वर्ष की महत्वपूर्ण वाणिज्यिक फसलों में से एक है और इसका नकदी फसल के रूप में प्रमुख स्थान हैं। चीनी का मुख्य स्त्रोत गन्ना हैं। भारत दुनिया में चीनी का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। गन्ने की खेती में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलता है और इससे विदेशी मुद्रा भी प्राप्त होती हैं। उव्वार प्रदेश में 29.66 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि पर गन्ना की खेती की जाती है। प्रदेश में 45 जिलों से अधिक लगभग 46.50 लाख किसान गन्ना की खेती करते है। नकदी फसल होने के कारण गन्ना किसान गन्ना उत्पादन में परिश्रम कर उत्पादकता बढ़ाते हुए समृद्ध हो रहे है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में गन्ना किसानों को हर स्तर पर सहायता दी जा रही है। नवीन तकनीक और नवीन उत्पादकता बढ़ाने वाले बीजों का वैज्ञानिक ढंग से प्रयोग करते हुए किसान गन्ना उत्पादन बढ़ा रहे है। गत आठ वर्षो में 46.50 लाख गन्ना किसानों को अब तक रू0 2,80,223 करोड़ गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया है। यह वर्ष 1995 से 15 मार्च 2017 (22 वर्ष) में हुए कुल भुगतान से रू0 66 हजार 703 करोड़ अधिक है। समय पर गन्ना मूल्य का भुगतान मिलने से किसानों की आय में बढ़ोव्वारी हो रही है। प्रदेश में वर्ष 2016-17 में गन्ना का क्षेत्रफल 20.54 लाख हेक्टेयर था, जो 2024-25 में बढ़कर 29.66 लाख हेक्टेयर हो गया है। गन्ना क्षेत्र बढ़ने से किसानों की आय में औसतन 370 रूपये प्रति कुन्तल की दर से 43,364 रूपये प्रति हेक्टेयर की वृद्धि हुई। उव्वार प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को दिये गये प्रशिक्षण और नवीन तकनीक का ही परिणाम हैं कि वर्ष 2016-17 से पहले, जहां गन्ना उत्पादन 72 टन प्रति हेक्टेयर था, वही वर्ष 2024-25 में गन्ना उत्पादन 85 टन प्रति हेक्टेयर हो गया है। प्रदेश में किसानों को क्षेत्रीय स्तर पर गन्ना चीनी मिलों तक पहुचाने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्थापित चीनी मिले में आसानी से पहुचाया जाता है। किसानों को दी गयी पर्ची के हिसाब से चीनी मिलों द्वारा गन्ना प्राप्त किया जाता है। प्रदेश में वर्तमान में 122 चीनी मिलें क्रियाशील है। चीनी मिलों की दैनिक पेराई क्षमता जो वर्ष 2017 से पूर्व 7.50 लाख टीसीडी थी, वह बढ़कर अब 8.36 लाख टीसीडी हो गयी है। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर प्रदेश में बन्द चीनी मिलों को भी संचालित किया गया है। मार्च, 2017 से अब तक 03 नई चीनी मिलों की स्थापना की गयी है तथा 06 चीनी मिलों का पुर्नसंचालन एवं 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार किया गया है। इन चीनी मिलों में लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है। प्रदेश सरकार ने बन्द पिपराईच चीनी मिल में 60 KLPd~ क्षमता की आसवानी तथा बंद पड़ी छाता चीनी मिल पर 2000 टीसीडी क्षमता की नई चीनी मिल एवं लॉजिस्टिक हब वेयर हाउसिंग काम्प्लेक्स की स्थापना की जा रही है। प्रदेश में पेराई सत्र 2018-19 नवीन खाण्डसारी लाइसेसिंग नीति निर्गत की गयी। नई खाण्डसारी इकाई के लाइसेंस हेतु चीनी मिल से त्रिज्यात्मक दूरी 15 कि.मी. से घटाकर 7.5 किमी कर दी गयी। विगत 25 वर्षों में प्रथम बार अद्यावधिक तिथि तक कुल 285 नई खाण्डसारी इकाइयों हेतु लाइसेंस निर्गत किये गये है, जिसमें से 176 इकाईयां संचालित हो चुकी हैं। 285 इकाईयों की स्थापना के बाद 73700 टीसीडी की अतिरिक्त पेराई क्षमता का सृजन हुआ है जिससे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग रू0 1241.25 करोड़ का पूंजीगत निवेश सहित लगभग 41घ्900 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है। प्रदेश में वर्ष 2017 तक एथेनॉल का कुल उत्पादन 42 करोड़ लीटर था, जो सत्र 2023-24 में बढ़कर 177 करोड़ हो गया है। देश में एथेनॉल उत्पादन में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। प्रदेश के किसानों को गन्ना फसल के क्षेत्र में गत 07 वर्षों में 36.34 लाख हेक्टेयर क्षेत्र फल में गन्ने के साथ अंत:फसली खेती करने से किसानों को 25 प्रतिशत की अतिरिक्त आय हुई है। ग्रामीण महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए प्रदेश के 37 जिलों में 3208 महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है जिनमे 60092 ग्रामीण क्षेत्र की महिला उद्यमी के रूप में पंजीकृत हुई है। महिला स्वयं सहायता समूहो को अबतक रू0 6622.92 लाख का अनुदान भी वितरित किया गया है। प्रदेश के किसान गन्ना उत्पादन कर समृद्ध हो रहे है।

# भाजपा का स्थापना दिवस अंबेडकर जयंती पर भव्य आयोजन: राजीव कुमार गुप्ता




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भाजपा कार्यालय पर आगामी अभियानों एवं कार्यक्रम के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 06 अप्रैल से 25 अप्रैल तक होने वाले कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। बैठक को मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री ब्रज क्षेत्र राकेश मिश्र अनावा और जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने संबोधित किया। क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्र अनावा ने कहा भारतीय जनता पार्टी का विशाल वृक्ष उन सभी महान विभूतियों को नमन करने का दिन है, जिन्होंने वर्षों की अपनी कड़ी मेहनत, संघर्ष और त्याग से पार्टी को सींचकर इस ऊंचाई तक पहुंचाया है। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भाजपा देश की सबसे पसंदीदा और लोकप्रिय पार्टी है, जो 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र के साथ जन-जन की सेवा में जुटी है। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा पार्टी की स्थापना 06 अप्रैल 1980 को हुई। स्थापना दिवस को पार्टी पूरी भव्यता से प्रत्येक बूथों पर मनायेगी। 6 अप्रैल को पार्टी कार्यालय और पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में ध्वजारोहण करेंगे। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर रुइरच4अपोपज ठींतंज हैशटैग के साथ पोस्ट करेंगे। पार्टी कार्यालय पर प्रदर्शनी का आयोजन व मिष्ठान वितरण किया जायेगा। 6 और 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि व गोष्ठी करके स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 8 और 9 अप्रैल को विधानसभा वार सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन आयोजित किये जाएंगे। 7 से 12 अप्रैल तक घर-घर संपर्क अभियान चलेगा, जिसमें लाभार्थियों से संपर्क व संवाद, भाजपा का ध्वज लेकर शोभायात्रा निकाली जाएगी, ग्राम चौपाल आयोजित की जाएगी, बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक, स्वच्छता अभियान चलाना, जल संरक्षण व जल संचयन पर संवाद करना 12 अप्रैल को अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन डाइट ऑडिटोरियम बदायूं में किया जाएगा। जिसमें अटल जी से जुड़ी बदायूं की स्मृतियों के संकलन को प्रदर्शित किया जाएगा। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 13 से 25 अप्रैल तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें 13, 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमा एवं परिसर की सफाई और माल्यार्पण होगा। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र राजपूत, सुभाष चंद्र गुप्ता, एमपी सिंह राजपूत, सुधीर श्रीवास्तव, शारदाकांत शर्मा, अरुण प्रकाश, केशव चौहान, धीरज पटेल, शैलेन्द्र मोहन शर्मा, शारदेंदु पाठक, सुखदेव राठौर, दुर्गेश वार्ष्णेय, भगवान सिंह मौर्य, राजपाल सागर, उदयवीर दिवाकर, ग्रीशपाल सिसोदिया, पंकज शर्मा, मुनीश राघव, राहुल रावत, सहदेव सागर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आलीमा जनाब पब्लिक स्कूल लालपुल बदायू में वार्षिक परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** आलीमा जनाब पब्लिक स्कूल लालपुल बदायू हाल ही में अपनी वार्षिक परीक्षा 2025 के परिणामों की घोषणा की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में फात्मा रजा अध्यक्षा नगर पलिका परिषद बदायूँ ने इस समारोह में छात्रोंए अभिभावकों और शिक्षकों के लिए एक अभूतपूर्व दिन बना दिया। 'प्रमोद ने NC to 8जी में टॉप किया' इस वर्ष प्रमोद ने NC to 8जी क्लास तक के छात्रों में स्कूल टॉप किया। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का विषय है पब्लिक स्कूल के लिए भी यह एक बड़ी सफलता का प्रतीक है। प्रमोद और उनके साथियों ने न केवल अपनी मेहनत का परिणाम देखा बल्कि अपने स्कूल का नाम भी रोशन किया। 'स्कूल प्रबंधन का योगदान' स्कूल के प्रबंधन ने बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। स्कूल में नियमित रूप से बच्चों को प्रेरित किया जाता है ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकें। परिणाम स्वरूप बच्चों में आत्मविश्वास और मेहनत करने की भावना पैदा हुई है जिससे उन्होंने यह शानदार परिणाम हासिल किया। 'मुख्य अतिथियों का सम्बोधन' मुख्य अतिथि फात्मा रजा ने अपने सम्बोधन में कहा शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ अंक प्राप्त करना नहीं बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि स्कूल ने बच्चों को एक स्वस्थ और सकारात्मक वातावरण दिया जिसमें वे न केवल पढ़ाई में अच्छे प्रदर्शन कर सके बल्कि अपने व्यक्तित्व का भी विकास कर सकें। बच्चो के मोईबल से बचने की सलाह दी। 'मुख्य अतिथियों का सम्बोधन' इसी मौके पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो0 खालिद ने भी छात्रों की सफलता को सराहा और कहा आपकी मेहनत ही आपकी सफलता का आधार है। यदि आप कठिनाईयों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहते हैं तो किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं। 'समारोह का समापन' इस समारोह का समापन बच्चों और शिक्षकों के बीच



संवाद और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। स्कूल ने उन बच्चों को सम्मानित किया जिन्होंने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। यह दिन स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ और यह सभी के लिए एक प्रेरणा बनकर उभरा। अंत में आलीमा जनाब पब्लिक स्कूल लालपुल बदायू ने के प्रबन्धक वसीम अहद ने कहा कि बच्चो ने यह सिद्ध कर दिया कि जब बच्चों को सही मार्गदर्शन और प्रेरणा मिलती है तो वे किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं और अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।

# अस्थि कलश विसर्जन करने जा रहे परिवार की गाड़ी खाई में पलटी

## गाड़ी में सवार थे एक दर्जन लोग, तीन की हालत गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्गा विहार कॉलोनी के सामने अस्थि कलश विसर्जन करने जा रहे परिवार की गाड़ी सड़क किनारे खाई में पलट गई। चालक को नींद की झपकी आने के कारण हुए हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। तीन गंभीर की हालत चिंता. जनक देखते हुए जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

रामपुर जनपद के गांव मुकुटपुर थाना स्वार निवासी लज्जावती पत्नी शेर सिंह की मृत्यु के बाद परिजन उसकी अस्थियां विसर्जन करने के लिए हरिद्वार जा रहे थे। परिवार के एक दर्जन लोग टाटा मैजिक गाड़ी में सवार थे। बताते हैं जब यह गाड़ी धामपुर में दुर्गा विहार कॉलोनी के सामने पहुंची तो बाईपास पर गाड़ी के चालक रिंकू पुत्र भीम सिंह निवासी ढीमरखेड़ा थाना टांडा जनपद रामपुर को अचानक नींद की झपकी आ गई। इसके बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पोल से टकराकर खाई में पलट गई। गाड़ी के खाई में पलटने के बाद उसमें सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई।

हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को देखकर राहत कार्य शुरू कराया। राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के प्रयास के बाद गाड़ी में दबे लोगों को बाहर निकाला।

उधर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बाद में सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल विनीत, जीवन तथा अनिकेत को हायर सेंटर रैफर कर दिया। जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# कम्प्यूटर लैब व शिशु वाटिका कक्ष का शुभारम्भ

## वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि शरद कुमार अग्रवाल (एमडीजी के हॉस्पिटल नगीना, उपेन्द्र कुमार शर्मा सम्भाग निरीक्षक मुरादाबाद, विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, उपाध्यक्ष एडवोकेट हेमंत कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. बालेश विश्नोई, प्रबंधक डॉ. संदीप कुमार शर्मा, एड. अनिल शर्मा, मोहित गोयल, राजन अग्रवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि शरद कुमार अग्रवाल ने सभी को परीक्षा परिणाम की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती ही एक मात्र ऐसा संस्थान है जो शिक्षा के साथ संस्कार भी सिखाता है। रोहित रवि ने सरस्वती विद्या मंदिरों को देश भक्ति की पाठशाला बताते हुए कहा कि यहां पढ़ने वाले सदैव अनुशासन का पालन करते हैं। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. संदीप शर्मा ने सभी को परीक्षा परिणाम की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु एवं विद्या मन्दिर सर्वोत्तम संस्थान है। हमें अपने साथ साथ अपने परिचितों को भी प्रेरित करना चाहिए कि वो भी अपने बच्चे इन विद्यालयों में पढ़ायें, जिससे समस्त समाज संस्कारित हो सके और हमारा देश पुन: परम वैभव पर पहुंचे।

इस अवसर पर विद्यालय में नवीन सुसज्जित एवं आधुनिक कम्प्यूटर लैब और शिशु वाटिका कक्ष का शुभारम्भ उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने बताया कि कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक भैया दिव्य राजपूत (चल) ने 1400 में से 1320 अंक, कक्षा तृतीय से पंचम तक भैया उदित अग्रवाल (पंचम) 2000 में से 1718 अंक, कक्षा 6 से 8 तक भैया विराज मिश्रा (सप्तम) 2000 में से 1803 अंक, कक्षा नवम और एकादशी में भैया आदित्य शर्मा (नवम) 1020 में से 795 अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। संस्कृति ज्ञान परीक्षा (शिशु वर्ग) में कक्षा तृतीय से पंचम तक बहिन विधि (चतुर्थ) 100 में से 82 अंक, बाल वर्ग कक्षा 6 से 8 तक भैया विराज मिश्रा (सप्तम) 100 में से 76 अंक, उच्च वर्ग नवम से द्वादश भैया मौलिक मिश्रा (नवम) 100 में से 63 अंक, आचार्य वर्ग में सुभाष चन्द्र (प्रथम), कुमारी अदिति चौहान (द्वितीय) और सुधीर कुमार (तृतीय) ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भैया उदित अग्रवाल, रक्षित आग्रवाल और बहिन नीतिका मालवा ने शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करायी। सर्वाधिक अनुशासित भैया बहिन में बहिन विधि (चतुर्थ) और बहिन आयुषी शर्मा (एकादश) चुनी गयीं। कक्षानुसार प्रथम, द्वितीय और तृतीय इस प्रकार हैं कि कक्षा नर्सरी में जानवी, युग, मिठछ, कक्षा एलकेजी में दक्षिता, तनवी सैनी, प्रत्यक्ष कुमार, कक्षा यूकेजी में दिव्य राजपूत, आरोही बालियान, लव्य सैनी, कक्षा प्रथम में नैना, कनक चाहर, अभीश्री चाहर, कक्षा द्वितीय में पुनीत कुमार, लाभ गिरी, रिशु शर्मा, कक्षा तृतीय में नित्या, शिवन्या, लक्ष्य, कक्षा चतुर्थ में विधि चौहान, कृक्तिका, आकाश, कक्षा पंचम में उदित अग्रवाल, निधि, निशु वर्मा, कक्षा पष्ठ में आयुषी गौतम, लक्षी चौधरी, पलक चौधरी, कक्षा सप्तम में विराज मिश्रा, मोहित कुमार, अपूर्वा, कक्षा आम में वंदना, पराग चौहान, आंचल, कक्षा नवम में आदित्य शर्मा, दिव्यांश सिंह, जतिन पाल, कक्षा एकादश में निशु, आयुषी शर्मा, प्रियांशी सैनी ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

# स्कूल चलो अभियान रैली निकाली

## खंड शिक्षा अधिकारी ने दिखाई हरी झंडी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** शासन के निर्देशों के अनुक्रम में नि:शुल्क एवं बाल अधिकार अधिनियम 2009 के सार्वभौमिकरण लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विकास क्षेत्र किरतपुर में स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। जिसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकान्त गिरि द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

रैली में सैकड़ों छात्र-छात्राएं अपने शिक्षकों के साथ स्कूल में एडमिशन संबंधित नारे लगाते चल रहे थे तथा उनके हाथों में स्कूल प्रवेश संबंधित स्लोगन लिखी तख्तियां थी। रैली में नगर क्षेत्र किरतपुर के समस्त विद्यालय (प्राथमिक विद्यालय बसी कोटला, नगर क्षेत्र 2 किरतपुर द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय किरतपुर खास एवं प्रथम) सहित अनेक विद्यालयों के बच्चों तथा शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बच्चों द्वारा एक भी बच्चा छूटे ना संकल्प हमारा टूटे ना जैसे स्कूल चलो अभियान से संबंधित नारे लगाए गए। नगर में आम जन से अपील की गई कि वो अपने बच्चों का प्रवेश निकटतम सरकारी स्कूल में कराएं।

खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न योजना जैसे डीबीटी ऑपरेशन कायाकल्प आदि कई योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अत: सभी अभिभावकों से अपील की गयी कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उनका नामांकन निकट के सरकारी स्कूल में करवाएं।

रैली को सफल बनाने में बीआरसी केंद्र किरतपुर का समस्त स्टाफ एवं आदेश पाल अजहर जमाल, गुलशन गुप्ता, आनंदपाल, मीनाक्षी, आकांक्षा, अनीता रानी, श्वेता अरोरा, सुंदर सिंह लखारिया, सचिन, शाकिर हुसैन, मनोज कुमार गौतम, संजय कुमार, दीपक सलूजा, दीपक राजपूत, तापस पाल, रियाजुद्दीन, सिम्मी रस्तौगी, बेबी सलमा, अंजलि, सबीहा साबिर आदि का विशेष योगदान रहा।

## अंडरपास के लिए डीएम से मिले ग्रामीण

कोतवाली देहात। अंडरपास बिश्नोईवाला मार्ग के सामने बनवाने के लिए ग्रामीण डीएम तथा भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले।

ग्राम महेश्वरी जट में अंडरपास निर्माण पिछले 6 माह से रुका हुआ था। मंगलवार को कार्यदाई संस्था के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच गतिरोध के चलते काम रुक गया था। ग्रामीण अंकित कुमार, प्रेषक, सुमित, लियाकत, मोहित, राहुल शर्मा, जितेंद्र आदि जिलाधिकारी से मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि महेश्वरी जट के सामने बने अंडर पास से कम लोगों का आना जाना है। चौराहे पर प्राथमिक विद्यालय तथा जूनियर हाईस्कूल है। ग्राम वासियों का आना-जाना भी ज्यादा रहता है। अन्य गांव के लोगों के आने का रास्ता भी प्राथमिक स्कूल के सामने ही है। गांव बिश्नोईवाला व खुर्रमपुर खड़क के किसानों का गन्ना भी इसी रास्ते से आता है। ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी से मिले। ग्रामीण अंकित कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी ने एसडीएम नगीना को मौके पर भेजने की बात कही।

# दो भाईयों पर जानलेवा हमला





## पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र के गांव ढेला गुर्जर में ईद के दिन दो भाइयों पर जानलेवा हमला किया गया। आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दोनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

गांव ढेला गुर्जर में ईद के दिन एक बड़ी वारदात सामने आई है। 31 मार्च की शाम करीब साढ़े चार बजे यामीन और रईस अपनी ठेली से काम निपटाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव में तेली वाली मस्जिद के पास सफेद स्कॉर्पियो में सवार चार लोग वहां पहुंचे। ठेली गाड़ी से हल्का टच होने पर वहां गाली-गलौच शुरू हो गई। आरोप है कि फिर गाड़ी से उतरकर कार सवरों ने हाथों में रॉड, सरिया और धारदार हथियार लेकर दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। हमले में रईस और यासीन को गंभीर चोटें आईं। चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने घायल भाइयों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं कि अगर कोई कार्रवाई की तो परिवार को जान से मार देंगे। फिलहाल, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राशन वितरण में गड़बड़ी मिलने पर मुकदमा दर्ज

**चांदपुर।** ग्राम बेरखेड़ा जलीलपुर निवासी विकास कुमार पुत्र स्व. लाल सिंह की सरकारी उचित दर की दुकान की शिकायत पर क्षेत्रीय खाद्य पूर्ति अधिकारी कार्यालय से पूर्ति अधिकारी अंकित कुमार ने उचित दर विक्रेता विकास कुमार की दुकान पर भौतिक सत्यापन हेतु पहुंची पूर्ति विभाग की टीम ने अपनी जांच और सत्यापन की कार्यवाही के तहत मौके पर ई-पोश मशीन इलेक्ट्रॉनिक कांटा व मौके पर रखे स्टॉक की जांच टीम के साथ करने पर 37 कट्टे गेंहू, दो कट्टे लूज और सात कट्टे चावल और एक कट्टा लूज खुले कट्टे मिले, जो स्टॉक से कम होने पर उचित दर विक्रेता द्वारा सही जवाब व सही जानकारी नहीं देने पर मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान ग्रामीणों के बीच जांच के दौरान खाद्यान्न कम पाया गया। जिसके आधार पर पूर्ति निरीक्षक अंकित कुमार द्वारा उक्त उचित दर विक्रेता के विरुद्ध पुलिस में तहरीर दे दी गई। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 0179/2025 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। ग्रामीण क्षेत्र में उचित दर विक्रेता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो जाने पर सरकारी राशन की कालाबाजारी करने वाले कुछ उचित दर विक्रेता राशन डीलरों में हड़कम्प मचा हुआ है।

# कम्पोजिट विद्यालय तीबड़ी में वार्षिकोत्सव

## बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कम्पोजिट विद्यालय तीबड़ी में वार्षिक उत्सव तथा शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

ब्लॉक प्रमुख हेमलता चौहान ने परिषदीय विद्यालयों में बेहतर हो रहे शिक्षा के स्तर पर प्रसन्नता व्यक्त की और लोगों से अपने बच्चों का प्रवेश इन्हीं स्कूलों में कराने की अपील की। एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने कहा कि परिषदीय विद्यालय किसी प्रकार भी मोटी फीस वसूलने वाले निजी क्षेत्र के स्कूलों से कम नहीं हैं।

खण्ड शिक्षा अधिकारी मुन्ना लाल द्विवेदी ने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी प्रयासों का उल्लेख किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षक संघ अल्हैपुर के अध्यक्ष नवनीत कुमार तथा मंत्री अमित सिसोदिया ने भी सभा को संबोधित किया। सभा में ग्राम प्रधान शमीम अहमद, एसएमसी अध्यक्ष मौ. अमीर, रणवीर सिंह, शहाना परवीन, अंजार अहमद आदि बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक अतीक आजाद ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिक्षकों में शेफाली सिंह, राहुल, प्रेरणा, पूजा, शाजिया, राजबाला, रूपा, वंदना, सीमा, सविता, मंजू आदि का सहयोग रहा। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान ने की तथा संचालन शेफाली सिंह ने किया।

## एक नजर

### तमंचे व कारतूस सहित संदीप गिरफ्तार



**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा पुलिस ने थाना क्षेत्र के ही ग्राम फतेहपुर कलां निवासी संदीप पुत्र लाखन सिंह को एक 315 बोर के तमंचे व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। सूत्र बताते हैं कि बीते दिनों थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग से भी यह मामला जुड़ा हुआ है। उधर पुलिस ने मु.अ.सं. 42/25 दर्ज कर संदीप का चालान कर दिया है।

### शराब की दुकान खुलने से परेशानी



**हीमपुर दीपा।** जब से शराब की दुकान हीमपुर दीपा थाने के सामने स्थित हुई है, तब से न केवल क्षेत्र के गणमान्य लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बल्कि शराबियों के लिए भी यह चिंता का विषय बन गया है। दरअसल हीमपुर दीपा में अंग्रेजी शराब की दुकान पूर्व में अजुपुरा रोड पर स्थित थी । इसके बाद यह दुकान हीमपुर दीपा थाने के एकदम सामने स्थापित कर दी गई। जिसके बाद थाने आने वाले क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक व पत्रकार भी अब शराबियों की श्रेणी में आने लगे हैं। वहीं शराबियों के लिए भी यह दुकान इसलिए चुनौती बन गई है। क्योंकि शराब पीने के बाद यहां से गुजरने वाले व्यक्ति पुलिस बैरियर पर आकर ढेर हो जाते हैं। इसके बाद अज्ञात वाहनों से उनका कुचला जाना बेहद लाजमी है।

### किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत शादीपुर बिजली घर पर हुई। पंचायत में किसानों की बिजली की समस्याओं पर चर्चा हुई । बैठक को संबोधित करते हुए जिला मीडिया प्रभारी संदीप त्यागी ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को नलकूपों के लिए बिजली 12 घंटे लगातार दी जाए। क्षेत्र की विद्युत लाइनों के लटके तारों को ठीक कराया जाए। गलत बिलों को सही कराया जाए। बिलाई मिल के किसानों ने मांग की कि जब तक मिल द्वारा गन्ना भुगतान न हो तब तक कनेक्शन न काटे जाए। पंचायत में अधिशासी अभियंता विद्युत सीपी सिंह, एसडीओ किरतपुर प्रमोद कुमार तथा अवर अभियंता सुधीर कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पंचायत में मौजूद किसानों की समस्याओं का मौके पर समाधान कराया। पंचायत की अध्यक्षता विक्रम सिंह और संचालन धर्मवीर सिंह ने किया।

# सीएसआर एक्टिविटी के तहत किए कार्यों का लोकार्पण

## राधेश्याम मोरारका की जयंती पर कार्यक्रम









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** द्वारिकेश शुगर मिल समूह के राधेश्याम मोरारका की 102 वीं जयन्ती के अवसर पर कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किए गए कार्यों का जिलाधिकारी द्वारा लोकार्पण किया गया।

आज अपराहन 12 बजे क्षेत्र के ग्राम आसफाबाद चमन स्थित संवि. लियन विद्यालय में द्वारिकेश शुगर मिल समूह द्वारा कक्ष के किए गए निर्माण का जिलाधिकारी जसजीत कौर ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर पूर्ण वोरा, मुख्य विकास अधिकारी के सफल मार्गदर्शन में जन सहायता व समाज हित हेतु किया गया।

इकाई बूंदकी एवं अफजलगढ़ के यूनिट हेड़ सलिल एस. आर्य ने बताया कि द्वारिकेश समूह के संस्थापक गौतम मोरारका सदैव जनपद बिजनौर, बरेली एवं राजस्थान के झुंझुनू एवं नवलगढ़ में शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण, समाज सेवा, महिला उत्थान एवं जनहित के कार्यों को सदैव बढ़ावा देते रहे हैं तथा अपने पिता श्रदेय राधेश्याम मोरारका की 102वीं जयंती के अवसर पर सेवा कार्यों को निरन्तर जारी रखते हुए एवं कॉरपोरेट समाजिक उत्तरदायित्व (CSR Activities) के अन्तर्गत संस्थान द्वारा अपने नवीन दायित्वों का निर्वहन किया है। जिसके अन्तर्गत संस्थान द्वारा अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम आसफाबाद चमन में संविलियन विद्यालय, आसफाबाद में बच्चों की आवश्यकता एवं सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक बहुउद्देशीय प्रोत्साहन कक्ष का निर्माण कार्य कराया गया।

गत वर्ष भी द्वारिकेश समूह द्वारा नारायणपुर सिद्धबली बालाजी तालाब (ब्लाक, सिमेंट की रेलिंग, सिमेंट की चेयर), पूर्व माध्यमिक विद्यालय (महापुर), परमावाला में (एक कमरा और बरामदे में टाईल्स), प्राथमिक विद्यालय भज्जावाला के (शौचालय में टाईल्स एवं पानी की टंकी व नल) एवं संविलियन विद्यालय भागीजोत (स्कूल के पूरे एरिये में ब्लाक एवं सभी शौचालय में टाईल्स) का निर्माण कार्य कराया गया।

उक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनता के साथ-साथ अनेक प्रशासनिक अधिकारीगण, सम्मानित समाचार पत्रों के पत्रकार बंधु, ग्राम प्रधान, महापुर, भज्जावाला, प्रधानाचार्य संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन, प्राथमिक विद्यालय भज्जावाला व शिक्षकगण, कृषक भाई एवं संस्थान के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारीगण भारी संख्या में उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। जिसमें मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी धामपुर रीतू रानी, मुख्य महाप्रबन्धक एच.आर.डी. सुदर्शन सिंह शेखावत, सीएफओ सुनील गोयल, परवीन सिंह, महाप्रबन्धक समूह तकनीकी एवं एम.आई.एस., महाप्रबन्धक तकनीकी शपंकज सिसौदिया, एल. बी. सिंह उप महाप्रबन्धक कार्मिक, सुदेश कुमार उप महाप्रबन्धक-मिल, ए.के. सिंह उप महाप्रबन्धक एच. आर.डी., डॉ. रजनीश सिंह सहा. महाप्रबन्धक गन्ना विकास, अनुज अवस्थी मानवेन्द्र मिश्रा, अनिल सिंह, राहुल दूबे, मनोज चौपड़ा, ग्राम प्रधान आसफाबाद चमन मौहम्मद यामीन, गन्ना समिति के चेयरमैन मलकीत सिंह, स्कूल अध्यापकगण अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, मीनाक्षी रानी, पारुल राजपूत, नवनीत कुमार, शैली देवी, गुरविंदर कौर, स्वीता रानी इत्यादि उपस्थित रहे।

## विद्युत आपूर्ति ठप्प, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**बढ़ापुर।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बुधवार की सुबह नौ बजे से बंद है। दो दिन से ठप्प विद्युत आपूर्ति से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

बढ़ापुर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति दो दिन से ठप्प है। जबकि ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए विद्युत विभाग की ओर से बुधवार की सुबह नौ बजे से देर शाम नौ बजे तक बिजली बंद रहने की सूचना जारी की गई थी। लेकिन विद्युतापूर्ति बुधवार की रात भर और गुरुवार को भी बंद रही। गुरुवार की सुबह लगभग दो घंटे विद्युतापूर्ति हो पाई। उसके बाद फिर दिन भर आपूर्ति बाधित रही। जिसको लेकर उपभोक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। विद्युतापूर्ति बंद होने के चलते सुबह पानी की सप्लाई भी बंद रही। उपभोक्ताओं के विद्युत उपकरण बंद रहने से भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं विद्युतापूर्ति बाधित होने से बुधवार की शाम बाजार की रौनक भी गायब रही और बाजार में अंधेरा छाया रहा। विद्युत उपखंड अधिकारी विश्राम सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर स्थापित करने के दौरान 12 घंटे विद्युतापूर्ति बाधित होने की सूचना जारी की गई थी। किंतु ट्रांसफार्मर स्थापित करने के दौरान कुछ टेक्निकल फॉल्ट के चलते विद्युतापूर्ति सुचारू करने में समय लग रहा है।

## वक्फ बिल पास होने के बाद भी रामपुर में प्रशासन रहा अलर्ट

# डीएम व एसपी नें की धर्मगुरूओं के साथ बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में पुलिस लाइन सभागार में धर्मगुरूओं के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने धर्मगुरूओं से कहा कि वक्फ संशोधन बिल को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और न ही बिल के सम्बन्ध में किसी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद रामपुर आपसी भाई चारे का शहर है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था प्रभावित हो तथा जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

पुलिस अधीक्षक ने धर्मगुरूओं से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा वक्फ



बिल के सम्बन्ध में लोगों को सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट शेयर करने से रोकें। भ्रामक पोस्ट से कानून एवं शान्ति व्यवस्था प्रभावित होने का खतरा बना रहता है इसलिए सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट शेयर न करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर है और कानून एवं शान्ति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को भी निर्देशित किया कि धर्मगुरूओं और सभ्रांत जनों के साथ पीस कमेटी की बैठक अवश्य करें। बैठक में उपस्थित धर्मगुरूओं ने जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) हेम सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा. नितिन मदान, एएसपी अतुल श्रीवास्तव, समस्त एसडीएम, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं धर्मगुरू उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चलाया विशेष अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के आदेश पर व नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा के निर्देशन में चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने और खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु 02 व 03 अप्रैल,2025 को सहायक आयुक्त (खाद्य) ।I/ अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। विशेष छापामार अभियान में ज्वालानगर स्थित प्रिंस ट्रेडर्स के महेश पुत्र धन सिंह से कुटू आटा और हल्दी पाउडर का 01-01 नमूना लिया गया। मिलक स्थित हेल्थ जूस कार्नर के मो. फैज पुत्र नसीम अहमद से मेंगो पल्प का 01 नमूना, ग्राम परम स्थित लकदाता किराना स्टोर के हनी बाबू पुत्र पप्पू से भूरा का 01 नमूना लिया गया। बस स्टैण्ड शाहबाद स्थित चंचल

**विभिन्न खाद्य पदार्थों के 10 नमूनें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे**



किराना स्टोर के चंचल कुमार पुत्र सुखखन सिंह से काजू व सूजी का 01-01 नमूना लिया गया। पटवाई रोड मिलक स्थित पुष्कर एजेन्सी के सुनील कुमार पुत्र नत्थू लाल से हल्दी पाउडर का 01 नमूना, डायमण्ड रोड स्थित एयर प्लाजा रिटेल प्रा. लि. से हल्दी पाउडर के 02 नमूने और खांड का 01 नमूना लिया गया। इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 10 नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेंगे। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# बकरी चराने को लेकर विवाद में महिलाओं सहित चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढकिया/रामपुर।** गुरुवार को खेत में बकरी चरने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें जिसमें महिलाओं सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ढकिया चौकी क्षेत्र के ग्राम रवानी निवासी निजामुद्दीन का आरोप है कि उसके ही चचेरे भाई जलीस की बकरी अक्सर खेत में फसल चरती है जब भी में इसका विरोध करता हु।तो वह कहता है जो तुझसे हो सके कर लेना।

गुरूवार को भी जब बकरी खेत में चर रही थी तो इसकी शिकायत जलीस से की तो जलीस गंदी गंदी गालीया बकने लगा और उसके परिवार के लोग अफरोज शोबी आकर। मेरी दाढ़ी पकड़ कर मुझे पीटने लगे मेरे बचाव को पहुंचे शिफा मुस्लिम युसूफ बेटा वकील को भी लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया और किसी तरह बचकर जान बचाकर भागे।

दूसरे पक्ष के जलीस ने जानकारी देते हुए बताएं के निजामुद्दीन मुझे और मेरे परिवार से रंजिश रखता है आज भी मामूली सी बात को लेकर इन लोगों ने मुझे और मेरे परिवार के लोगों को बुरी तरह लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जिससे अफरोज, शोबी, जलीस गंभीर रूप से घायल हो गए।

इसके बाद दोनों पक्ष ढकिया चौकी पहुंचे चौकी इंचार्ज मनोज चौधरी ने घायलो को मेडिकल के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद भेजा। डॉक्टर ने घायलो को प्राथमिक उपचार दिया। वकील और शोबी की हालात को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

# एस.डी. ग्रीन फील्ड स्कूल में आयोजित हुआ वार्षिक परीक्षाफल समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** वार्षिक परीक्षाफल समारोह वितरण किया गया। जिसमे कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे छात्र। छात्राओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर अंश यादव, मोईन, सुम्बल, क्रितिका, अमान खानश, भव्य चोहान, सिदरा, अन्श पाल, प्रशान्त, पुशरा, मदेहा इस्लाम, पूर्वी, विदुषी, शिद्ध, जैद अवनीत, आरना शर्मा को प्रबंधक गजेन्द्र सिंह द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर अनुभव, सूफिया, नाजिया, हुदा, प्रियल, तस्निया, सरजील, शिक्षका, इनाया, आवान, साक्षी, निशान्त, नूर फिजा, यक्ष, मन्हा फातिमा, एवं हिमांक सैौती को प्रधानाचार्या दीप शिक्षा रस्तोगी



एवं कोआर्डिनेटर राधिका वर्मा ने ट्राफी एवं शील्ड देकर सम्मानित किया । तृतीय स्थान पर रहे इन्जमामुल हक, जिकरा मंतशा आलिया जैहरा, सानिव, आकांशा हन्नान, हम्माद, अपफान, अरहव हमजा, युग, अरहान, अदनान मनप्रीत, पर्ल, हुमैरा, मीत को नीलम एव उजमा खान द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। सर्व सर्वोत्तम लड़का अनुभव कक्षा 5 एवं सर्वोत्तम लड़की में इल्मा कक्षा 5 को चेयरमैन श्रीपाल सिंह द्वारा ट्राफी एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सर्वाधिक उपस्थिति पर कक्षा 1 के शालिव, अली अब्दुल्ला, फैसल, कक्षा 5 के कृतिका, करता 1 की नाजिया कक्षा एक तौसीफ एवं कक्षा 8 की दिव्यांशी को ग्रीश कुमार द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। बिद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली सुसम्बल को 97% अंक आने पर मैनेजमेन्ट द्वारा साइकिल देकर सम्मानित जिया गए। इसी कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रबन्धक गजेन्द्र सिंह उपस्थित सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। स चेयर मैत श्रीपाल सिंह द्वारा सभी छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चे लगन व परिश्रम करके अच्छे अंक हासिल कर प्रथम स्थान पाने हेतु प्रयास करें एवं जिन बच्चों के अंक कम रहे हैं वह निराश न हो बाल्के अध्ययन में जो कमी रही है कठोर परिश्रम से उसे सुधारने का प्रयत्न करें ताकि भविष्य में उत्तम श्रेणी प्राप्त हो सके। इस अवसर पर प्रिया भारद्वाज, गुलफिजा, कविता, निशा, श्वेता कहकशा खान, महक खान, अनमवी, सरोज सैनी, नाजिया, सोनम, रुकड्या बी, कतिका सैनी, सुनील कुमार, गुलाब सिंह, मलखान सिंह संजीव कुमार, विजयपाल आदि उपस्थित रहे।

# किसान यूनियन तोमर के कार्यालय पर गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन तोमर के जनपद कार्यालय स्वार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शारिक इकबाल ने कहा कि इस समय देश व प्रदेश का किसान कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। और उन्हें अपनी फसलों के लिए उचित मूल्य नहीं मिलने की वजह से आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भारत सरकार को चाहिए कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार एमएसपी को लागू करें जिसमें उत्पादन लागत कम से कम 50 प्रतिशत अधिक मूल्य शामिल है। जिससे किसानों का कल्याण हो सके एवं प्रधानमंत्री के कहे अनुसार किसानों की आय दोगुनी हो सके। इसी के साथ संगठन का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष रामपुर ने कार्यकारिणी का विस्तार किया जिसमें जावेद अंसारी, मुमतियाज अली, रिजवान अली, मोहम्मद अली, साद अली, गुड्डू आदि लोगों को ग्राम स्तर की



कार्यकारिणी में पदों पर मनोनीत किया गया और इनसे आशा की गई है कि किसानों के हित में काम करते हुए संगठित होकर किसानों की आवाज को सरकार तक मजबूती के साथ पहुंचाएंगे और अपने किसी भी किसान मजदूर भाई के साथ उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शारिक इकबाल, युवा तहसील अध्यक्ष अनस अली, तहसील संयोजक शहादत हुसैन, योगेंद्र सिंह, नवनीत राणा, अशरफ अली आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वार में व्यापार मंडल की बैठक हुई आहूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रति. निधिमंडल ने ग्राम इस्लाम नगर में ग्राम अध्यक्ष इरफान अली व रईस भाई के नेतृत्व में व्यापार मंडल की मीटिंग का आयोजन किया जिसमें उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी तथा व्यापारीगण मौजूद रहे। नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने अपनी बात रखते हुए व्यापारियों को और ग्राम वासियों को संबोधित किया उन्होंने कहा हमारे क्षेत्र में शिक्षा का बहुत बड़ा अभाव है शिक्षा के नाम पर निजी स्कूल लूटमार कर रहे हैं। हर साल नए-नए कोर्स हर साल बच्चों की फीस में बढ़ोतरी हर साल एडमिशन फीस की बढ़ोतरी एक ही स्कूल में एक क्लास से दूसरे क्लास में जाने के लिए एडमिशन फीस का बोझ



हर साल हर दूसरे साल नए-नए ड्रेसे चेंज करना हमारे क्षेत्र की गरीब जनता बेसहारा जनता अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर बहुत चिंतित है क्योंकि निजी स्कूल अपनी मनमानी पर उतारू है शिक्षा के विषय में ना ही सरकार इस पर अंकुश लगा पा रही है ना ही जिलाधिकारी इस पर अंकुश लगा पा रहे हैं जिससे कि आम जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। और बच्चों की पढ़ाई को लेकर बहुत समस्या है। जिलाधिकारी महोदय से आग्रह करते हैं की प्राइवेट स्कूलों पर बी एस ए द्वारा जांच कराई जाए ताकि वह फीस कम हो सके। हर साल कोर्सेज में बदलाव न किए जाएं ताकि एक दूसरे का पुराने कोर्स से भी पढ़ाई की जा सके। इस मौके पर उपस्थित नगर व तहसील अध्यक्ष अनवर अली उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, शिव ओतार सक्सेना और मन्नू भैया, मुशर्रफ अली, गुड्डू हाफिज जी, फुरकान अली, रेहान अली, हाशिम शान, कदीर अंसारी, इस्लाम अंसारी, अजीज मियां, शकील सलमानी, अब्दुल रशीद, आसिफ, राशिद, इब्ने हसन, नासिर, सरफराज, इरफान अली, सलमान अली आदि मौजूद रहे।

## डीएम से की भर्ती घोटाले की जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पदों पर भर्ती में घोटाले का आरोप लगाया है भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पदों पर 2023 में हुई भर्ती की जांच की मांग की है। आरोप है कि जिन लोगों के पास कई कई एकड़ जमीन है उन लोगों ने बीपीएल सूची में अपना नाम दर्ज कराकर फर्जीवाड़ा कर आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रूप में अपना चयन करा लिया है। जो कि पूरी तरह से गलत है। जबकि असल में पात्र महिला को इसका लाभ नहीं मिल सका है। डीएम से पत्र के माध्यम से जांच के लिए मांग की है।

# परीक्षा फल पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय सोहना में गुरूवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेमपाल की अध्यक्षता एवं सदस्यों की उपस्थिति में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ऋचा शर्मा एवं अन्य स्टॉफ द्वारा कक्षा 1 से 8 तक प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जिसमें कक्षा एक में महक, कक्षा 2 में आशीष, कक्षा 3 में तनिष्क, कक्षा 4 में दीपू, कक्षा 5 में ज्योति, कक्षा 6 में राफिया, कक्षा 7 में



मेहनाज और कक्षा 8 में लवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विद्यालय की तरफ से कक्षा 1 से 8 तक सत्र 2024ख्र 25 में सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्र एवं छात्राओं को सर्वाधिक उपस्थिति का मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय आय एवं शैक्षिक योग्यता आधारित परीक्षा पास कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाली कक्षा 8 की दो छात्राओं लवी और अनुष्का को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेमपाल एवं शिक्षक डॉ वसीम अहमद ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार, सुषमा सिंह, ओमपाल सिंह, अमित सक्सेना, लाल सिंह, पंकज कुमार, प्रदीप कुमार, पृथी सिंह और नीलम शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. वसीम अहमद ने किया।

# पॉलिटेक्निक में हुआ निःशुल्क टैबलेट वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** राजकीय पॉलीटेक्निक शाहबाद में गुरूवार को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत मुख्य अतिथि काशीराम दिवाकर पति मुन्नी देवी, ब्लॉक प्रमुख, शाहबाद एवं समाज सेवी सुरेश बाबू गुप्ता द्वारा नि:शुल्क टेबलेट विरण कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न कराया गया।

संस्था में अध्ययनरत एवं पासआउट कुल 213 छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किये गये। जिसमें संस्था के प्रधानाचार्य एस. के. वर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को टेबलेट की उपयोगिता के विषय में अवगत कराया गया एवं उनको



उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुये कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। टेबलेट प्राप्त कर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# रिपोर्ट कार्ड पाकर छात्राओं के खिले चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** गुरूवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहाबाद रामपुर में छात्राओं को 2025 की परीक्षा का परीक्षा फल बताया गया तथा रिपोर्ट कार्ड वित. रित किया गया प्रथम द्वितीय व तृतीय प्राप्त स्थान छात्राओं को प्रधानाचार्य वंदना शर्मा एवं समस्त स्टाफ के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा छात्राओं को इस खुशी के अवसर पर मिष्ठान के रूप में टॉफियां वितरित की गई और उनका उत्साह वर्धन किया गया प्रधानाचार्य वंदना शर्मा के द्वारा समस्त स्टाफ एवं छात्राओं को नए सत्र की शुभकामनाएं दी गई एवं छात्राओं को मेहनत करके आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।



छात्राओं के चेहरे पर भी खुशी देखने को मिली इस अवसर पर विद्यालय में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा एवं सहयोग रहा।

## कार ने युवक को मारी टक्कर हालत गंभीर चालक कार सहित हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** चौकी क्षेत्र के गांव मानपुर उत्तरी में मैरिज हॉल में बारात में शामिल होने आये रुद्रपुर के एक युवक को कर ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया उसे गंभीर अवस्था में बाजपुर से रुद्रपुर के हायर सेंटर को रेफर किया गया है पुलिस कार की तलाश में जुट गई है। गुरुवार को शाम के समय मानपुर मैरिज हॉल में रुद्रपुर से बारात आई थी जिसमें किच्छा थाना क्षेत्र के गांव शिमला पिस्टल निवासी करण सिंह पुत्र साधू सिंह उम्र 15 वर्ष भी शामिल था वह खाना खाने के पश्चात मार्ग के किनारे टहल रहा था इसी दौरान टांडा दिशा की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार मैं सामने से टक्कर मार दी और वह फरार हो गया जिससे वह मार्ग पर गिर गया दुर्घटना होते ही मार्ग पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और उसे एक वाहन से बाजपुर के एक अस्पताल भिजवाया गया जहां उसकी हालत नाजुक होने पर रुद्रपुर के हायर सेंटर को रेफर किया गया है।

सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और टक्कर मारने वाली कार के सीसीटीवी फुटेज खागाले पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना की रिपोर्ट अभी दर्ज नहीं कराई गई है।

# आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ ने सीएमएस डीके वर्मा को पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित



**( हरमेश भाटिया )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** आउट सोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ ने न्यू सी एम एस डीके वर्मा को पगड़ी पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, सभी स्टाफ में खुशी का माहौल है। बतोते चलें कि सी एम एस डीके वर्मा को कुछ दिन पहले ही जिला अस्पताल के सीएमएस बनाये गये हैं। इस मौके पर महीपाल सिंह, सुमित कुमार,फरमान अली, अमित कुमार, ममता कुमारी, दिव्या शुक्ला, अनिल मौर्य, कविता मौर्य, अतुल कुमार,शालनी आदि मौजूद रहे ।

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुत्र का नाम मनराज सिंह मेहरा पुत्र श्री सी.एस.मेहरा था अब बदलकर मनराज सिंह पुत्र श्री छत्तर सिंह रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**छत्तर सिंह पुत्र मदन सिंह**
**निवासी बरेली रोड पनवड़िया क्वार्टर्स जनपद रामपुर**

# इनायती राहती के 86 वें उर्स के दूसरा दिन उमड़ा अकीदतमंदों का जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** गुरुवार को 86 वें उर्से इनायती राहती का दूसरा दिन था। इस साल का उर्स भैसोड़ी शरीफ, मिलक, जिला रामपुर में निहायत धूम धाम से मनाया जा रहा है। कल की तरह आज भी दिन में सुबह 7 बजे दरगाह शरीफ पर कुरआन ख्वानी का आयोजन हुआ, गाजीपुर से तशरीफ लाए हाफिज व कघरी नवाज अहमद सईदी ने अपने शागिर्दों के साथ दरगाह शरीफ पर फातेहा व सलातो सलाम पढ़ा कुरआन ख्वानी के बाद सभी के लिए दुआए खैर की।

गुरूवार को सारा दिन दरगाह शरीफ पर, जाएरीनों द्वारा चादर चढ़ाने का सिलसिला पुरानी परम्परा के मुता. बिक जारी रहा, खलीफा हजरात ने अपने-अपने मुरीदों के साथ बारी बारी से दरगाह सनदुल औलिया पर चादर चढ़ाई, और फूलो का खघ्शबू का नजराना पेश किया। बाहर से आए सभी खलीफा हजरात ने अपनी खानकाहों में लंगर के इंतेजाम किया और भारी मात्रा में लंगर बाँटा। आज कलकत्ता से सूफी निजाम, भिवंडी से सूफी इस्लाम चौधरी फसाहती, मुंम्बई से सूफी एजाज सबाहती, सूफी अनवर, सूफी इरफान बाबा आदि लोग तशरीफ लाए। उर्स में आने वाले जाएरीन हजरात का सिलसिला जारी है। दरगाह शरीफ पर चादर चढ़ाने की परम्परा बहुत प्राचीन है, जिस तरह से हर साल काबे का गिलाफ बदला जाता है ठीक उसी तरह अल्लाह के नेक बंदों की मजार पर चादर पेश की जाती है, क्योंकि अल्लाह के वली अपनी जिंदगी में अल्लाह का कुर्ब(अल्लाह से नजदीकी) हासिल कर लेते हैं और यही वजह है कि उनकी बारगाह में हाजिरी देने से और उनकी वसीले से अल्लाह दुआएं मांगने से अल्लाह दुआएं कुबूल कर लेता हैं। उर्स में आने वाले सभी हजरात हरगाह शरीफ के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा मुहम्मद सबाहत हसन शाह मद्देजिल्लहुल आली की बैठक में उनसे मुलाकात की, और उनकी दुआ तलब की। दरगाह इनायती, राहती, फसाहती के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा मुहम्मद सबाहत हसन शाह ने आए हुए सभी जाएरीन व खुल्फा हजरात का हाल-चाल जान कर उनकी कुशलक्षेम जाना।

आपके पास जो भी शखघ्स मुलाकघत के लिए आता है आप सभी को अपनी दुआएं देते हैं।

कल उर्स का तीसरा दिन है और कल दिन में 10.30 बजे इस साल के उर्से पाक का कुल शरीफ का एहतेमाम होगा, जिसमें उर्स में आए हुए सभी लोग शिरकत करेंगे, और रात को 9 बजे महफिले समा का आयोजन होगा जिसमें मशहूर कव्वाल हजरत सूफियाना कलाम पेश करेंगे। महफिले समां का सिल. सिला पूरी रात जारी रहेगा।



# भ्रामक जानकारी व अफवाहों से बचें: सीओ

## वक्फ संशोधन बिल को लेकर सीओ की सम्भ्रांत नागरिकों व धर्मगुरुओं के साथ बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** गुरूवार को कोतवाली शाहबाद में पुलिस क्षेत्राधिकारी शाहबाद हर्षिता सिंह के नेतृत्व में नगर के सम्भ्रांत नागरिकों व धर्मगुरुओं के साथ वक्फ बिल से सम्बंधित बैठक का आयोजन हुआ। सबसे पहले कोतवाल शाहबाद पंकज पन्त ने बैठक में आए संभ्रांतों व धर्मगुरुओं को वक्फ बिल के मद्देनजर संबोधित करते हुए कहा की झूठी अफवाह पर ध्यान ना दें व शांति व्यवस्था बनाए रखें। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकार हर्षिता सिंह ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ कहा की वक्फ बिल से संबंधित कोई ज्ञापन, धरना प्रदर्शन आदि नहीं किया जाएगा। झूठी अफवाह व सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारी आदि से बचें। इससे पहले जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष सरफराज अली, अन्नू रावत, मुकेश चंद्र गुप्ता सहित कई लोगों ने अपने विचार रखें और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की इस दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक कुलदीप सिंह, उपनिरीक्षक आदेश कुमार, उपनिरीक्षक दिलीप सिंह सहित महेश गुप्ता, शाजमान आर्यन, सभासद शप्पू खां, नगर स्थित मस्जिदों से धर्मगुरु व नगर से संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# दुष्कर्म व वीडियो बनाकर वायरल करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** चौकी क्षेत्र के गांव में महिला को मजदूरी करने के बहाने खेत पर ले जाकर तमंचे के बल पर बलात्कार करने मारपीट करने और धमका कर वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे भेज दिया गया है।

एक अप्रैल को चौकी क्षेत्र के एक गांव में छह युवको ने एक गांव की महिला को खेत पर मजदूरी करने के बहाने ले गए थे जहां युवकों ने उसे बंधक बनाकर तमंचे के बल पर बारी बारी से बलात्कार किया विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी और वीडियो बनाकर वायरल करने की भी धमकी दी थी।



इस मामले में महिला की तहरीर पर पुलिस ने छह युवकों के खिलाफ नाम जद मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने गांव के ही जाबिर पुत्र अहमद हुसैन निवासी मिलक खोद को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है शीघ्र ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# सैफनी में वक्फ संशोधन बिल पर अफवाहों से बचने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर के थाना परिसर में थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह के नेतृत में एक पीस मीटिंग का आयोजन हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य वक्फ संशोधन बिल को लेकर फेल रही अफवाओं और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना। महेंद्र पाल सिंह ने धर्मगुरुओं से स्पष्ट रूप से कहा कि वे वक्फ संशोधन बिल के संबंध में किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और न ही इस मुद्दे पर किसी भी तरह के कार्यक्रम का आयोजन करें। उन्होंने सैफनी नगर पंचायत को आपसी भाईचारे का बताते हुए कहा कि कोई भी ऐसा कार्य नहीं किया जाना चाहिए जिससे सैफनी में कानून और शांति व्यवस्था प्रभावित हो। उन्होंने धर्मगुरुओं से अपील की कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। धर्मगुरुओं से यह भी आग्रह किया कि वे लोगों को सोशल मीडिया पर वक्फ बिल से संबंधित भ्रामक पोस्ट साझा करने से रोकें। उन्होंने कहा कि इस तरह की भ्रामक सूचनाओं से कानून और शांति व्यवस्था के लिए खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर प्रशासन की कड़ी नजर है और कानून एवं शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एस आई जोर सिंह पूर्व प्रधान मेहर अली शहर इमाम कारी अतिकुरहमान नगर पंचायत अध्यक्ष फैजान खान मंसूर अली रियाज अली मुबारक अली आदि लोग उपस्थित रहे।



# भाजपा के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी की बैठक संपन्न हुई, बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार द्वारा की गई, बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा, 6 अप्रैल हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिन है, जिस दिन भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई , आप सभी लोग जानते हैं कि हमारा मान सम्मान सब कुछ भारतीय जनता पार्टी से है और 6 अप्रैल हमारी पार्टी का स्थापना दिवस है, जिसको हमें बहुत ही धूमधाम और भव्य तरीके से मानना है।

दिनांक 5 अप्रैल को स्वच्छता अभियान चलना है और आपने पार्टी कार्यालय पर हम सब कोई एकत्र होकर सर्व प्रथम अपने पार्टी के कार्यालय को स्वच्छ करना है वही हमारा कर्म स्थान है हम पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए हमारा मंदिर है। स्वच्छता अभियान के पश्चात हमको, हर घर तिरंगा अभियान में जुट जाना है, हम सभी को इस अभियान की शुरुआत करनी है और अपने आवास पर तिरंगा लगवा है, साथ में सेल्फी लेनी है और सोशल मीडिया पर #bjp4viksitbharat डाल के प्रत्येक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसको ज्यादा से ज्यादा शेयर करना है, इससे हमारे अभियान को गति मिलेगी और सभी लोग अपने घर पर तिरंगा लगाकर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस में सम्मिलित होंगे।। 6 अप्रैल को हमें भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भव्य सम्मेलन का आयोजन करना है जिसमें प्रदेश नेतृत्व से वरिष्ठ नेता आएंगे और सभी को संबोधित करेंगे। जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, रविन्द्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, जिला उपाध्यक्ष जगपाल यादव, मोहन कुमार लोधी, अनुज सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, महेंद्र सैनी, पारुल अग्रवाल, संजय पाठक, ऋषि पांडे, अवधेश शर्मा, अजय बाबू गंगवार, अनु सक्सेना, भव्य उप्पल, राजू सुमन, कमल लोधी, योगेश जाम, आंगन लाल लोधी, रवि गंगवार, इंद्रजीत गंगवार, रोहित सैनी, कांता प्रसाद लोधी, पूजा सागर, वेद प्रकाश सागर, ओम प्रकाश सैनी, नरेंद्र सिंह, देवेंद्र दिवाकर, सुखदेव चीमा, नवनीत चौहान, अमित दिवाकर, शिवम् कुक्कू अरोड़ा, विवेक बिश्नोई, नवदीप चौधरी, आशु गुप्ता, अजीत गौतम, योगेंद्र गंगवार, देवराज गंग. वार, दुर्गेश गंगवार, मन सिंह लोधी, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# शिव मंदिर बादली में श्री राम दरबार की स्थापना, हुई प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** प्राचीन शिव मंदिर उदासीन आश्रम गांव बादली में गुरुवार को श्री शिव मंदिर बादली के महंत केशब मुनि महाराज के निर्देशन में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम चंद्र की कृपा से श्री राम दरबार की स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। नगर के निकटवर्ती गांव बादली के शिव मंदिर बादली में श्री राम लक्ष्मण, सीता, मेंहदीपुर बाला. जी, महा काली की पंच दिनात्मक प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई । सपरिवार श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान हरे राम आश्रम के परम अध्यक्ष महामंडलेश्वर महंत कपिल मुनि महाराज, महंत गंगादास महाराज जी शौकीदास कि आश्रम हरिद्वार वाले, एवं महंत सुंदर गिरी महाराज कुंडेसरा, जयप्रकाश रुहेला, आशीष वर्मा एवं भारी संख्या में संत एवं भक्त, श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्री राम दरबार की स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# समाजसेवी ने रक्तदान कर बचाई गर्भवती महिला की जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा/रामपुर।** रक्तदान महादान के नारे को एकजुट होकर समाजस. वी अपना परचम लहराने में कमी नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते बीत दिनों एक गर्भवती महिला की जान बचाने का जिम्मा समाजसेवी सुनील यादव कबड्डी खिलाड़ी ने अपने साथियों संग ली है। शहजादनगर थाना क्षेत्र निवासी राहुल यादव पुत्र राजेंद्र यादव को उसके सहयोगी राष्ट्रीय कबड्डी सुनील यादव ने संपर्क किया की एक गर्भवती महिला को रक्त की जरूरत पड़ रही है। जिसके बाद सुनील ने राहुल यादव को आनन फानन में लेकर बिलासपुर स्थित वर्धमान ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। जिसके बाद डॉक्टर टीम ने महिला का रक्त से उपचार किया। जिसके बाद महिला के परि. जनों ने राहत की सांस ली।

# शादी का झांसा देकर किया बलात्कार मुकदमा दर्ज


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर।** अजीम नगर थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती के साथ बलात्कार किया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मिलकखानम थाना क्षेत्र के एक युवक का अजीमनगर क्षेत्र की युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीते 1 वर्ष से दोनों फोन पर बातें किया करते थे। आरोप है प्रेमी अपनी युवती को कई बार घूमने के लिए अपने साथ भी लेकर गया था। इस दौरान शादी का झांसा देकर युवक ने युवती के साथ शारीरिक संबंध भी बनाए थे। 8 दिन पहले युवती ने शादी की जिद की तो प्रेमी शादी से मुखर गया। प्रेमिका ने पूरा माजरा अपने परिजनों को बताया तो उनके होश उड़ गए। युवती के परिजन प्रेमी के घर पहुंचे और परिजनों से शादी का प्रस्ताव रखा। लेकिन युवक के परि. जनों ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची युवती ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मिलक खानम थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# दिगंबर जैन मुनियों द्वारा खानपान की शुद्धता और सात्विक जीवन पर दिया बल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** दिगंबर जैन मुनि 108 सहज सागर महाराज एवं दिगंबर जैन मुनि 108 पद्म सागर महाराज ने जैन समाज के सदस्यों को जीवन में शुद्धता, संयम और अहिंसा के पथ पर चलने का संदेश दिया। दोनों मुनियों ने खानपान की शुद्धता और सात्विक भोजन के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि बाहर के होटलों व अनजान स्थानों पर कैंटिनों में परोसे जाने वाले अशुद्ध भोजन से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह मानसिक शांति और आत्मिक शुद्धता को भी प्रभावित करता है। उन्होंने जैन समाज की मांस, मधु और मदिरा से दूरी बनाए रखने की प्रवृत्ति की सराहना की और इसे जीवन का आधार बताया। मुनियों ने जोर देकर कहा कि जीवन के प्रत्येक पल का सदुपयोग छोटे-छोटे नियमों का पालन कर संयम और मनोबल को



बढ़ाने में निहित है। सात तत्वों के संरक्षण और चार प्रकार के दान - आहार, औषधि, अभय और ज्ञान - के माध्यम से समाज में कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। मुनि ने स्थावर एवं त्रस षटकायिक जीवों की यत्नपूर्वक रक्षा और अहिंसा के पालन को जैन धर्म का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि देव दर्शन, चलते पानी का प्रयोग और रात्रि भोजन का त्याग जैन जीवन शैली की पहचान है। इन नियमों को अपनाकर व्यक्ति न केवल अपने जीवन को सार्थक बना सकता है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव ला सकता है। इस अवसर पर जैन समाज के सदस्यों से आह्वान किया गया कि वे इन शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करें और संयम, शुद्धता व अहिंसा के मार्ग पर अग्रसर रहें। संध्या में गुरु भक्ति का आयोजन किया गया जिसमें प्रिया जैन व अन्जु जैन, रुचि जैन, सपना जैन आदि ने अपने भजन से समां बांध दिया। प्रातः कालीन पूजन में मुनि सहज सागर द्वारा विश्व शान्ति हेतु शान्ति धारा कराई गई शान्ति धारा प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट व भारत भूषण जैन द्वारा की गई। मुनि की आहार चर्या कस्तूर चन्द जैन व प्रमोद कुमार जैन के आवास पर हुई। मुनि को शोभा जैन, शिल्पी जैन, शोभित जैन, शिखर जैन, अन्जु जैन, रजत राज जैन, सुरभि जैन, सुमन जैन, वर्षा जैन, मेहुल जैन द्वारा आहार दिया गया। इस अवसर पर भारत भूषण जैन, नितिन जैन, अनिल जैन, विशाल जैन, आशीष जैन, नरेश जैन, स्मृति जैन,गौरव जैन, निर्भय जैन, राकेश जैन, सुभाष जैन, दिनेश खण्डेलवाल, दिनेश जैन सेठी आदि रहे। पूजा के बीच संभव नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाया गया तथा अखिलेश जैन खण्डेलवाल के परिवार द्वारा प्रथम लाडू चढ़ाया गया।

# मिलक की बिजली आज 10 बजे से 5 बजे तक बंद रहेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अवर अभियंता मोहम्मद हसनैन अंसारी ने प्रेस नोट के माध्यम से जानकारी दी है कि 4 अप्रैल 2025 को 220 के.वी शंक. रपुर से पोषित 33 केवी उपकेंद्र मिलक की 33 केवी लाइन पर ट्री कटिंग एवं अनुरक्षण इत्यादि कार्य होना है जिसके कारण 33 / 11 केवी उप केंद्र मिलक से पोषित विद्युत आपूर्ति प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पूर्णता बाधित रहेगी। अवर अभियंता मोहम्मद हसनैन अंसारी नें सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन जिला प्रभारी रामपुर कार्यालय निकट कचहरी के दूसरे गेट के सामने गली में
सम्पर्क सूत्र 9720093014

### संक्षिप्त खेल समाचार

## पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी संभालेंगे क्रिकेट परिषद की कमान

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह गुरुवार से यह जिम्मेदारी संभालेंगे। इसकी जानकारी देते हुए एसीसी ने कहा- उनका नेतृत्व ऐसे समय में आया है जब एशियाई क्रिकेट निरंतर विकसित हो रहा है और पूरे क्षेत्र में अधिक अवसर, नवाचार और सहयोग ला रहा है। नकवी ने यह जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा- मैं एशियाई क्रिकेट परिषद की अध्यक्षता ग्रहण करके बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एशिया विश्व क्रिकेट की धड़कन बना हुआ है और मैं खेल के विकास और वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने के लिए सभी सदस्य बोर्डों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। साथ मिलकर हम नए अवसरों को खोलेंगे, अधिक सहयोग को बढ़ावा देंगे और एशियाई क्रिकेट को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

## रमन सुब्रमण्यन फिर कोच के रूप में यूटीटी में करेंगे पदार्पण

**अहमदाबाद, वार्ता।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता रमन सुब्रमण्यन, जर्मन विशेषज्ञ क्रिस फिर, अनुभवी प्रशिक्षक पावेल रेहोरेक, जूलियन गिरार्ड और भारत के पूर्व नंबर 1 जुबिन कुमार अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के सीज़न 6 में कोच के रूप में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। यह संस्करण ऐतिहासिक रूप से पहला है, क्योंकि फ्रैंचाइज़ी को अपने कोचिंग स्टाफ़ को स्वतंत्र रूप से चुनने की स्वतंत्रता दी गई है। इनके साथ वापसी करने वाले कोच एलेना टिमिना, पराग अग्रवाल, सुभाजीत साहा, सौम्यदीप रॉय और सचिन शेट्टी भी शामिल हैं, जिनका लक्ष्य अपना दूसरा यूटीटी खिताब हासिल करना है।

## लाहौर में पाक महिला क्रिकेट टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरु

**लाहौर, वार्ता।** ईद-उल-फितर के लिए चार दिवसीय अवकाश के बाद गुरुवार को एलसीसीए मैदान पर पाकिस्तानी महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर फिर से शुरू हो गया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह शिविर आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफाइंग दौर के लिए राष्ट्रीय टीम की तैयारी के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान लाहौर के दो स्थानों गद्दाफी स्टेडियम और एलसीसीए मैदान पर कर रहा है। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को एलसीसीए मैदान पर थाईलैंड के साथ अभ्यास मैच खेलेगी। पाकिस्तान और थाईलैंड के अलावा, क्वालीफायर में भाग लेने वाले अन्य देशों में वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, आयरलैंड और स्कॉटलैंड शामिल हैं। फाइनल 19 अप्रैल को गद्दाफी स्टेडियम में होगा।

# नए आत्मविश्वास के साथ लखनऊ से भिड़ेगी मुंबई




**मुंबई इंडियंस एलएसजी को चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है**

**कप्तान पंत की खराब फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय**

**लखनऊ, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स पर शानदार जीत के बाद मुंबई इंडियंस शुक्रवार को आत्मविश्वास और जोश के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ आईपीएल 2025 के 16वें मैच में उतरेगी।

मुबंई के गेंदबाजों ने केकेआर को सिर्फ 116 रनों पर ढेर कर दिया था जिसके बाद रेयान रिकेल्टन के नाबाद 62 रनों के साथ-साथ सूर्यकुमार यादव के नौ गेंदों पर 27 रनों की धमाकेदार पारी से आसान लक्ष्य हासिल कर लिया था। उस मैच में नए खिलाड़ी अश्विनी कुमार ने चार विकेट लेकर प्रभावित किया जबकि दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट पावरप्ले में प्रभावी रहे। इसके अलावा पिछले आमने-सामने के रिकॉर्ड के बावजूद, मुंबई इंडियंस एलएसजी को चुनौती देने के लिए अच्छी स्थिति में है। लखनऊ ने आईपीएल में मुंबई के खिलाफ अपने छह मुकाबलों में से पांच में जीत हासिल करते हुए बढ़त हासिल की है। हालांकि, कोलकाता पर मुंबई इंडियंस की हालिया जीत से एलएसजी को संभल कर रहना होगा। निकोलस पूरन ने अब तक एलएसजी की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

उन्होंने पिछले तीन मैचों में 220 के स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाए हैं। इस मैच में भी हर एक की निगाहें उनके प्रदर्शन पर होंगी। एलएसजी अपने पिछले घरेलू मैच में पंजाब किंग्स से आठ विकेट से मिली करारी हार से उबरना चाहेगी। मिचेल मार्श और पूरन ने बल्लेबाजी का बहुत भार उठाया है, और उनकी विफलता अक्सर टीम की कमज़ोरी को उजागर करती है। कप्तान ऋषभ पंत की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, जबकि आयुष बदोनी और अब्दुल समद ने निचले क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी विभाग में शार्दुल ठाकुर ने तीन मैचों में छह विकेट लिए हैं, लेकिन वे महंगे साबित हुए हैं और 10-22 की इकॉनमी रेट से रन दिए हैं। आकाश दीप की वापसी से आक्रमण को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई अपने अब तक के निराशाजनक प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगे। चहर और बोल्ट की अगुआई में मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण पावरप्ले में प्रभावी रहा है। डेब्यूटेंट अश्विनी ने पिछले गेम में चार विकेट लेकर प्रभावित किया और वे फिर से अहम भूमिका निभा सकते हैं। बीच के ओवरों में मिशेल सेंटनर का अनुभव महत्वपूर्ण होगा, जबकि युवा तेज गेंदबाज विग्नेश पुथुर को सफलता के लिए बुलाया जा सकता है। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम की पिच संतुलित होने की उम्मीद है, जो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद करेगी। दूसरी पारी में ओस के कारण लक्ष्य का पीछा करना बेहतर विकल्प हो सकता है। आईपीएल के इतिहास में इस स्थान पर जीत के लिए सबसे बड़ा सफल लक्ष्य का तीन विकेट पर 199 रन है।

# खराब बैटिंग के कारण हारी आरसीबी

**● गुजरात आठ विकेट से जीता, सिराज बोले कि बेंगलुरु आकर थोड़ा इमोशनल हो गया**



**बेंगलुरु, वार्ता।** 18वें सीजन में घरेलू मैदान पर पहली बार खेलने उतरी रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु को 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने पहले बैटिंग की। टीम ने 40 गेंद के अंदर 4 विकेट गंवा दिए, यहां से स्कोर 200 के करीब नहीं जा सका। बेंगलुरु ने 8 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। गुजरात ने 17.5 ओवर में 2 विकेट खोकर आसानी से टारगेट हासिल कर लिया। साई सुदर्शन ने 49 और जोस बटलर ने 73 रन बनाए। मोहम्मद सिराज को 3 विकेट मिले। आरसीबी से लियम लिविंगस्टन ने 54 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बालिंग करने उतरी गुजरात से मोहम्मद सिराज ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने अपने दूसरे ही ओवर में देवदत्त पडिक्कल को बोल्ड कर दिया। उन्होंने फिर पांचवें ओवर में फिल साल्ट को भी बोल्ड किया। सिराज ने अपना स्पेल 19 रन पर 3 विकेट लेकर खत्म किया। मैं थोड़ा इमोशनल हो गया, मैंने यहां 7 साल तक आईपीएल खेला है। जर्सी का कलर लाल से नीला होना मेरे लिए इमोशनल रहा। मुझे रोनाल्डो बहुत पसंद हैं, इसलिए विकेट लेने के बाद उनकी तरह सेलिब्रेट करता हूं। टीम इंडिया से ब्रेक मिला तो मैंने अपनी फिटनेस और गलतियों पर काम किया। गुजरात में शामिल होने के बाद मैंने आशीष नेहरा से बात की। उन्होंने मुझे एंजाय करने के लिए कहा। ईशांत भाई ने मुझे बताया कि किस लाइन पर बालिंग करनी है। मेरा माइंडसेट यही है कि बस खुद पर भरोसा करना है। मिडिल ओवर्स में बालिंग करने आए साई ने आरसीबी बैटर्स को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने 4 ओवर में महज 22 रन दिए, उन्होंने जितेश शर्मा और क्रुणाल पांड्या को पवेलियन भी भेजा। 5वें ओवर में गुजरात ने पहला विकेट गंवा दिया। यहां से बटलर ने सुदर्शन के साथ 75 रन की पार्टनरशिप की। उन्होंने 73 रन बनाए और टीम को जीत दिला दी। 170 के टारगेट के सामने गुजरात को ओपनर सुदर्शन ने मजबूत शुरुआत दिलाई। उन्होंने 36 गेंद पर 49 रन बनाए।

# सूर्या ने किए रामलला के दर्शन

**सूर्यकुमार यादव के अलावा दीपक चाहर और कर्ण शर्मा समेत अन्य खिलाड़ी भी पहुंचे**



**अयोध्या, वार्ता।** टीम इंडिया में टी-20 टीम के कप्तान और मुबंई इंडियंस के धाकड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को यहां श्रीरामजन्मभूमि में भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन किए। सूर्य कुमार यादव आईपीएल में लखनऊ के खिलाफ मुबंई इंडियंस टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

लखनऊ और मुबंई के बीच मैच शुक्रवार को इकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा। मैच की पूर्व संध्या पर उन्होने आज अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फिर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला का आशीर्वाद लिया। उनके साथ दीपक चाहर और करण शर्मा समेत मुबंई इंडियंस के अन्य खिलाड़ियों के अलावा प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी के मुख्य पुजारी हेमंत दास थे।

इस अवसर पर उन्होने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि अयोध्या का विकास बहुत तेजी से हो रहा है और राम मंदिर के बनने से आसपास के जो भी जिले थे उनका भी विकास हो रहा है। मंदिर बहुत भव्य बना हुआ है। आईबी के निदेशक तपन डेका ने भी प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर और श्रीरामजन्मभूमि परिसर में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। उनके साथ में अयोध्या रेंज के आई-जी- प्रवीण कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर भी मौजूद थे।

## हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप झांसी में

**झांसी, वार्ता।** चार से 15 अप्रैल तक खेली जाने वाली 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 30 टीमें हिस्सा लेंगी। झांसी के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में टूर्नामेंट में खेला जाएगा।

# आईसीसी के टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंचे जैकब डफी

**2018 के बाद टॉप पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के पहले गेंदबाज**

**दुबई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी आईसीसी के टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। डफी ने पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी-20 में शानदार प्रदर्शन किया। डफी ने नंबर-1 का ताज वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर अकील होसेन को हटा कर हासिल किया है।

उन्होंने पाक के खिलाफ 2 टी-20आई मैचों में 5 विकेट झटके थे और अपनी टीम को सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। डफी को चार स्थान का फायदा डफी ने चार पायदान का छलांग लगाया है। उनके 723 अंक हो गए हैं। वहीं अकील दूसरे स्थान पर हैं। उनके 714 अंक हैं। भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती (706 रेटिंग) को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है और अब वह दूसरे से तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड के आदिल रशीद, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और आस्ट्रेलिया के एडम जम्पा भी एक-एक पायदान नीचे लुढ़क गए हैं। रशीद चौथे पर जबकि हसरंगा पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं। जम्पा छठे नंबर चले गए हैं। इसके बाद नंबर-7 से लेकर नंबर-10 के गेंदबाजों की पाजिशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज में लिए 13 विकेट डफी ने पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए पांच टी-20 मैचों की सीरीज में 13 विकेट लिए। जिसमें एक मैच में उन्होंने 14 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं न्यूजीलैंड ने सीरीज को 4-1 से जीता। 2018 के बाद किसी न्यूजीलैंड गेंदबाज ने टी-20 में टाप पर पहुंचा डफी 2018 के बाद टी-20 में टाप रैंकिंग पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड गेंदबाज बन गए हैं। 2018 में ईश सोढ़ी ने टी-20 में टाप पर पहुंचे हैं। 2020 में डफी ने टी-20आई में किया डेब्यू डफी 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना टी-20आई डेब्यू किया। उन्होंने अब तक खेले 23 मैचों में 32 विकेट लिए हैं।

# गुवाहाटी को पहली बार टेस्ट क्रिकेट की मेजबानी

**दिसम्बर में साउथ अफ्रीका और भारत का मुकाबला, वेस्टइंडीज से भी भिड़ेगी टीम इंडिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया की मेंस टीम अक्टूबर से दिसम्बर के बीच वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से सीरीज खेलेगी। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम को पहली बार टेस्ट की मेजबानी मिली। यहां साउथ अफ्रीका से भारत का मुकाबला होगा। इस दौरान मोहाली के मुल्लांपुर में बने स्टेडियम में पहली बार कोई मेंस इंटरनेशनल मैच भी खेला जाएगा। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट की सीरीज अक्टूबर में होगी। जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज नवम्बर-दिसम्बर में खेलेगी। इस बीच टीम इंडिया आस्ट्रेलिया जाकर 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज भी खेलेगी। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार टेस्ट मैच होगा। टीम इंडिया का होम सीजन वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज से शुरू होगा। 2 अक्टूबर से दोनों टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जाएगा। 10 अक्टूबर से फिर कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं।

# महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए अंपायर, मैच अधिकारी घोषित

**● छह टीमों का यह टूर्नामेंट 9 से 19 अप्रैल तक पाक में होगा**

**दुबई, वार्ता।** इस महीने होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए अंपायर और मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। छह टीमों का यह टूर्नामेंट नौ से 19 अप्रैल के बीच पाकिस्तान में होगा, जिसमें दो शीर्ष टीमें इस साल के आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में अपनी जगह पक्की करेंगी। पैनल में 10 अंपायर और तीन मैच रेफरी शामिल होंगे, जबकि मेजबान देश पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व फैजल खान अफरीदी और सलीमा इम्तियाज अंपायरिंग पैनल में करेंगे। पिछले साल सलीमा आईसीसी अंपायरों के पैनल में शामिल होने वाली पाकिस्तान की पहली महिला बनीं थीं। उन्होंने उस समय कहा था कि वह एशियाई देश के अंपायरों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेंगी। सलीमा ने कहा कि यह सिर्फ मेरी जीत नहीं है, यह पाकिस्तान की हर महत्वाकांक्षी महिला क्रिकेटर और अंपायर की जीत है। मुझे उम्मीद है कि मेरी सफलता अनगिनत महिलाओं को प्रेरित करेगी, जो खेल में अपनी पहचान बनाने का सपना देखती हैं। आईसीसी मीडिया स्टेटमेंट के अनुसार, बांग्लादेश के पैनल में मसुदुर रहमान मुकुल और शतीरा जाकिर जेसी के रूप में दो अंपायर भी हैं, जबकि जिम्बाब्वे की सारा दंबनेवाना के साथ डोनोवन कोच, बैब्स गकुमा, कैंडेस ला बोर्डे, डेडुनु डी सिल्वा और शॉन हैग भी शामिल हैं। अली नकवी, शैंड्रे फिट्ज़ और ट्रुडी एंडरसन मैच रेफरी के रूप में मौजूद रहेंगे और आईसीसी के वरिष्ठ प्रबंधक अंपायर और रेफरी, सीन ईज़ी का मानना है कि यह टूर्नामेंट पूरे पैनल को अपनी साख दिखाने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा। ईज़ी ने कहा कि यह हमारे नियुक्त मैच अधिकारियों के लिए एक रोमांचक अवसर है, जो इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट की देखरेख कर रहे हैं, जो विश्व कप की राह पर टीमों के लिए अंतिम कदम है। हमारे अधिकारी अनुभवी और अच्छी तरह से तैयार हैं, और हम उन्हें इस आयोजन में भाग लेते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं।

**रेफरी:** अली नकवी (पाकिस्तान), शैंड्रे फिट्ज़ (दक्षिण अफ्रीका), ट्रुडी एंडरसन (न्यूजीलैंड)।

**अंपायर:** बैब्स गकुमा (द. अफ्रीका), कैंडेस बोर्डे आदि।

# इंग्लैंड का लक्ष्य विश्व कप : कोच एडवर्ड्स



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की नवनियुक्त कोच चार्लोट एडवर्ड्स का मानना है कि उनकी टीम जल्द ही अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में सक्षम है और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप खिताब के लिए चुनौती पेश कर सकती है।

इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में निराशाजनक प्रदर्शन और उसके बाद जॉन लुईस और लंबे समय स कप्तान हीथर नाइट के जाने के बाद एडवर्ड्स को इंग्लैंड की महिला कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। एडवर्ड्स के लिए सबसे पहला काम इस साल के आखिर में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिए अपनी टीम को तैयार करना होगा।

नई कोच ने कहा है कि वह विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान कई युवा खिलाड़ियों को भरपूर मौके देंगी। एडवर्ड्स ने बुधवार को लॉर्ड्स में कहा कि हमारे पास बहुत से युवा खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मेरे हिसाब से पर्याप्त क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए मैं चाहती हूं कि वे अधिक क्रिकेट खेलने का अनुभव लें।

# कोलकाता ने हैदराबाद को 201 रन का टारगेट दिया

**● हैदराबाद के ट्रैविस हेड पहले ओवर में आउट, वैभव अरोड़ा ने कैच कराया**





**कोलकाता, वार्ता।** डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के 15वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 201 रन का टारगेट दिया है। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 200 रन बनाए।

आईपीएल के 18वें सीजन में 7वीं बार स्कोर 200 तक पहुंचा। एसआरएच ने 1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 6 रन बना लिए हैं। टीम से अभिषेक शर्मा और ईशान किशन पिच पर हैं। ट्रैविस हेड 4 रन बनाकर पहले ओवर में आउट हो गए, उन्हें वैभव अरोड़ा ने कैच कराया। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया। अभिषेक शर्मा के साथ ओपनिंग उतरे ट्रैविस हेड 4 रन बनाकर कैच आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने ओवर की दूसरी ही गेंद पर पवेलियन भेज दिया। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे हर्षल पटेल ने 13 रन खर्च किए। इस ओवर में दो विकेट गिरे। आंद्रे रसेल (1 रन) रनआउट हुए, जबकि वेंकटेश अय्यर को हर्षल ने अनिकेत वर्मा के हाथों कैच कराया। वे 60 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में वेंकटेश अय्यर ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने पैट कमिंस के ओवर में लगातार चार बाउंड्री लगाई। इसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल रहा। 18वें ओवर में कोलकाता ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। इस ओवर में वेंकटेश अ"यर ने लगातार दो चौके लगाए। जबकि रिंकू सिंह ने एक छक्का जड़ा। 13वें ओवर में कोलकाता ने चौथा विकेट गंवाया। यहां अंगकृष रघुवंशी 50 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कमिंडु मेंडिस ने हर्षल पटेल के हाथों कैच कराया। इस ओवर की पहली बाल पर अंगकृष ने फिफ्टी पूरी की थी। 12वें ओवर की पहली बाल पर अंगकृष रघुवंशी को जीवनदान मिला। नीतीश रेड्ड्डी से मिडविकेट पर उनका कैच ड्राप हो गया। यहां रघुवंशी 43 रन पर खेल रहे थे। इसी ओवर में टीम का स्कोर 100 रन का आंकड़ा पार कर गया। 11वें ओवर में कोलकाता ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान अजिंक्य रहाणे 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जीशान अंसारी ने विकेटकीपर हेनरिक क्लासन के हाथों कैच कराया। जीशान ने 81 रनों की साझेदारी तोड़ी। 8वें ओवर में अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंश ने तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। टीम ने 16 रन के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवाया था।

# ट्रम्प के टैरिफ का असर

अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। इससे पहले ट्रम्प ने घोषणा की थी कि वह भारत पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। भारत को भी अमेरिका की इस नीति का जवाब देना चाहिए। ऐस समय में भारत की विदेश नीति बहुत काम आ सकती है। क्योंकि ऐसा नहीं है कि भारत ही अमेरिका से आयात करता हो, अमेरिका भी भारत से कुछ चीजों का आयात करता है। आयात और निर्यात देशों की आपसी विदेश नीति का हिस्सा है। जो किसी भी देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दे सकती है। टैरिफ के मामले अगर दो देश आमने-सामने हो जाएं, तो देशों के विकास में अवरोध आ सकता है। इसलिए किसी भी देश को इस पर बहुत सोच-विचारकर कदम उठाने की जरूरत है। ट्रम्प की इस नीति से भारत के प्रमुख निर्यात क्षेत्रों और शेयर बाजार में उथल-पुथल दिख सकता है। यदि ट्रम्प ने अनुमान से कम टैरिफ की घोषणा की, तो फार्मा और आईटी सहित निर्यात से जुड़े क्षेत्रों से जुड़े शेयर मजबूत हो सकते हैं। इससे सेंसेक्स और निफ्टी में आने वाले समय में हम उछाल देख सकते हैं। जानकारों का मानना है कि भारत ने ऐतिहासिक रूप से अमेरिकी वस्तुओं पर भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए अमेरिका के टैरिफ से अधिक शुल्क लगाए हैं। इसका साफ मतलब है कि अमेरिकी टैरिफ के निशाने पर प्रमुख रूप से भारत भी है। अमेरिका के जवाबी टैरिफ से देश का फार्मा, ऑटोमोबाइल, कृषि और वस्त्र उद्योग पर महत्वपूर्ण असर पड़ सकता है। इससे अरबों का व्यापार बाधित हो सकता है। विश्लेषकों को आशंका है कि अमेरिका और अन्य देश यदि जवाबी कार्रवाई का मन बनाने लगे, तो वर्तमान हालात व्यापार युद्ध में बदल सकता है। केयरएज रेटिंग्स के कार्यकारी निदेशक और मुख्य रेटिंग अधिकारी सचिन गुप्ता का कहना है कि अमेरिकी टैरिफ लगाने से निर्यात-संचालित क्षेत्रों की गति बाधित हो सकती है। इसके साथ ही इससे प्रभावित अर्थव्यवस्थाओं के बीच कीमतों के मोर्चे पर एक नई प्रतिस्पर्धा भी शुरू हो सकती है। इसका एक दुष्परिणाम यह भी होगा कि स्पष्ट संकेत न मिलने तक निजी क्षेत्र अपने पूंजीगत व्यय से परहेज कर सकता है। माना जा रहा है कि कृषि क्षेत्र में अमेरिका के जवाबी टैरिफ का सबसे अधिक प्रभाव मछली, मांस और प्रसंस्कृत समुद्री भोजन के निर्यात पर पड़ेगा। 2024 में इनका निर्यात 2.58 अरब डालर था। अब हालिया घटनाक्रम के बीच इस क्षेत्र पर 27.83 प्रतिशत से अधिक टैरिफ का भार बढ़ सकता है। ऐसे में अमेरिका को झींगे का निर्यात टैरिफ लागू होने के बाद प्रभावित हो सकता है। कोलकाता स्थित समुद्री खाद्य निर्यातक और मेगा मोडा के प्रबंध निदेशक योगेश गुप्ता का मानना है कि अमेरिका में हमारे निर्यात पर पहले से ही डंपिंग रोधी और प्रतिपूरक शुल्क लागू हैं। शुल्कों में अतिरिक्त वृद्धि से भारत अप्रतिस्पर्धी हो जाएगा। भारत के कुल झींगा निर्यात में से हम 40 प्रतिशत अमेरिका को निर्यात करते हैं।

## वक्फ विधेयक समाज को बांटने की रणनीति



सरकार सोची समझी रणनीति के तहत समाज का ध्रुवीकरण कर रही है और वक्फ विधेयक जैसे कदम समाज को बांटने की उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है, भाजपा के सदस्य संसद में कांग्रेस शासित राज्यों की मुद्दों पर तीखा हमला करते हैं, इसलिए पार्टी सांसदों को भी भाजपा शासित राज्यों में उसकी विफलता को लेकर सदन में ही करारा जवाब देना चाहिए, कल वक्फ संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा में जबरन पारित किया गया, इस विधेयक को लेकर हमारी पार्टी का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि यह संविधान पर हमला है, इस तरह के विधेयक पारित कर भाजपा समाज को स्थायी रूप ध्रुवीकरण की स्थिति में रखने की सोची समझी राजनीति के तहत काम कर समाज को बांटने में लगी है, लगता है कि कांग्रेस को भी आक्रामक तरीके से भाजपा शासित राज्यों में सरकार की विफलताओं और कुशासन को उठाना चाहिए।

**श्रीमती सोनिया गांधी**
**नेता, कांग्रेस संसदीय दल**

# घिब्ली की दुनिया बनाम हकीकत: कला रोजगार और मौलिकता का संघर्ष

**आजकल सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल इमेज और वीडियो बहुत लोकप्रिय हो गए हैं एआई टूल्स की मदद से अब कोई भी बिना आर्ट स्किल्स के घिब्ली जैसी इमेज बना सकता है, लोग पिनटेरेस्ट और इंस्टाग्राम पर घिब्ली मूवी के सीन से बना एस्थेटिक गिफ्स और वॉलपेपर शेयर कर रहे हैं, टिकटॉक और रील्स में घिब्ली सीन के साथ रिलेटेबल ऑडियो या कोट्स लगाकर मजेदार कंटेट बनाया जा रहा है, यह ट्रेंड सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी बहस को जन्म दे रहा है**



**प्रियंका सौरभ**

रोजगार हमारी ज़रूरतों के लिए आवश्यक है, लेकिन कला और मनोरंजन मानसिक शांति और प्रेरणा का स्रोत बन सकते हैं। घिब्ली स्टाइल इमेजरी और एआई टूल्स सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं, जिससे मौलिकता पर सवाल उठ रहे हैं। पहले जहां कलाकारों को महीनों मेहनत करनी पड़ती थी, अब एआई कुछ सेकंड में वैसा ही आर्ट तैयार कर देता है, जिससे असली कलाकारों को चुनौती मिल रही है।

अगर हम हकीकत की दुनिया में देखें, तो रोज़गार ज़रूरी है। बिना नौकरी या व्यवसाय के, सिर्फ घिब्ली की खूबसूरत दुनिया में खोकर पेट नहीं भरा जा सकता। लेकिन मानसिक शांति और प्रेरणा के लिए कला भी आवश्यक है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल की इमेज और वीडियो एक ट्रेंड बन चुके हैं। लोग पिनटेरेस्ट, इंस्टाग्राम और टिकटोक पर इसे देखकर टाइम पास कर रहे हैं, कुछ इसे खुद ट्राई कर रहे हैं, और एआई टूल्स की मदद से घिब्ली-स्टाइल की इमेज बना रहे हैं।

आजकल सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल इमेज और वीडियो बहुत लोकप्रिय हो गए हैं। एआई टूल्स की मदद से अब कोई भी बिना आर्ट स्किल्स के घिब्ली जैसी इमेज बना सकता है। लोग पिनटेरेस्ट और इंस्टाग्राम पर घिब्ली मूवी के सीन से बनी एस्थेटिक गिफ्स और वॉलपेपर शेयर कर रहे हैं। टिकटोक और रील्स में घिब्ली सीन के साथ रिलेटेबल ऑडियो या कोट्स लगाकर मज़ेदार कंटेंट बनाया जा रहा है। कुछ एआई टूल्स अब आपकी असली फोटो को भी घिब्ली स्टाइल में बदल सकते हैं, जिससे लोग अपनी तस्वीरों को फेयरीटेल लुक दे रहे हैं। यह ट्रेंड सिर्फ मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी बहस को जन्म दे रहा है। क्या एआई जनरेटेड आर्ट असली कला की जगह ले सकती है?

एआई-जनरेटेड घिब्ली स्टाइल इमेजरी ने मौलिकता पर सवाल खड़ा कर दिया है। पहले कलाक.ारों को महीनों मेहनत करके घिब्ली जैसी पेंटिंग बनानी पड़ती थी, अब एआई कुछ सेकंड में वैसा ही कुछ तैयार कर देता है। लोग खुद से नया सोचने के बजाय रेडीमेड आर्ट पर निर्भर हो रहे हैं। असली कलाकार अब एआई-जेनरेटेड कंटेंट से मुकाबला करने को मजबूर हैं। एआई और टेम्प्लेट्स के चलते 'कुछ हटकर' करने की सोच धीरे-धीरे खत्म हो रही है। अगर आर्ट को केवल एक ट्रेंड बना दिया गया, तो मौलिकता धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। इसका समाधान यह है कि लोग घिब्ली स्टाइल से प्रेरणा लेकर अपनी खुद की यूनिक कहानियां और आर्ट बनाएं, न कि बस इंटरनेट पर मौजूद चीज़ों को दोहराएं। घिब्ली की आत्मा सिर्फ उसकी खूबसूरत विज़ुअल्स में नहीं, बल्कि उसकी गहरी कहानियों और भावनात्मक जुड़ाव में है। अगर किसी को घिब्ली की दुनिया इतनी पसंद है कि वह इसमें कुछ नया जोड़ना चाहता है, तो यह एक रोजगार का साधन भी बन सकता है। उदाहरण के लिए डिजिटल आर्टिस्ट घिब्ली-स्टाइल आर्ट बनाकर पैसा कमा सकते हैं। मर्चेंडाइज़ बिज़नेस (पोस्टर, स्टिकर, कपड़े) से आय हो सकती है।

ल्वनज्नइम और सोशल मीडिया पर घिब्ली स्टाइल कंटेंट क्रिएट करना एक करियर विकल्प हो सकता है। एनिमेशन इंडस्ट्री में घिब्ली से प्रेरित होकर ओरिजिनल शॉर्ट फिल्म्स और सीरीज़ बनाई जा सकती हैं। गेम डिज़ाइन और वीएफएक्स स्टूडियो में भी घिब्ली जैसी विज़ुअल स्टाइल को अपनाकर कैरियर बनाया जा सकता है। हालांकि, केवल घिब्ली की दुनिया में खोए रहना नुकसानदायक हो सकता है। असली ज़िंदगी के काम टलते रहते हैं, और लोग प्रोडक्टिविटी खो सकते हैं। अगर कोई सिर्फ एनीमेशन देखने में उलझा रहता है और अपने करियर पर ध्यान नहीं देता, तो यह एक समस्या बन सकती है। घिब्ली की दुनिया आदर्श (**Idealistic**) होती है। जहां हर चीज़ खूबसूरत, शांत और जादुई होती है। लेकिन असली दुनिया संघर्ष, तनाव और कठिनाइयों से भरी होती है। अगर कोई हर समय घिब्ली जैसी ज़िंदगी ढूंढे, तो असली दुनिया बेरंग और कठिन लग सकती है। समय की बर्बादी: लोग घंटों तक घिब्ली मूवीज़, पिनटेरेस्ट आर्ट, एआई-जनरेटेड इमेज और इंस्टाग्राम रील्स देखते रहते हैं। यह 'टाइम पास' कब 'टाइम वेस्ट' में बदल जाता है, पता भी नहीं चलता। अगर कोई सिर्फ एनीमेशन देखने में उलझा रहता है, लेकिन उसे अपने करियर पर ध्यान देना चाहिए, तो यह नुकसानदेह हो सकता है। अगर कोई हर समय घिब्ली जैसी ज़िंदगी ढूंढे, तो असली दुनिया बेरंग और कठिन लग सकती है। कुछ लोग इस वजह से प्रेरणा और महत्वाकांक्षा (**Ambition**) भी खो सकते हैं। घिब्ली स्टाइल इतना लोकप्रिय हो गया है कि कई कलाकार अपनी खुद की स्टाइल डिवेलप करने के बजाय सिर्फ घिब्ली-स्टाइल आर्ट कॉपी कर रहे हैं। घिब्ली स्टाइल एन्जॉय करें, लेकिन उसमें खो न जाएं। अगर आपको आर्ट पसंद है, तो इसे एक स्किल में बदलें, जिससे आप कमाई कर सकें।

अपने करियर और लाइफ गोल्स को इग्नोर न करें। काम ज़रूरी है, कला सिर्फ सुकून के लिए है। मौलिकता बनाए रखें। घिब्ली से प्रेरित हों, लेकिन अपनी खुद की यूनिक स्टाइल डेवलप करें। टाइम मैनेजमेंट करें। आर्ट और मनोरंजन का आनंद लें, लेकिन काम और ज़िम्मेदारियों को नज़रअंदाज़ न करें। घिब्ली का जादू खूबसूरत है, लेकिन अगर यह हमारी असली ज़िंदगी को प्रभावित करने लगे, तो नुकसान हो सकता है। बैलेंस बनाना ज़रूरी है। कला और करियर, कल्पना और हकीकत के बीच! घिब्ली-प्रेरित कला को करियर में बदला जा सकता है। डिजिटल आर्ट, मर्चेंडाइज़, यूट्यूब कंटेंट और एनिमेशन इंडस्ट्री में इसका उपयोग हो सकता है। लेकिन सिर्फ घिब्ली की दुनिया में खो जाना नुकसानदेह हो सकता है। यह समय की बर्बादी, करियर पर असर, असली दुनिया से डिस्कनेक्ट और मौलिकता की कमी ला सकता है।समाधान यह है कि घिब्ली की प्रेरणा से कुछ नया और मौलिक बनाया जाए, न कि केवल कॉपी किया जाए। कला और रोजगार के बीच संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है ताकि हम जीवन के दोनों पहलुओं का पूरा लाभ उठा सकें।



# अपनी कला के जरिये संस्कृति को बचाने की कोशिश में लगे मास्टर छोटूराम

**किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षो से भरा रहा है इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली, छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढ़ाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए, पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे है**

**1 लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है, भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षो से भरा रहा है**

**2 प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है, कभी कलाकारों के फन ने तो अभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस जमाने में नए-नए रंग बिखेरे है**



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हरियाणा शिक्षा विभाग में प्राथमिक शिक्षक मास्टर छोटूराम आज किसी परिचय के मोहताज़ नहीं है। देश-विदेश में हज़ारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम देश के वीर-शहीदों शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते है तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनंने का सुनहरा अवसर मिलता है। भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली।

प्राचीन समय से ही इंसान का विभिन्न कलाओं के प्रति अटूट रिश्ता रहा है। कभी कलाकारों के फन ने तो कभी कलाओं के मुरीद लोगों ने इस ज़माने में नए-नए रंग बिखेरे है। ये माना जाता है कि आत्मा की तरह कला अजर-अमर है, ये एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित होती है और नया रूप लेती है। आज कला के रूप बदरंग हो गए है। कलाकार अपने उद्देश्यों से भटक गए है और पैसों के पीछे दौड़ पड़े है जो एक तरह कला को बेचने जैसा है। आज कला के नाम पर परोसी जा रही अश्लीलता समाज को लील रही है। मगर इन सबके बीच आज भी देश में कुछ ऐसे कलाकार है जो भारत की प्राचीन सभ्यता को नए रंग देकर उन आदर्श और मूल्यों को बचाने की कोशिश में लगे है। जी हां, उनमे से एक है हरियाणा के भिवानी जिले के कस्बे सिवानी के गांव बड़वा की माटी में जन्मे मास्टर छोटूराम। किसान परिवार में जन्मे मास्टर छोटूराम का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। इनके पिता स्वर्गीय रिछपाल गैदर एक किसान थे जिनसे इनको संघर्ष करने और धैर्य रख आगे बढ़ने की सीख मिली।

छोटी उम्र में पिता का साया उठने के बाद भी ये अपनी पढाई को जारी रखते हुए शिक्षा और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ते गए। पिछले चार-पांच दशकों से मास्टर छोटूराम अपने लिखे गीतों के जरिये समाज को भारत की प्राचीन संस्कृति से जोड़ने का अतुल्य प्रयास कर रहे है। पेशे से सरकारी अध्यापक मास्टर छोटूराम एक आशु कवि और हरियाणवी-हिंदी के जाने माने गायक है। देश भर में हज़ारों स्टेज कार्यक्रम दे चुके मास्टर छोटूराम हमारे देश के वीर-शहीदों शहीद भगतसिंह, सुभाष चद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, शहीद उद्यम सिंह के साथ-साथ अन्य सपूतों की जीवनी को जब अपने गीतों और किस्सों के माध्यम से स्टेज पर प्रस्तुत करते है तो देशभक्ति की रसधार बहने लगती है। लोगों को आज के अश्लील दौर में एक सभ्य और जीवन मूल्यों से भरे गीतों को सुनने का सुनहरा अवसर मिलता है। इन सबके अलावा मास्टर छोटूराम यू ट्यूब एवं सोशल मीडिया के जरिये भारत की प्राचीन संस्कृति से जुड़े किस्सों को वीडियो और ऑडियो रूप में फ्री में शेयर करते है, ताकि प्राचीन संस्कृति को बचाया जा सके। हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न रंगों को इन्होने अपनी रागनियों और नाटकों में बखूबी पिरोया है और लोगों के मनों तक पहुंचाया है।

देश भर में आकाशवाणी एवं टीवी पर समय-समय पर इनके ये कार्यक्रम देखे व् सुने जा सकते है। गायक कवि कलाकार मास्टर छोटूराम अपने सिद्धांतों और कला से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करते। आज जब नग्न संस्कृति गीतों और किस्सों में हावी है। तब भी इन्होने अपने मूल्यों को बनाये रखा और हमारे ऐतिहासिक और पौराणिक किस्सों को जेब से पैसे लगाकर रिलीज़ करवाया है। बेशक आज के तड़क भड़क वाले अश्लील वीडियो की तुलना में उनको कम शेयर किया गया है लेकिन वास्तव में उन्होंने हमारी धरोहर को सहेजने कि दिशा में अपना अमूल्य योगदान दिया है। पितृभक्त श्रवण कुमार-कुमार और फैशन की फटकार इनके पहले दो ऑडियो एल्बम है जिनको लोग आज बीस साल बाद भी सुन रहे है और सोशल मीडिया पर शेयर कर रहें है। 'कड़े गए वह नाथू-सुरजा' हरियाणा की बदलती संस्कृति पर फ़िल्माया गया उनका सुपर हिट गीत है जिसको बहुत पसंद और शेयर किया गया है। ऐसतिहा. सिक 'नरसी का भात' किस्सा दर्शकों को पूरी रात भर सुनने को मजबूर कर देता है। वास्तव में अपनी प्राचीन कला को बनाये रखना बहुत बड़ी बात है। आज के दौर में युवा पीढ़ी यूट्यूब और अन्य सोशल प्लेटफार्म पर घटिया स्तर के वीडियोस और ऑडियो को पसंद करती नज़र आ रही है। ऐसे में मास्टर छोटूराम के सामाजिक गीतों के प्रयास बड़ी छाप छोड़ रहें है। मीडिया को ऐसे कलाकारों के प्रयासों को जोर-शोर से प्रचारित-प्रसारित करना चाहिए।ताकि हमारे प्राचीन मूल्यों को आज की इस शोषणकारी और अश्लील संस्कृति से दूर रखा जा सके।

जब मास्टर छोटूराम जैसे कलाकर पैसों के लिए अपनी कला से समझौता नहीं करते तो हम क्यों घर बैठे कर रहें है। अश्लील गीतों को समाज से बाहर करने के लिए हमें अच्छे गीतों और अच्छे कलाकरों को उचित मान-सम्मान देना ही होगा, तभी हम कला को वास्तविक रूप देकर एक रहने योग्य समाज आने वाली पीढ़ियों को देकर जा पाएंगे। लोक कलाएं वास्तव में किसी भी समाज की नब्ज होती है। हमें अपने बच्चों को इन कलाओं से अवश्य रूबरू करवाना चाहिए। साथ ही ये भी ध्यान रखना चाहिए कि आज के इस इंटरनेट युग में हमारे बच्चे क्या देख रहें है क्या सुन रहें है। अच्छे कलाकार और उनकी कलाएं समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक है लेकिन उनको चुनना हमारी जिम्मेवारी है।

# अफगानिस्तान: विकास बंदूक की नाल में नहीं है!



**अब वही तालिबान अपनी बौद्ध धरोहरों को सहेजने में लगा है, फिर से किताबों का दौर लौटा है और स्कूलों में बच्चों का शोर है, किताबों के पन्नों की फड़फड़ाहट है मोहब्बत आबाद हुई, आज वही अफगानिस्तान भारत से लाखों स्किल्ड लेबर मांग रहा है**



**पवन सिंह**

अफगानिस्तान तेजी से बदल रहा है। हर ओर पुनर्निर्माण और पुनर्निवेश व पुनर्वास के कार्य जारी हैं। इस बदलते अफगानिस्तान के पीछे केवल एक शब्द है 'शांति'। तालिबानियों को कभी हर बात का हल एके-47 की नाल से निकलता नजर आ रहा था लेकिन अब उनकी समझ में आ चुका है कि हर बात का हल नफरत और एके-47 से नहीं हो सकता। जिस तालिबान को लगता था कि केवल उनका ही मजहब बेहतरीन है वो अब शांति से जीना चाहते हैं। वो अपने देश को फिर से आबाद कर रहे हैं। जिन ताालि. बानियों ने बामियान की बेशकीमती ऐतिहासिक धरोहरों बौद्ध प्रतिमाओं को तोप से उड़ा दिया था उन्हें फिर से सहेजने लगे हैं।

नफरत और हिंसा से जब बहुत कुछ खत्म हो गया। लाखों लाशें गिर गईं तो फिर से याद आया कि वे गलत थे। अब वही तालिबान अपनी बौद्ध धरोहरों को सहेजने में लगा है। फिर से किताबों का दौर लौटा है और स्कूलों में बच्चों का शोर है। किताबों के पन्नों की फड़फड़ाहट है। मोहब्बत आबाद हुई। आज वही अफगानिस्तान भारत से लाखों स्किल्ड लेबर मांग रहा है। भारत लाखों स्किल्ड लेबर अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए भेज रहा है क्योंकि अब भारत पुराने अफगानिस्तान की राह पर है और जिस स्किल्ड लेबर की जरूरत हमें थी वह हम अफगानिस्तान और इजरायल भेज रहे हैं। आज अफगानिस्तान पर एक रिपोर्ट पढ़ रहा था तो पिछले साल लखनऊ में लगी लंबी-लंबी कतारें आंखों के सामने आ गईं जब हजारों युवा रोटी के लिए परिवार, घर और मुल्क छोड़कर जाने के लिए तैयार दिखे। अफगानिस्तान ने बीते कुछ सालों में जबरदस्त बदलाव किए हैं और इसमें अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सहायता बड़ी भूमिका निभा रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान को करीब 30 बिलियन डॉलर की सहायता मिली है। जिसका उपयोग सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण, सुशासन, विकास की विभिन्न योजनाओं पर खर्च हो रहा है। जो अफगानिस्तान कभी मादक पदार्थों से पैसा कमाकर उसे विध्वंस पर खर्च करता था, वही अब अंतर्राष्ट्रीय सहायता राशि से मादक पदार्थों की तस्करी रोक रहा और भ्रष्टाचार रोकने के उपायों पर खर्च कर रहा है।

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने अपने देश की पुनर्निर्माण परियोजनाओं और गतिविधियों की स्वतंत्र और वस्तुनिष्ठ निगरानी के लिए एसआईजीएआर नाम की एक संस्था खड़ी की है। यह संस्था अमेरिकी सहायता से जितनी भी योजनाएं संचालित हैं उन पर कड़ी नजर रखी रही है। लेखापरीक्षा और जांच करना, मितव्ययिता, दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ावा देने के लिए सिफारिशें करना और पैसों का दुरुपयोग रोकने की दिशा में सक्रिय है। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में जबरदस्त निवेश कर रही है। वह अपने बांधों, सड़कों व कृषि पर जबरदस्त कार्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा सुधारने की दिशा में जबरदस्त कार्य आरंभ किया है। उसने 19 प्रांतों में 113 संगठनों के साथ भागीदारी की है। प्याज, पिस्ता, बादाम जैसे ड्राई फ्रूट्स उत्पादन को अफगानिस्तान ने तेजी से बढ़ाया है। साथ ही खनिज निर्यात पर ध्यान केंद्रित किया है। वर्ष 2020-21 में तालिबानी सरकार बनने से पहले अफगानिस्तान से निर्यात 825.78 मिलियन डॉलर और आयात 509.49 मिलियन डॉलर था। वहीं भारत से अफगानिस्तान को निर्यात लगातार घटता रहा है। वर्ष, 2021-22 में यह 554.47 मिलियन डॉलर था जो कि वर्ष, 2022-23 में गिरकर 437.05 मिलियन डॉलर रह गया और वर्ष 2023-24 में 355.45 मिलियन डॉलर तक लुढ़क गया। उधर अफगानी मुद्रा ने भारतीय रुपये को दौड़ा रखा है। हमारी मुद्रा कभी चीन, जापान और अमेरिका से टकराने की ओर बढ़ रही थी अब हमने इतनी प्रगति की है भूटान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से अपनी मुद्रा की तुलना करने की हैसियत में आ चुके हैं। अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान को जबरदस्त मानवीय सहायता दी। अफगानी बाजार में डॉलर की कमी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उधर तालिबानियों को भी शांति का मतलब पता चला तो अफ़गान मुद्रा में शानदार स्थिरता आई। अफ़गान मुद्रा का अपेक्षाकृत उच्च मूल्य अफ़गानिस्तान के लंबे इतिहास और विभिन्न देशों के साथ विभिन्न कृषि उत्पादों के व्यापार की प्रतिष्ठा के कारण है, जबकि अन्य देशों की तुलना में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में इसकी भागीदारी सीमित है। अफ़गान अर्थव्यवस्था लगातार स्थिर होने लगी, जिसका श्रेय आंशिक रूप से तालिबान के उपायों को जाता है, जैसे तस्करी के आयात पर प्रति. बंध, बैंकिंग लेनदेन पर नियंत्रण और संयुक्त राष्ट्र से सहायता। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार लौह अयस्क, संगमरमर, तांबा, सोना, जस्ता और अन्य मूल्यवान खनिजों तथा दुर्लभ-पृथ्वी खनिजों से जुड़ी खनन गतिविधियों से पर्याप्त आय अर्जित करता है। वे खनन कार्यों, मीडिया, दूरसंचार और अंतर्राष्ट्रीय सहायता द्वारा वित्तपोषित विकास परियोजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों पर कर लगाते हैं। इसके अलावा, वे कृषि फसलों और संचित धन पर कर लगाते हैं। ये कारक सामूहिक रूप से अफ़गानिस्तान में आर्थिक गतिशीलता में योगदान करते हैं और कुछ हद तक अफ़गानिस्तान की विनिमय दर को प्रभावित करते हैं। वहीं दूसरी ओर, भारत हाल के वर्षों में उच्च मुद्रास्फीति, कम विकास राजकोषीय घाटे और व्यापार असंतुलन जैसी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। यही नहीं, भारत में बढ़ती धार्मिक कट्टरता, हिंसा और जनता में पर्चेजिंग पावर का लगातार कमजोर होते जाना भी भयावह साबित हो रहा है। इन सभी कारकों ने भारतीय रुपये के प्रति विश्वास और मांग को कमजोर कर दिया है।

# गर्मियों में हीटवेव से बचने के लिए अपने शरीर को कैसे रखें ठंडा

गर्मियों का मौसम आ चुका है और इसी के साथ हीट स्ट्रोक और कई अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी होने लगी हैं। गर्मी के दिनों में न सिर्फ बाहर का वातावरण गर्म होता है बल्कि हमारा शरीर खुद भी अंदर से बहुत गर्म हो जाता है। जब हमारा शरीर अंदर से गर्म हो जाता है तो हमें थकान और हीट स्ट्रोक जैसी कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने का भी खतरा रहता है। आपके साथ ऐसा न हो इसके लिए आज हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताने जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने शरीर को अंदर से ठंडा रख सकते हैं। तो चलिए बिना देर किए आपको इन उपायों के बारे में बताते हैं।

## पानी और जूस पीते रहें

अगर आप इन गर्मियों के दिनों में अपने शरीर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो आपको पानी पीते रहना चाहिए। गर्मियों के दिनों में यह बहुत ज़रूरी हो जाता है कि आप सामान्य से ज़्यादा पानी पिएं। इतना ही नहीं, आपको इलेक्ट्रोलाइट्स युक्त हाइड्रेटिंग ड्रिंक्स का सेवन भी शुरू कर देना चाहिए। ऐसे पेय पदार्थ आपके शरीर को अंदर से ठंडा रख सकते हैं।

## नहाने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करें

अगर गर्मी के मौसम में आपका शरीर अंदर से बहुत ज्यादा गर्म हो रहा है, तो आपको नहाने के लिए ठंडे पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। जब आप ऐसा करते हैं, तो आपके शरीर का तापमान नियंत्रण में रहता है। अगर नहाने के बाद भी आपको बहुत ज्यादा गर्मी लग रही है, तो आप अपनी कलाई, गर्दन, माथे और पैरों पर कूलिंग पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसा करने पर आपको गर्मी से राहत मिलती है।

## हाइड्रेटिंग फल व सब्जियां खाएं

अगर आप गर्मियों में अपने शरीर को ठंडा रखना चाहते हैं, तो यह बहुत ज़रूरी हो जाता है कि आप अपनी डाइट में हाइड्रेटिंग फल और सब्जियां शामिल करना शुरू कर दें। जब आप अपनी डाइट में खीरा, तरबूज़ और खट्टे फल शामिल करते हैं, तो आपको गर्मी से काफ़ी राहत मिलती है।

## हल्के और ढीले कपड़े पहनने से आराम मिल सकता है

गर्मी के इन दिनों में आप किस तरह के कपड़े पहनते हैं, इसका आपके शरीर के तापमान पर गहरा असर पड़ता है। आपको हल्के और ढीले कपड़े चुनने चाहिए ताकि आपके शरीर का तापमान न बढ़े दिनभर ठंडक बनी रहे, और आप हल्का और आरामदायक महसूस करे। हल्के कपड़े पहनने से आपको गर्मी कम लगेगी।

# इजरायल ने रातभर बरसाए गाजा पर बम

## 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत, मृतकों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल



**देर अल-बलाह।** इजरायल ने गाजा पट्टी पर रात भर ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में 55 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई।

खान यूनिस के अधिकारियों के अनुसार, 14 लोगों के शव नासिर अस्पताल में लाए गए हैं। इनमें से नौ एक ही परिवार के हैं। मृतकों में पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, एक से सात साल की उम्र के पांच बच्चों और एक गर्भवती महिला सहित 19 अन्य लोगों के शव खान यूनिस के पास यूरोपीय अस्पताल ले जाए गए। इसके अलावा, गाजा शहर में 21 शवों को अहली अस्पताल ले जाया गया है। इनमें सात बच्चे भी शामिल हैं। इजरायली हमलों से एक दिन पहले, वरिष्ठ सरकारी अधिका. रियों ने कहा था कि इजरायल गाजा के बड़े क्षेत्रों पर कब्जा करेगा। इसके

### हमास ने हथियार डालने की मांग ठुकराई

बाद फलस्तीनी क्षेत्र में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित किया जाएगा। इजरायल ने कहा है कि वह 18 महीने से चल रहे युद्ध को तब तक जारी रखेगा, जब तक कि आतंकवादी समूह हमास अपने हथियार नहीं डालेगा और शेष बंधकों को रिहा नहीं करेगा। इसके अलावा, इजरायल ने भोजन, ईंधन और मानवीय सहायता के सभी आयातों पर एक महीने के लिए रोक लगा दी है, जिससे आपूर्ति कम होने के कारण नागरिकों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को घोषणा की है कि इजरायल गाजा पट्टी में एक नया सुरक्षा गलियारा स्थापित कर रहा है, जिसके चलते राफा शहर को फलस्तीनी क्षेत्र से काट दिया जाएगा। नेतन्याहू ने इस सुरक्षा गलियारे को श्मोराग कारिडोरश का नाम दिया है, जो राफा और खान यूनिस के बीच होगा। नेतन्याहू ने कहा कि यह श्दूसरा फिलाडेल्फिया कारिडोरश होगा, जो मिस्र के साथ सीमा के गाजा पक्ष को दक्षिण की ओर संदर्भित करता है, जो मई 2024 से इजरायल के नियंत्रण में है। नेतन्याहू ने कहा कि हम पट्टी को काट रहे हैं और हमास पर कदम दर कदम दबाव बढ़ा रहे हैं, ताकि वो हमें हमारे बंधक सौंप दे। फलस्तीनी प्राधिकरण ने नियोजित गलियारे को अस्वीकार कर दिया है। वहीं, हमास ने भी इसका विरोध किया है। हमास ने कहा है कि वह केवल शेष 59 बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें 24 के जिंदा होने का अनुमान है। हमास ने बदले में अधिक फलस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग की है।

# 40 साल बाद स्पेस जाएगा कोई भारतीय

## मई में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे शुभांशु



**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन चार के तहत मई में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जा सकते हैं। इस मिशन में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं।

अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा ने एक अपडेट में इसकी जानकारी दी। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। अभी वह इंडियन एयरफोर्स में आफिसर है। शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। चार देशों के चार एस्ट्रोनाट स्पेस स्टेशन जाएंगे इनमें एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। तरिक्ष में जाने वाले भारत के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। स्लावोज उज्नान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। अमेरिकी की पैगी व्हिटसन का यह दूसरा कामर्शियल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट मिशन है। शुभांशु मिशन पायलट, स्लावोज और टिबोर मिशन स्पेशलिस्ट होंगे। व्हिटसन कमांडर होंगी। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल में ये एस्ट्रोनाट उड़ान भरेंगे। इस मिशन को फाल्कन-9 राकेट से फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लान्च किया जाएगा। लान्च की तारीख फाइनल अप्रूवल और मिशन की तैयारियों के अनुसार घोषित होगी। मिशन का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में वैज्ञानिक अनुसंधान, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन करना है। यह मिशन प्राइवेट स्पेस ट्रैवल को प्रोत्साहित करने और भविष्य में एक कामर्शियल स्पेस स्टेशन स्थापित करने की दिशा में एक्सिओम स्पेस की योजना का हिस्सा है। के चारों ओर घूमने वाला एक बड़ा अंतरिक्ष यान है। इसमें एस्ट्रोनाट रहते हैं और माइक्रो ग्रैविटी में एक्सपेरिमेंट करते हैं। यह 28,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रैवल करता है। यह हर 90 मिनट में पृथ्वी की परिक्रमा पूरी कर लेता है। 5 स्पेस एजेंसीज ने मिलकर इसे बनाया है। स्पेस स्टेशन का पहला पीस नवम्बर 1998 में लॉन्च किया गया था।

### नेतन्याहू के दौरे से पहले लिया अहम फैसला

# हंगरी ने किया आईसीसी की सदस्यता छोड़ने का ऐलान



**बुडापेस्ट।** हंगरी, अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय की सदस्यता छोड़ने की तैयारी कर रहा है। हंगरी की सरकार ने बयान जारी कर कहा है कि वे गुरुवार से अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की सदस्यता छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे।

उन्होंने कहा कि सदस्यता छोड़ने की पूरी प्रक्रिया अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और संवैधानिक ढांचे के अनुरूप ही होगी। हंगरी का यह एलान ऐसे समय आया है, जब जल्द ही इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट का दौरा करने वाले हैं। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में नरसंहार करने के आरोप में वारंट जारी किया हुआ है। दक्षिणपंथी विक्टर ओर्बन के नेतृत्व वाली हंगरी की सरकार ने बीते साल नवम्बर में नेतन्याहू को हंगरी आने का न्योता दिया था। आईसीसी ने नेतन्याहू के खिलाफ जो वारंट जारी किया था, उसके बाद ही यह न्योता दिया गया था। विक्टर ओर्बन को नेतन्याहू का करीबी माना जाता है और उन्होंने नेतन्याहू के खिलाफ जारी हुए गिरफ्तारी वारंट को बेशर्मी भरा और निंदनीय बताया था। दरअसल अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय का सदस्य होने के नाते हंगरी को नियमों के तहत नेतन्याहू के खिलाफ जारी वारंट के चलते उन्हें हंगरी पहुंचने पर हिरासत में लेना पड़ता, लेकिन अब हंगरी ने आईसीसी की सदस्यता ही छोड़ने का ऐलान कर दिया है। गाजा युद्ध शुरू होने के बाद हंगरी का दौरा नेतन्याहू की दूसरी विदेश यात्रा होगी। इससे पहले फरवरी में नेतन्याहू ने अमेरिका का दौरा किया था। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय विश्व का प्रथम स्थायी अपराध न्यायालय है, जो रोम संविधि द्वारा शासित किया जाता है। यह नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध और आक्रमण जैसे अपराधों से संबंधित जांच करता है।

# ट्रम्प का फैसला अमेरिका पर ही पड़ा भारी, शेयर बाजार में भारी गिरावट

**न्यूयार्क।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ऐतिहासिक टैरिफ घोषणा के बाद गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक भारी बिकवाली के साथ खुले। टैरिफ पर ट्रम्प का फैसला अब खुद अमेरिका पर ही भारी पड़ा दिख रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले से वैश्विक बाजार में भी मंदी का खतरा पैदा हो गया है।

अमेरिका में गुरुवार को बाजार खुलने के बाद प्रमुख इंडेक्स डाव 1,116 अंक या 2.64 प्रतिशत तक गिर गया। व्यापक सूचकांक एसएंडपी 500 इंडेक्स में 3. 24प्रतिशत तक की गिरावट दिखी। बाजार 2022 के मुद्रास्फीति संकट के बाद इंट्राडे में सबसे बड़ी गिरावट की ओर बढ़ गया। टेक शेयरों के बोलबा. ला वाला नैस्डैक में शुरुआती कारोबार में 4.33प्रतिशत तक की गिरावट दिखी। भारत समेत दुनिया के दूसरे बाजारों में भी बड़ी गिरावट दिखी। यह महत्वपूर्ण गिरावट ट्रम्प द्वारा अमेरिका में आने वाले लगभग सभी सामानों पर लगाए गए भारी टैरिफ के बाद आई है, जिससे यह आशंका पैदा हो गई है कि नई नीति से व्यापारिक साझेदारों में भारी नाराजगी पैदा हो सकती है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट आ सकती है। टैरिफ घोषणाओं के बाद निवेशकों ने सुरक्षित-संपत्तियों में पैसा लगाया। बुधवार को सोना 3,160 डॉलर प्रति औंस से ऊपर एक नए रिकार्ड पर पहुंच गया। दूसरी ओर, ट्रेजरी यील्ड्स में भारी गिरावट आई। 10 साल की ट्रेजरी यील्ड्स अक्टूबर के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई। सोना गुरुवार सुबह 3,060 डॉलर प्रति ट्राय औंस के ऊपर कारोबार करता दिखा। इसमें इस साल सोने में 19: तक की तेजी आई है। 1986 के बाद से सोने के लिए ये सबसे अच्छी तिमाही रही है।

# थाईलैंड में विश्व की सबसे यंग पीएम से मिले प्रधानमंत्री मोदी





**भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी, रामायण देखी, कहा इसकी कहानियां थाई लोगों के जीवन का हिस्सा**

**बैंकाक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिन के थाईलैंड दौरे पर पहुंचे हैं। यहां पर उन्होंने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा के साथ जाइंट प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। सबसे पहले पीएम मोदी ने 28 मार्च को भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद उन्होंने भारत और थाईलैंड के धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि सदियों पुराने संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कड़ियों से जुड़े हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे लोगों को जोड़ा है। रामायण की कहानियां थाई लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इससे पहले थाईलैंड की राजधानी बैंकाक पहुंचकर पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाक. ात की। इसके बाद थाई रामायण का मंचन देखा। यहां रामायण को रामाक. ेन कहा जाता है। इसके बाद पीएम मोदी ने थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा (38) से द्विपक्षीय मुलाकात की। वे दुनिया की सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री हैं। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने व्यापारिक संबंधों पर चर्चा की। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान थाईलैंड सरकार ने 18वीं शताब्दी के रामायण भित्ति चित्रों पर आधारित एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। पीएम मोदी ने कहा कि पीएम शिनवात्रा ने मुझे त्रिपिटक भेंट किया। बुद्ध भूमि भारत की ओर से, मैंने इसे श्रद्धा पूर्वक स्वीकार किया। पिछले साल भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत से थाईलैंड भेजे गए थे। मैं यह घोषणा करते हुए खुशी महसूस कर रहा हूं कि गुजरात के अरावली में 1960 में मिले भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भी थाईलैंड भेजे जाएंगे। पीएम ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पालिसी और हमारे इंडो पेसिफिक विजन में थाईलैंड का खास योगदान है। आज हमने अपने संबंधों को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का रूप देने का फैसला किया है। सुरक्षा एजेंसियों के बीच स्ट्रैटजिक डायलाग स्थापित करने पर चर्चा की गई। साइबर क्राइम के शिकार भारतीयों को वापस भारत भेजने में थाईलैंड सरकार से मिले सहयोग के लिए थाईलैंड सरकार का शुक्रिया। हमारी एजेंसी ह्यूमन ट्रैफिकिंग और अवैध माइग्रेशन के खिलाफ एकजुट होकर काम करेगी। उत्तर पूर्वी राज्यों और थाईलैंड के बीच टूरिज्म, कल्चर, एजुकेशन आदि क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच डैड, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट में सहयोग के लिए समझौता हुआ है। रिन्युएबल एनर्जी, डिजिटल टेक्नोलाजी, ई-व्हीकल्स, रोबोटिक्स, स्पेस, बायोटेक्नोलाजी और स्टार्ट अप में सहयोग बढ़ाने का फैसला लिया गया है। दोनों देशों के बीच फिनटेक कनेक्टिविटी बढ़ाने पर काम किया जाएगा। भारत ने थाई पर्यटकों के लिए ई-वीजा देना शुरू कर दिया है। पीएम मोदी और थाई पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने संयुक्त कांफ्रेंस के दौरान अपनी मुलाकात की तस्वीर दिखाई। थाईलैंड के प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर जा सकते हैं पीएम मोदी गुरुवार को पीएम मोदी थाईलैंड के ऐतिहासिक वात फो मंदिर भी जा सकते हैं। वात फो मंदिर बैंकाक में स्थित है और अपने विशाल लेटे बुद्ध द्धरिक्लाइनिंग बुद्धाऋ प्रतिमा के लिए फेमस है। वात फो थाईलैंड के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। इसमें 1,000 से अधिक बुद्ध प्रतिमाएं और 90 से अधिक स्तूप हैं।

# म्यांमार में भूकंप से मृतकों का आंकड़ा 3085 पर पहुंचा



**बैंकाक।** म्यांमार में करीब एक हफ्ते पहले आए भूकंप में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। बता दें कि, राहत और बचाव दल ने मलबे कई अन्य लोगों के शव बरामद किए हैं, इसके बाद मृतकों की संख्या 3085 तक पहुंच गई है। वहीं इस विनाशक. ारी भूकंप के बाद अभी चार हजार से ज्यादा लोग घायल है और कुल 341 लोग लापता हैं।

ये आंकड़े म्यांमार की सेना की तरफ से जारी किए गए हैं। बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था। जिससे हजारों इमारत जमींदोज हो गए और सड़कें बड़े-बड़े खाई में बदल गईं। स्थानीय मीडिया में हता. हतों की संख्या की रिपोर्ट आधिका. रिक आंकड़ों से कहीं अधिक है और दूरसंचार के व्यापक रूप से बंद होने और कई स्थानों तक पहुंचना मुश्किल होने के कारण, ऐसा माना जाता है कि ज्यादा जानकारी मिलने पर हताहतों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि उसके प्रारंभिक आकलन के अनुसार, चार अस्पताल और एक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं जबकि अन्य 32 अस्पताल और 18 स्वास्थ्य केंद्र आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि बुनियादी ढांचे के नुकसान और रोगियों की बढ़ती संख्या के कारण, सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच लगभग असंभव हो गई है। हजारों लोगों को देखभाल, चिकित्सा और बीमारी के प्रकोप के लिए उपचार की तत्काल आवश्यकता है।

म्यांमार की सेना ने 2021 में आंग सान सू की की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार से सत्ता छीन ली, जिससे गृहयुद्ध छिड़ गया। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भूकंप ने पहले से ही गंभीर मानवीय संकट को और बढ़ा दिया है, जिसमें तीन मिलियन से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं और लगभग 20 मिलियन लोग भूकंप से पहले ही जरूरतमंद थे। इसी बीच सेना ने बुधवार को 22 अप्रैल तक अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा की। यह घोषणा सैन्य शासन का विरोध करने वाले सशस्त्र प्रतिरोध समूहों की तरफ से घोषित एकतरफा अस्थायी युद्ध विराम के बाद की गई है।

# मोदी से मिलने को बेताब हैं यूनुस



**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के लिए बेताब हैं। वह थाइलैंड में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता चाहते हैं। दोनों नेता यहां पर बिमटेक समिट में हिस्सा लेंगे। 2018 के बाद बिमटेक सम्मेलन के नेताओं की पहली मुलाकात होगी।

ढाका ट्रिब्यून ने यूनुस के उच्च प्रतिनिधि खलीलुर रहमान के हवाले से कहा कि बांग्लादेश ने बैठक का अनुरोध किया है और हमारे पास उम्मीद बनाए रखने के लिए उचित आधार हैं। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी ने भी बैठक की संभावना से इनकार नहीं किया है, अगर ये बैठक होती है, तो दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव के माहौल के बीच होगी। भारत बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा चिंता व्यक्त कर चुका है। यही वजह है कि भारत बांग्लादेश को बहुत ज्यादा भाव नहीं दे रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे महापाप के बीच यूनुस पिछले हफ्ते चीन गए थे, जहां उन्होंने भारत के खिलाफ बयान दिया। यूनुस ने कहा कि भारत के सात राज्य, भारत के पूर्वी हिस्से, जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है, ये भारत के लैंडलाक्ड क्षेत्र हैं। समंदर तक उनकी पहुंच का कोई रास्ता नहीं है। इस पूरे क्षेत्र के लिए समंदर के अकेले संरक्षक हम हैं। इसलिए यह विशाल संभावना के द्वार खोलता है। उन्होंने आगे कहा कि इसलिए यह चीनी अर्थव्यवस्था के लिए विस्तार हो सकता है, चीजें बनाएं, उत्पादन करें, चीजें बाजार में ले जाएं, चीजें चीन में लाएं और बाकी दुनिया तक पहुंचाएं। उनकी टिप्पणी की भारत में कड़ी आलोचना हुई। उसे शर्मनाक और भड़काऊ बताया गया। यूनुस के बयान पर रिएक्ट करते हुए खलीलुर रहमान ने कहा कि बयान की गलत तरीके से लिया गया। उन्होंने कहा, यूनुस ने अच्छी नीयत के साथ बयान दिया। अगर लोग इसे अलग तरह से समझते हैं, तो हम इसे रोक नहीं सकते। हालांकि, मोदी-यूनुस की मुलाकात की संभावना का भारत में कई लोग स्वागत नहीं कर रहे हैं।

## बदलते वैश्विक हालात में सबको अपनी चिंता खुद करनी होगी: जयशंकर

**बैंकाक।** थाईलैंड में बिम्सटेक मंत्रीस्तरीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि दुनिया अब आत्मनिर्भरता के दौर में प्रवेश कर रही है और हर क्षेत्र को अपनी जरूरतों का खुद ख्याल रखना होगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने बताया कि अब छोटे सप्लाई चेन और करीबी पड़ोसी देशों का महत्व पहले से ज्यादा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि आज की सच्चाई यह है कि हम आत्मनिर्भरता के युग में प्रवेश कर रहे हैं। खाद्य पदार्थों, ईंधन, उर्वरकों, टीकों और आपदा प्रबंधन जैसी जरूरतों के लिए हर क्षेत्र को खुद पर भरोसा करना होगा। बता दें कि, विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर बिम्सटेक द्धबंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोगऋ की 20वीं मंत्रीस्तरीय बैठक में भाग लेने बैंकाक पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बिम्सटेक सम्मेलन में शामिल होंगे और समुद्री सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि श्दुनिया में बड़ा बदलाव हो रहा है।

झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap
For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्क्रब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499